

यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर रहाः आवेश खान 11

हर खबर पर हमारी पकड़

# नजफगढ़ मैट्रो

नई दिल्ली से प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक समाचार पत्र

अपनी फिल्मों की ट्रोलिंग से नहीं डरतीं सारा अली खान 12



वर्ष : 12, अंक : 81 , पृष्ठ : 12 | नई दिल्ली 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 | RNI NO. DELHIN/ 2009 28409 | मूल्य :- ₹5/


## ख़ास ख़बर

### बारिश के कारण भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले के कुछ इलाकों में रात भर हुई बारिश के बाद भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को रविवार को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यातायात विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर यातायात की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने के लिए किश्तवारी पथेर और मेहर-कैफेटेरिया मोड़ पर सड़क साफ करने का काम सुबह से ही जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आधी रात के आसपास बनिहाल क्षेत्र में नचलाना के पास किश्तवारी पाथेर में भारी भूस्खलन हुआ, जबकि मिट्टी धंसने से और पहाड़ी से पत्थर गिरने से रामबन शहर के पास मेहर-कैफेटेरिया मोड़ पर सड़क अवरुद्ध हो गई।

### कांग्रेस ने अजमेर के दो नेताओं को पार्टी में वापस लिया

**जयपुर।** कांग्रेस ने रविवार को अजमेर लोकसभा क्षेत्र के दो नेताओं का निष्कासन रद्द कर उन्हें वापस पार्टी में ले लिया है। पार्टी के एक प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। कांग्रेस से बगावत कर बसपा के टिकट पर मसूदा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके और वाजिद अली चीता और पुष्कर के पूर्व विधायक और पार्टी द्वारा टिकट नहीं दिए जाने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके डा गोपाल बाहेती अपने समर्थकों के साथ पार्टी में फिर से शामिल हो गए।

### उज्जैनः श्रद्धालु से मारपीट करने के आरोप में प्रसाद विक्रेता पर मामला दर्ज



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक श्रद्धालु पर अपनी दुकान से प्रसाद खरीदने का दवाब बनाने और उसके साथ मारपीट करने के आरोप में रविवार को एक विक्रेता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि घटना काल भैरव मंदिर के सामने हुई।

आरोपी विक्रेता की पहचान राजा भाटी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया, उसने (विक्रेता) श्रद्धालुओं पर उसकी दुकान से प्रसाद खरीदने का दवाब बनाया क्योंकि उनका (श्रद्धालुओं) वाहन उसकी दुकान के सामने खड़ा था। इसको लेकर विवाद हुआ और तीन भक्त एवं भाटी घायल हो गए।

## पीएम मोदी ने यूपी में मेरठ से चुनाव अभियान की शुरुआत की


# भ्रष्टाचारी चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, एक्शन जरूर होगा : नरेन्द्र मोदी

**एजेंसी/ मेरठ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जाट बहुल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ की रैली से लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया और कहा कि 2024 का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएगा। इस बीच उन्होंने विपक्षी दलों के समूह इंडिया गठबंधन पर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, एक्शन होगा, जरूर होगा। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, ए मोदी की गारंटी है।

यहां केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मैदान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), अपना दल (एस), निर्बल शोषित इंडियन हमारा आम दल (निषाद) और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्षों के साथ मंच साझा करते हुए मोदी ने राज्य में लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की और सबको राम-राम (पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभिवादन का तरीका) किया।

मोदी ने भरोसे के साथ कहा कि हमारी सरकार भी तीसरे कार्यकाल की तैयारी में अभी से जुट गई है। हम आने वाले पांच साल का रोड मैप बना रहे हैं। नई सरकार बनने के बाद पहले सौ



दिनों में हमे कौन- कौन से बड़े फैसले लेने हैं, इस पर तेजी से काम चल रहा है। भ्रष्टाचार के जिक्र के साथ विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा, साथियों बीते 10 वर्षों में देश ने देखा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कितनी बड़ी लड़ाई शुरू की है। मैं भ्रष्टाचार पर कार्वाई कर रहा हूं, इससे कुछ लोग बौखला गए हैं। वे अपना आपा खो बैठे हैं।

उन्होंने कहा, प्यारे देशवासियोंउ मैं कहता हूं, मोदी की गारंटी कहती है, मोदी का मंत्र है-भ्रष्टाचार हटाओ और वे कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा एनडीए (राजग) का जो भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है और दूसरा वो खेमा जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है, फैसला आपको करना है। मैं आज मेरठ की क्रांतिकारियों, वीरों की धरती से भ्रष्टाचारियों को साफ साफ कह रहा हूं भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लेंउ ए मोदी पर चाहे कितने भी हमले करें, ये मोदी है, रुकने वाला नहीं है।

### कच्चातिवु द्वीप को फालतू बताकर कांग्रेस ने मां भारती का एक अंग काट दिया : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विपक्षी दलों के समूह खासतौर से कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि श्रीलंका एवं तमिलनाडु के बीच सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कच्चातिवु द्वीप को फालतू बताकर कांग्रेस ने मां भारती का एक अंग काट दिया था। मेरठ से लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों मेरठ की इस धरती का देश की अखंडता और एकता से बड़ा रिश्ता रहा है। यह स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडेय की कर्मभूमि है। यह धरती धन सिंह कोतवाल जैसे शूरवीर की धरती है।

उन्होंने भावुकता भरे अंदाज में कहा, शौर्य की इस धरती से आज मैं पूरे देश को बताना चाहता हूं कि कैसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन देश की अखंडता एवं देश की एकता को तोड़ते रहे हैं। आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है।

इसके पहले मामले को लेकर उन्होंने रविवार सुबह सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश साझा किया था जिसमें कहा, आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली खबर। नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कैसे संवेदनाहीन ढंग से कच्चातिवु दे दिया था।

## अमित शाह ने सीकर में रोड शो कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरुआत की




**एजेंसी/ जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पार्टी उम्मीदवार एवं दो बार के सांसद स्वामी सुमेधानंद के साथ सीकर लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो किया। इससे पूर्व शाह जयपुर पहुंचे और रोड शो के लिए सीकर जाने से पहले जयपुर के एक होटल में पांच लोकसभा क्षेत्रों दौसा, करौली-धौलपुर, नागौर, चूरू और झुंझुनू के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की।

सीकर में अमित शाह, भजनलाल शर्मा और पार्टी प्रत्याशी सुमेधानंद ने खुले वाहन में रोड शो किया। रोड शो श्री कल्याण मंदिर से शुरू हुआ और न्यू दूजोद गेट, घंटाघर, जाट बाजार से होकर गुजरा और एक घंटे से अधिक समय में लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय करते हुए टपरिया बगीची में समाप्त हुआ।

रोड शो पर लोगों ने फूल बरसाए और भाजपा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य नेताओं के समर्थन में नारे लगाए। शाह ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी।

जाट बाहुल्य सीकर लोकसभा सीट पर कांग्रेस गठबंधन की सहयोगी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के उम्मीदवार अमराराम चुनाव लड़ रहे हैं। सीकर सीट पर माकपा के पूर्व विधायक अमराराम का मुकाबला भाजपा के दो बार सांसद रहे सुमेधानंद से है।

सीकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का गृहनगर भी है। डोटासरा का विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ सीकर लोकसभा सीट में आता है।सीकर लोकसभा सीट के तहत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है।

राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे और सीकर उन 12 सीट में शामिल है जहां 19 अप्रैल को पहले चरण में चुनाव होंगे।पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीट टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

## विपक्ष ने केजरीवाल और सोरेन के लिए आवाज उठाई, लोकतंत्र बचाने और निष्पक्ष चुनाव पर जोर दिया

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने रविवार को दिल्ली के सीएम केजरीवाल और झारखंड के पूर्व सीएम सोरेन के पक्ष में आवाज बुलंद की तथा देश में लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने तथा लोकसभा चुनाव में निष्पक्षता सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने भाजपा द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को लेकर भी सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि पीएम मोदी चुनाव




में मैच फिक्सिंग की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सोरेन के समर्थन और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाओ महारैली के मंच पर पहुंचे। एससीपी के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, माकपा के महासचिव सीताराम एचुरी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की सुप्रीमो महबूबा मुफ्ती जनसभा में शामिल हुए।

## ईडी ने गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क की

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपए की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। ईडी ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं।इसमें कहा गया है कि चीकू अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के अपराध से अर्जित पैसों को ठिकाने लगा रहा था और अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति अर्जित कर रहा था। चीकू वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और उसे इस मामले में फरवरी में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था।जांच में पाया गया कि निमावत ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से नारनौल में खनन कारोबार में चीकू की कथित अवैध संलिप्तता थी। सुरेंद्र सिंह चीकू ने अपने बहनोई विकास कुमार को इस कंपनी में निदेशक और शेयरधारक के रूप में पेश किया, जिसे नारनौल में बखरीजा खदानों में खनन का पट्टा दिया गया था। इस सौदे के जरिए सुरेंद्र सिंह चीकू और विकास कुमार ने बिना व्यावसायिक निवेश के 2.84 करोड़ रुपए की उगाही की।

## मोदी चार अप्रैल को बिहार में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे

**एजेंसी/ पटना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार अप्रैल को जमुई में एक रैली करके बिहार में चुनावी बिगुल फूंकेंगे। जमुई में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख एवं जमुई से मौजूदा सांसद चिराग पासवान ने यह घोषणा की। चिराग पासवान ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपनी सीट बदल ली है और जमुई सीट अपने बहनोई अरुण भारती को दी है।

चिराग पासवान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारे कार्यकर्ताओं के लिए बहुत गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में अपना प्रचार अभियान जमुई से शुरू करेंगे। पासवान अपने दिवंगत पिता राम विलास पासवान के गढ़ हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे। पासवान ने एक पोस्टर भी साझा किया, जिसमें भारती की तस्वीर के साथ प्रधानमंत्री की तस्वीर छपी है। पासवान ने कहा, मैं इस मौके पर जमुई के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार की सभी 40 सीट जीतेगा और देशभर में 400 से अधिक सीट का लक्ष्य हासिल करेगा। उनकी पार्टी बिहार में पांच सीट पर चुनाव लड़ रही है।

## मोहित यादव ने यूएस ओपन कराटे चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल




**टेक्सास/शिवकुमार यादव**



अमेरिका के टैक्सास के फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में चल रही यूएस ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारत के मोहित यादव ने 75 प्लस कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीत कर देश का नाम रोशन किया है। कराटे खिलाड़ी मोहित यादव दिल्ली देहात के कापसहेड़ा गांव के रहने वाले हैं। मोहित की इस जीत पर कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ने मोहित यादव व उसके कोच भारत यादव को बधाई दी है। मोहित के गांव में इस खबर के बाद खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने मिठाइयां बाट कर मोहित की जीत का जश्न मनाया।

## गोवा में आप की रिश्वत राशि का खुलासा आयकर, सीबीआई की जांच में भी हुआ

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

सीबीआई और आयकर विभाग ने भी अलग-अलग जांच में ईडी के दावे की पुष्टि की है कि दिल्ली आबकारी मामले में 45 करोड़ रुपए की कथित रिश्वत का इस्तेमाल आप ने 2022 के गोवा चुनाव प्रचार के लिए किया। अदालत में दाखिल दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। इस मामले में ईडी हवाला ऑपरेटर और अंगड़िया के एक विस्तृत नेटवर्क की भी जांच कर रही है। ईडी ने आबकारी मामले में हाल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और दावा किया था कि कोष के कथित धन शोधन के लिए केजरीवाल और उनकी




पार्टी पर मुकदमा चलाया जा सकता है।ईडी ने 45 करोड़ रुपए की कथित रिश्वत राशि के लेन-देन को स्थापित करने के लिए पांच अंगड़िया फर्म संचालकों के बयान भी दर्ज किए हैं।

अंगड़िया हवाला जैसी अनौपचारिक कूरियर और बैंक सेवाएं हैं जिनका इस्तेमाल विशेष रूप से हीरे और आभूषण क्षेत्र के व्यवसायों द्वारा सरकारी करों और देनदारी से बचने के लिए केवाईसी-आधारित औपचारिक बैंकिंग मार्ग से बचते हुए बड़ी नकद राशि और अन्य कीमती सामान स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है। ईडी द्वारा इस मामले में गिरफ्तार किए गए 16 प्रमुख लोगों में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान पार्षद के. कविता, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह शामिल हैं।आप और उसके नेताओं ने किसी भी गड़बड़ी के आरोपों से बार-बार इनकार किया है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि यह मामला भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा आप को भ्रष्ट पार्टी के रूप में पेश करने के लिए माहौल बनाने का प्रयास है।

## रूपाला के राजकोट स्थित आवास की सुरक्षा बढ़ाई गई

**एजेंसी/ रायचूर**

केंद्रीय मंत्री और गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार परषोत्तम रूपाला के इस महीने की शुरुआत में चुनावी रैली में दिए गए एक बयान को लेकर क्षत्रिय समुदाय के विरोध प्रदर्शनों के बीच उनके आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रूपाला ने कहा था कि कई क्षत्रिय शासकों ने अतीत में अंग्रेजों का साथ दिया था। इस बयान से समुदाय के सदस्य आक्रोशित हो गए और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उनकी उम्मीवारी वापस लेने का अनुरोध किया और ऐसा नहीं करने पर हार के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। सहायक पुलिस आयुक्त बी.जे. चौधरी ने रविवार को कहा, हमने (राजकोट शहर में) रूपाला के आवास पर सुरक्षा कड़ी कर दी है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। एहतियात के तौर पर बंदोबस्त किया गया है।

## प. यूपीः मुस्लिम बहुल सीटों पर टिकी निगाहें

**एजेंसी/ लखनऊ**

देश में होने वाले आम चुनाव के पहले चरण की तारीख नजदीक आ रही है और उत्तर प्रदेश में इन चुनावों में पश्चिमांचल की रामपुर, मुरादाबाद और संभल समेत कई मुस्लिम बहुल सीटों पर सबकी निगाहें टिकी हुई है, जहां मुस्लिम मतदाताओं की हिस्सेदारी 23 से 42 प्रतिशत के बीच है। वर्ष 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा, सपा और रालोद गठबंधन ने पश्चिमांचल के मुस्लिम बहुल क्षेत्र में खासी सफलता हासिल की थी, लेकिन इस बार समीकरण बिल्कुल बदल गए हैं।

प्रदेश में जहां बसपा ने अकेले चुनाव मैदान में है, वहीं पश्चिमांचल की जाट बिरादरी में असर रखने वाला रालोद इस बार भाजपा के साथ खड़ा है जबकि सपा उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर मैदान में है जो पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से प्रदेश में अपनी खोई जमीन तलाश रही है। सभी दल और गठबंधन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बना रहे हैं, लेकिन पिछले कई चुनावों के रुझानों पर नजर डालें तो पश्चिमांचल में ध्रुवीकरण एवं जातीय समीकरण ही हार-जीत का आधार रहे हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिन लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं का बाहुल्य है उनमें रामपुर (42 प्रतिशत), अमरोहा (32 प्रतिशत), सहारनपुर (30 प्रतिशत), बिजनौर, नगीना और मुरादाबाद (28-28 प्रतिशत), मुजफ्फरनगर (27 प्रतिशत), कैराना और मेरठ (23-23 प्रतिशत) और सम्भल (22 प्रतिशत) शामिल हैं। इसके अलावा बुलंदशहर, बागपत और अलीगढ़ में मुस्लिम मतदाताओं की भागीदारी (19-19 फीसद) हैं। अगर मुस्लिम मतदाता एकजुट होकर किसी एक पार्टी या गठबंधन को वोट दें तो वे परिणाम बदलने का माद्दा रखते हैं।वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मुस्लिम-दलित बहुल सहारनपुर, बिजनौर, नगीना और अमरोहा सीटों पर जीत हासिल की थी

## भाजपा ने कांग्रेस मंत्रियों के ऑफिस में राजनीतिक गतिविधियों की शिकायत की

**एजेंसी/ बेंगलुरु**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से राज्य की कांग्रेस सरकार के मंत्रियों और विधायकों के कार्यालयों में राजनीतिक गतिविधियां आयोजित किए जाने को लेकर रविवार को शिकायत की। पार्टी विधायक एवं पूर्व मंत्री एस सुरेश कुमार के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी शिकायत में मंत्रियों तथा विधायकों के सरकारी भवनों में राजनीतिक गतिविधि को रोकने का आग्रह किया।भाजपा ने एक बयान में कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार का मानना है कि विधान सौध कांग्रेस का एक कार्यालय है। 30 मार्च को शिवकुमार ने विधान सौध कार्यालय में नजमा नजीर को कांग्रेस पार्टी में शामिल करने का आयोजन करके चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया। इसमें आरोप लगाया गया कि शिवकुमार इस बात से वाकिफ थे

खास ख़बर


## टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची दिल्ली चैलेंजर



**नई दिल्ली/अनीशा चौहान/-** सिटी क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 रन से जीत दर्ज कर दिल्ली चैलेंजर ने प्रथम कल्पना चावला महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में दिल्ली चैलेंजर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 102 रन बनाए। बल्लेबाज प्रिया गौड़ ने 35 रन और दीपिका चंद ने 23 रन की पारी खेली। तारा बिष्ट (3/20) और प्रिया गौड़ (2/13) ने दमदार गेंदबाजी करते हुए जवाब में उतरी सिटी क्रिकेट टीम को 87 पर ही ढेर कर दिया। पराजित टीम की ओर से आयुषी सोनी ने 36 रन बनाए और तीन विकेट भी चटकाए। मुख्य अतिथि अशोक वासवानी और आशु गुप्ता ने तारा बिष्ट को विमेन आफ द मैच और आयुषी सोनी को फाइटर आफ द मैच अवार्ड से सम्मानित किया।

## रूस में व्लादिमीर पुतिन बने पांचवीं बार राष्ट्रपति

**मॉस्को/सिमरन मोरया/-** रूस में व्लादिमीर पुतिन पांचवी बार राष्ट्रपति बन गये है। श्री पुतिन ने राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर बड़ी जीत हासिल की है। जीत के बाद पुतिन ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत पर दुःख जताते हुए इसे एक दुःखद घटना बताया। उन्होने कहा कि हालांकि वह फरवरी में आर्कटिक जेल में विपक्षी नेता की अचानक मौत से पहले एलेक्सी नवलनी से जुड़े कैदियों की अदला-बदली के लिए सहमत हो गए थे। रविवार को चुनाव मुख्यालय से अपने संबोधन में पुतिन ने कहा कि चाहे कोई हमें डराने की कितनी भी कोशिश कर ले, चाहे कोई भी हमें, हमारी इच्छाशक्ति को, हमारी चेतना को दबाने की कोशिश कर ले, इतिहास में ऐसा काम आज तक कोई नहीं कर पाया है, न अब होगा और न भविष्य में होगा। रूसी संघ के केंद्रीय चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पुतिन 87.17 प्रतिशत वोट प्राप्त करके राष्ट्रपति चुनाव जीता। अपने संबोधन में पुतिन ने कहा कि जहां तक नवलनी का सवाल है - हां, उनका निधन हो गया। यह एक दुखद घटना है। केवल एक शर्त थी कि हम उसके बदले में उसे वापस न आने देंगे। ऐसी चीजें होती रहती हैं। आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते, यह जीवन का हिस्सा है।




रूसी जेल सेवा का हवाला देते हुए बताया कि 16 फरवरी को जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मृत्यु हो गई। रूसी जेल ने घोषणा की कि नवलनी टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस करने लगे और जिसके बाद लगातार उनके स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई। पुतिन ने कहा कि चुनावों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया है और रूस के लिए आगे कई काम हैं क्योंकि वह पश्चिम के साथ टकराव का अपना रास्ता जारी रखे हुए है।

# इस्कॉन द्वारका में फूलों की होली से पहले शोभा यात्रा

● शोभा यात्रा और संकीर्तन में दिखेगा प्रेम और भक्ति का रंग ● रविवार को द्वारका शहर की गलियों में हरिनाम संकीर्तन

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/ -** होली से कई दिन पूर्व ही इसकी धूमधाम देखने को मिल जाती है। बस इंतज़ार होता है इसके आगमन का जिसे पूरे उमंग और उत्साह से मनाने के लिए सब तैयार रहते हैं। ऐसी ही कुछ शानदार तैयारियाँ दिल्ली के श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर इस्कॉन द्वारका ने भी पूरी कर ली हैं। जी हाँ, 17 मार्च रविवार को होली से सप्ताह भर पूर्व 'गौर-निताई शोभा यात्रा' निकाली जा रही है, जिसमें रंग-बिरंगे फूलों की होली उत्सव के लिए स्वयं चैतन्य महाप्रभु अपने बड़े भाई नित्यानंद प्रभु के साथ रथ पर सवार होकर अपन भक्तों को निमंत्रण देने निकलते हैं।

फूलों की होली का आकर्षण बिलकुल ऐसे ही रहता है, जैसे ब्रज में भगवान श्रीकृष्ण के साथ फूलों की होली खेली जा रही हो। यहाँ आप बिलकुल ऐसा ही आनंद ले सकेंगे और अपने दुखों व परेशानियों के दायरे से बाहर निकल कर कुछ पल हँसी-खुशी के बिता सकेंगे। इससे पूर्व गली-गली, शहर-शहर में चारों ओर घरों-सोसाइटियों के बाहर नगर हरि नाम संकीर्तन यात्रा निकाली जा रही है ताकि सभी श्री गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद प्रभु के बारे में जानें, विचारें और उनके







बारे में समझने का प्रयास करें। इस्कॉन द्वारका में आयोजित इस शोभा यात्रा के वरिष्ठ प्रबंधक अर्चित प्रभु का कहना है किङ्क ÷शोभा यात्रा में स्वयं भगवान का रथ पर बैठकर भक्तों को दर्शन देना अपने आप में बहुत महत्व रखता है। और फूलों की होली के लिए वे अपने भक्तों को आमंत्रित भी करते हैं कि आप ब्रजवासियों की तरह इस्कॉन द्वारका मंदिर के प्रांगण में भी फूलों की होली खेल सकते हैं। इसीलिए यह भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आगामी सप्ताह यानी 25 मार्च को होने वाले गौर पूर्णिमा होली उत्सव में भाग लेने के लिए आप तैयार हो जाएँ। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि इस बार यह शोभा यात्रा शाम 5 बजे सेक्टर 13 इस्कॉन मंदिर के पीछे से चलकर आरंभ होगी। फिर एमआरवी स्कूल से होते हुए रेड लाइट क्रॉसिंग से होते हुए सीधे मुड़ेगी। फिर डीपीएस स्कूल से होते हुए सेक्टर 2 और 6 की मार्केट के चौक से निकलेगी। फिर गुरुद्वारा साहिब चौक से डीएवी स्कूल तक जाएगी। इसके बाद कुछ देर रुकते हुए ट्रू फ्रेंड्स अपार्टमेंट्स और कामाक्षी अपार्टमेंट्स से होते हुए सेक्टर 6 और 10 की मार्केट से होते हुए आशीर्वाद चौक व के एम चौक से होते हुए वापस सेक्टर 13 इस्कॉन मंदिर पहुँचेगी।

शोभा यात्रा से पूर्व शाम 4 बजे भगवान को उनके प्रिय व्यंजन 56 भोग अर्पित किए जाएँगे जैसेङ्क खाजा, मालपुआ, रसगुल्ला, गुलाबजामुन, रबड़ी, छेना, पीठा, खीर, डालमा, खजूर व नारियल की चटनी, कच्चे केले की सब्जी, खिचड़ी और चावल व कई नमकीन पकवानों के साथ अनेक व्यंजन शामिल रहेंगे। हरि नाम संकीर्तन एवं नृत्य करते हुए इस शोभा यात्रा उत्सव में आप अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर गौर-निताई का दर्शन कर उनकी कृपा प्राप्त करें।अंत में सभी भक्तजन भगवान का प्रसाद ग्रहण करें।

## चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीमकोर्ट ने फिर लगाई एसबीआई को फटकार

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड को लेकर चल रही सुनवाई के बीच एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को फटकार लगाई है। यह तीसरी बार है जब एससी ने एसबीआई को सख्त लहजे में आदेश दिये हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को चुनावी बॉन्ड को लेकर एक-एक जानकारी देने के आदेश दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 21 मार्च शाम पांच बजे तक सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को सौंपने के आदेश दिये है।

चुनावी बॉन्ड से जुड़े सभी विवरण का खुलासा करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि एसबीआई को विवरण का खुलासा करने में चयनात्मक नहीं होना चाहिए। हम चाहते हैं कि चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी सार्वजनिक की जाए, जो भी एसबीआई के पास है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने एसबीआई से सभी विवरण का खुलासा करने को कहा था और इसमें चुनावी बॉन्ड नंबर भी शामिल थे। एसबीआई चुनावी बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी दे। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि जो भी जानकारी है सबका खुलासा किया



जाए। एसबीआई हमारे आदेश का पालन करे।

**'हर जानकारी को हम देंगे, कोई भी छिपाकर नहीं रखेंगे'**

एसबीआई की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हम चुनावी बॉन्ड के नंबर समेत सभी जानकारी देंगे। बैंक अपने पास मौजूद किसी भी जानकारी को छिपाकर नहीं रखेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसबीआई एक हलफनामा दायर कर यह भी बताएगा कि उसने कोई जानकारी नहीं छिपाई है। कोर्ट ने कहा कि एसबीआई 21 मार्च शाम पांच बजे तक सारी जानकारी उपलब्ध कराएं। इस बीच, केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अंतिम उद्देश्य काले धन पर अंकुश लगाना था और शीर्ष अदालत को पता होना चाहिए कि इस फैसले को अदालत के बाहर कैसे खेला जा रहा है।

## पुतिन ने नाटो को दी तीसरे विश्वयुद्ध की चेतावनी





**मॉस्को/शिव कुमार यादव/-** व्लादिमीर पुतिन ने रूस का राष्ट्रपति चुनाव जीतते ही अमेरिका व नाटो को बड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नाटो गठबंधन से रूस का संघर्ष हुआ तो इसका मतलब ये होगा कि यह दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध से महज एक कदम दूर होगी और शायद ही कोइ्र ऐसी परिस्थिति देखना चाहेगा।

पुतिन ने अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा रूस के चुनाव की आलोचना करने पर खुद अमेरिका के लोकतंत्र का मजाक उड़ाया और कहा कि 'पूरी दुनिया उन (अमेरिका) पर हंस रही है, वहां क्या हो रहा है।' पुतिन ने ट्रंप के खिलाफ पूरी स्टेट मशीनरी को लगाए जाने का भी आरोप लगाया। पुतिन के विरोधी माने जाने वाले एलेक्सी नवलनी की मौत पर पुतिन ने पहली बार उनके नाम का जिक्र किया और कहा कि अब वह मर चुके हैं और उनकी मौत पर दुख जताया। नवलनी की बीते दिनों ही रूस की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। नवलनी को पुतिन का विरोधी माना जाता था। नवलनी की मौत के आरोप पुतिन पर ही लगे थे। पांचवी बार रूस की सत्ता संभालने जा रहे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया कि अभी भी नाटो के सैनिक यूक्रेन में मौजूद और यूक्रेन की तरफ से लड़ रहे हैं। बता दें कि साल 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस और पश्चिमी देशों के संबंध सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने बीते महीने ही भविष्य में यूक्रेन में अपने सैनिकों को उतारने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया। इस बारे में जब पुतिन से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 'आज के आधुनिक दौर में कुछ भी संभव है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो तीसरा विश्वयुद्ध ज्यादा दूर नहीं है।' रूस को पता चला है कि युद्ध के मैदान में इंग्लिश और फ्रेंच भाषा बोलने वाले जवान भी मौजूद हैं। ये अच्छी बात नहीं है, खासकर उनके लिए क्योंकि वे बड़ी संख्या में यहां मर रहे हैं।'

पुतिन ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था। पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर कहा कि फ्रांस बातचीत में अहम भूमिका निभा सकता है क्योंकि अभी भी सबकुछ खत्म नहीं हुआ है। पुतिन ने कहा कि 'मैंने पहले भी कहा है, और मैं अब भी कहता हूं कि हम बातचीत के लिए तैयार है और ये बातचीत सिर्फ इसलिए नहीं होगी क्योंकि दुश्मनों के पास गोला-बारूद खत्म हो चुका है। अगर वे सचमुच गंभीर हैं

## क्या आपको पता है:- दिल्ली में बेटी होने पर सरकार देती है 35 हजार रूपये



**नई दिल्ली/विशेष खबर/शिव कुमार यादव/-** देश में बेटियों की अच्छी पढ़ाई व अच्छी परवरिश के लिए देश के सभी राज्यों में बेटियों के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है ताकि देश में स्त्री-पुरूषों के बीच के अनुपात को ठीक किया जा सके और बेटियों की जन्मदर में बढ़ौतरी हो सके। इसी के तहत दिल्ली में भी हर बेटी के जन्म पर सरकार 35 हजार रूपये देती हैं। यह योजना दिल्ली लाडली योजना के तहत चलाई जा रही है। इस योजना के तहत सरकार बेटी के नाम पर कुछ पैसे बैंक खाते में जमा कराती है। जिसके घर भी बेटी का जन्म होता है, वो इस योजना के लिए आवेदन कर सकता है। अगर कोई तीन साल से दिल्ली में रहता है तो वो इस योजना में आवेदन करने के लिए योग्य है। योजना में आवेदन करने के तुरंत बाद सरकार की तरफ से बेटी के खाते में पैसे डाले जाते हैं। दिल्ली सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक इस योजना में वो लोग आवेदन कर सकते हैं, जिनकी सालान आय 1 लाख रुपये तक है। इसके लिए दिल्ली में कम से कम तीन साल से रहना जरूरी है। यानी अगर आप तीन साल से दिल्ली में रहते हैं तो बेटी होने पर आप इस सरकारी योजना में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आपको बेटी पैदा होने के एक साल के भीतर नजदीकी जिला कार्यालय या महिला एवं बाल विकास विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अगर बेटी का जन्म घर पर हुआ है तो रजिस्ट्रेशन कराते ही दिल्ली सरकार की तरफ से 10 हजार रुपये बेटी के खाते में जमा कराए जाएंगे, वहीं अगर सरकारी अस्पताल या फिर प्रसूति गृह में बेटी हुई है तो सरकार 11 हजार रुपये जमा कराती है।

## घर से दरीद्रता रहेगी कोसों-दूर, रूठी लक्ष्मी को मनाने के लिए होलिका दहन पर करें ये 4 खास उपाय



**नई दिल्ली/अनीशा चौहान/-** भारत में रंगो का त्योहार यानी होली कुछ ही दिनों में दस्तक देने वाला है। इस साल होली 25 मार्च 2024 को मनाई जा रही है, वहीं होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा। बता दें, होली का त्योहार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। होलिका दहन की रात को महासिद्धि की रात कहा जाता है। इस दिन कुछ खास उपाय करने से शुभ फल प्राप्त होता। हिंदू धार्मिक के अनुसार, होलिका दहन की रात तंत्र साधना करने वालों के लिए बेहद फलदाई होती है। चलिए जानते हैं, होली के दिन करने के कुछ उपायों के बारे में जिससे आप आर्थिक तंगी से छुटकारा पा सकते हैं। होलिका दहने के शुभ अवसर पर जब आप गड्ढा खोदते समय उसमें थोड़ी सी पीतल, चांदी और लोहा साथ में दबा दें। इसके बाद होलीका की पूजा करें। पूजा करने बाद, होली की राख ठंडी होने के बाद इन धातुओं को निकाल कर उससे एक छल्ला बनाकर शुक्रवार के दिन अपनी बीच वाली उंगली में धारण कर लें। अगर आप ऐसा करते हैं तो माती प्रसन्न हो सकती हैं और आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल सकता है।

**पान के पत्तों से करें ये उपाय**

पान केपत्तेमाता लक्ष्मी को खूब प्रिय होते हैं। होलिका दहन के शुभ अवसर पर 7 पान के पत्ते लेकर 7 बार होलिका की परिक्रमा करते हुए हर एक परिक्रमा में पान का पत्ता होलिका में अर्पित करते जाएं। 7 बार परिक्रमा करते दौरान 7 पत्तों को होलिका में अर्पित कर दें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी आप से प्रसन्न होती है और घर में सुख-समृद्धि का वास होगा।

**नारियल से करें उपाय**

नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है। बता दें, नारियल का पत्ता भी मां लक्ष्मी को बेहद प्रिय होता है। अगर आप होलिका दहन के समय नारियल करते हैं तो घर की आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ अगर आप होलिका दहन के समय होलिका में नारियल के साथ पान और सुपारी चढ़ाने से घर की आर्थिक तंगी दूर होती है।

## सत्येन्द्र जैन को जाना होगा जेल, सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं की खारिज

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में चली 17 जनवरी 2024 की सुनवाई पर सोमवार को फैसला सुनाते हुए आप नेता सत्येन्द्र जैन की नियमित जमानत वाली याचिका को खारिज कर दिया है और उन्हे तुरंत सरेंडर करने का आदेश दिया है। बता दें कि आप नेता श्री जैन पिछले 10 महीने से जमानत पर बाहर थे। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी और प्रवर्तन निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद 17 जनवरी 2024 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। 14 दिसंबर 2023 को शीर्ष अदालत ने मामले में आप सरकार के पूर्व मंत्री जैन को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत 8 जनवरी तक बढ़ा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है। जैन ने मामले में उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली हाईकोर्ट के 6 अप्रैल 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। ईडी ने आप नेता को उनसे जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से धन शोधन के आरोप में 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने जैन को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2017 में उनके खिलाफ दर्ज सीबीआई एफआईआर के आधार पर गिरफ्तार किया था।

## चुनावों में गड़बड़ी न होती अगर पाकिस्तान में होतीं ईवीएम- इमरान खान

**इस्लामाबाद/सिमरन मोरया/-** एक तरफ भारत में विपक्ष लगातार सरकार पर ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगातार लगाता रहा है वहीं दूसरी तरफ पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में ईवीएम को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान ने पाकिस्तान में चुनावों में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग को घेरते हुए कहा है कि अगर पाकिस्तान में ईवीएम होती तो चुनावों में गड़बड़ी नही होती। हालांकि, देश की घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान



की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। उन्होने कहा कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही भ्रष्ट थी। अदियाला जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक ने एक पत्रकार से बातचीत के दौरान कहा, अगर आज ईवीएम होतीं तो एक घंटे के अंदर मतदान में गड़बड़ियों के सारे मुद्दे सुलझा लिए जाते। इमरान ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग, कुछ राजनीतिक दलों और 'संस्थान' ने देश में ईवीएम लाने की योजना को बर्बाद कर दिया। रिपोर्टर्स से बातचीत के दौरान इमरान ने कहा कि आम चुनाव में जनता के जनादेश को चुराने वालों पर देशद्रोह के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। इमरान ने अमेरिका में आईएमएफ के दफ्तर के बाहर हुए प्रदर्शनों का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने इसमें पाकिस्तानी सेना के विरोध में लगे नारेबाजी से खुद को दूर कर लिया। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बात करते हुए इमरान ने कहा कि मुश्किल में पड़ी इकोनॉमी को संभालना मौजूदा सरकार के लिए नामुमकिन है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि उनकी पार्टी ने देश को आर्थिक संकट में छोड़ा। इमरान खान ने कहा कि 2018 में जब पीएमएल-एन सरकार से गई तब व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर पहुंच चुका था और हमारे पास आईएमएफ के पास जाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं था।

चुनावी | जहां होगी उम्मीदवार, मतदाता व मुद्दों की खास पड़ताल, आएं, जुड़ें और देखें

## चुनावी जंगः पश्चिम दिल्ली का दौरा, नजफगढ़ मैट्रो न्यूज के साथ

**नजफगढ़/शिव कुमार यादव/-** नजफगढ़ मैट्रो न्यूज जल्द लोकसभा चुनावों पर एक शानदार पॉडकास्ट शो शुरू करने जा रहा है जिसमें सबसे पहले चुनावी जंग के तहत पश्चिमी दिल्ली का दौरा नाम से शो का नजफगढ़ मैट्रो न्यूज चैनल पर प्रसारण होगा।

**'परिचयः'**

चुनावी जंगः पश्चिम दिल्ली का दौरा एक पॉडकास्ट शो होगा जो पश्चिम दिल्ली क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनावों के बारे में विस्तृत कवरेज प्रदान करेगा। इस शो के माध्यम से हम दर्शकों को उम्मीदवारों, मुद्दों, और मतदाताओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी और विश्लेषण प्रदान करेंगे।

**'उद्देश्यः'**







चुनावी जंगः पश्चिम दिल्ली का दौरा का मुख्य उद्देश्य दर्शकों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में सही जानकारी प्रदान करना है और उन्हें सकारात्मक रूप से सहभागिता के लिए प्रेरित करना है।

**'शो की संरचनाः'**

1. 'उम्मीदवार प्रोफाइलः' सभी पश्चिम दिल्ली क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के विस्तृत प्रोफाइल दिखाएंगे।

2. 'स्थानीय मुद्दों का प्रकाशः' शो में स्थानीय मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जैसे कि विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, और रोजगार।

3. 'मतदाता जागरूकता अभियानः' मतदान की प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण दिशा-निर्देश, मतदान केंद्र स्थान, और मतदान के अधिकतम महत्व का समझाया जाएगा।

4. 'लाइव कवरेज और विश्लेषणः' चुनाव के दिन और परिणाम घोषणा के दौरान, हम पश्चिम दिल्ली से लाइव कवरेज प्रदान करेंगे।

5. 'इंटरैक्टिव सवाल-जवाब सत्रः' हम अपने दर्शकों के साथ लाइव सवाल-जवाब सत्र आयोजित करेंगे।

**'उत्पादन और प्रसारणः'**

शो को उच्च गुणवत्ता के ऑडियो उपकरणों के साथ उत्पादित किया जाएगा और इसे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्मों पर प्रसारित किया जाएगा।

**निष्कर्षः**

चुनावी जंगः पश्चिम दिल्ली का दौरा एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में कार्य करेगा और पश्चिम दिल्ली में नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा।

खास खबर

## खाटू श्याम मंदिर पपरावट में चतुर्थ श्याम संकीर्तन महोत्सव 20 अप्रैल को




**नजफगढ़/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** हर साल की तरह इस साल भी सावन की एकादशी पर होली के पवित्र त्यौहार के उपलक्ष्य में श्री खाटू श्याम बाबा का चतुर्थ श्याम संकीर्तन खाटू श्याम मंदिर पपरावट में किया जायेगा। 21 अप्रैल को सुबह यज्ञ व भंडारे का विधिवत रूप से आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष व समाज सेवी विक्रम यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी खाटू श्याम मंदिर पपरावट का चतुर्थ संकीर्तन महोत्सव 20 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राधा-कृष्ण मंदिर से सुबह खाटू श्याम मंदिर के लिए निशान यात्रा निकाली जायेगी। जिसका जगह-जगह पर श्रद्धालु व भक्तजन फूल बरसाकर स्वागत करेंगे। सावनी एकादशी पर मंहत श्री बसंतानन्द जी महाराज की अध्यक्षता में बाबा का भव्य श्रृगांर किया जायेगा तथा छप्पन भोग का भोग लगाया जायेगा। कीर्तन सुबह 11 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें हिमांशु वशिष्ठ व राधिका ठाकुर बाबा का गुणगान करेंगे। म्यूजिकल ग्रुप के विनय व चन्द्र साउंड व दरबार का काम संभालेंगे। उन्होने भक्तजनों व श्रृद्धालुओं श्री खाटू श्याम मंदिर नांनिग वाला पपरावट नजफगढ़ पंहुचने का अनुरोध किया।

## सुप्रीमकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी है। साथ ही, शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष से हाईकोर्ट जाने को कहा है। दरअसल, मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने इस विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करने का फैसला लिया था। पीठ ने मुस्लिम पक्ष को आदेश दिया, याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को वापस लेने का आह्वान किया है। हम उच्च न्यायालय के समक्ष पुनर्विचार याचिका को पुनर्जीवित करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान एसएलपी को खारिज करते हैं। हाईकोर्ट का कहना था कि ये सभी मुकदमे एक ही तरह के हैं और इनमें एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है। ऐसे में, समय बचाने के लिए इन मुकदमों की सुनवाई एक साथ होनी चाहिए। हिंदूवादी ने उच्च न्यायालय के समक्ष आवेदन में कहा कि 25 सितंबर, 2020 को मथुरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के समक्ष मूल मुकदमा दायर किए जाने के बाद, 13.37 एकड़ भूमि के संबंध में कई अन्य मुकदमे दायर किए गए थे। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था, ये मुकदमे समान प्रकृति के हैं। इन मुकदमों में कार्यवाही की जा सकती है और सामान्य साक्ष्य के आधार पर मुकदमों का फैसला एक साथ किया जा सकता है। अदालत का समय बचाने के लिए, होने वाले खर्च को बचाया जा सकता है।शीर्ष अदालत पहले से ही मस्जिद समिति द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर विचार कर रही है, जिसमें मथुरा अदालत के समक्ष लंबित विवाद से संबंधित सभी मामलों को खुद को स्थानांतरित करने के उच्च न्यायालय के 26 मई, 2023 के आदेश को चुनौती दी गई है।

# बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने डीटीयू 10के चैलेंज में गाड़े जीत के झंडे

### 5 किलोमीटर दौड में सचिन व 10 किलोमीटर दौड़ में राजा ने किया पहला स्थान हासिल







**नई दिल्ली/बहादुरगढ़/शिव कुमार यादव/-** बीते रविवार को दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 10 के चैलेंज में बहादुरगढ़ में ग्रुप के 70 धावको ने हिस्सा लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 17 मार्च को डीटीयू यूनिवर्सिटी द्वारा दिल्ली मैराथन ग्रुप के साथ मिलकर डीटीयू 10के चैलेंज का आयोजन किया।

दीपक छिल्लर ने बताया कि चैलेंज में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप नेटॉर्च बैरियर के रुप मे काम किया। इस चैलेंज में करीब 850 धावको ने भाग लिया जिसमें 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर दौड़ का आयोजन कराया गया। यह आयोजन दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कैंपस में हुआ जिसमें सभी छात्रो ने और अलग-अलग ग्रुपों के धावको में बच्चे, बडे, बूढ़े, जवान सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नीरज छिल्लर ने फ्रंट लाइन में आकर कमान को संभाला। वहीं बैक हैंड पर धीरज छिल्लर, दीपक छिल्लर, अरुण विजयरन और दिल्ली मैराथन ग्रुप रहा। मुख्य अतिथि के रूप में वाइस चांसलर प्रोफेसर प्रतीक शर्मा जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में रजिस्ट्रार प्रोफेसर मधुसूदन जी ने फ्लैग ऑफ कर दौड़ का शुभारंभ किया तथा सभी विजेताओं को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। बी आर जी ग्रुप के प्रवीन सांगवान,दीपक छिल्लर, बादल तेवतिया, राकेश डबास, शक्ति राणा, डा सुरेंदर सहरावत, सुभाष यादव, बह्म प्रकाश मान को अम्बेस्डर, मोटिवेटर के रुप मे मोमटो देकर सम्मानित किया गया। नारी शक्ति को दिखाते हुए डॉ किरण छिल्लर, रिंकी राणा, अंजना, नमिता, उर्मिला, सतेंदर, शालू, विजय, अमनजोत, सोनिया सिंह और बच्चो मे विहान छिल्लर ने पेसर की भुमिका निभाई। बी आर जी ग्रुप से ओपन में 5 किलोमीटर दौड में सचिन ने प्रथम स्थान तथा 10 किलोमीटर में राजा ने पहला स्थान हासिल किया। वही आयु वर्ग 5 किमी 40. में राकेश डबास ने प्रथम स्थान, धर्मवीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। राजेश ने 5 किमी मे 50. में प्रथम स्थान,10 किमी दौड में किरण नरूला ने आयु वर्ग मे 40. मे द्वितीय स्थान, सुषमा सहरावत ने 10 किमी पहला स्थान गुडगाँव मे आयोजित एक ओर दौड मे चदंन कुमार ने अरावली ट्रेल रन 8 किमी में प्रथम स्थान हासिल किया।

वृंदा विजयरन, समर विजयरन, सौरभ शौकीन, सनी राणा, सुमित राणा, रविता विजयरन, शैलेन्द्र वर्मा, सिल्की राणा, रिंकी राणा, मनीषा गहलौत, नीतू, दीपेन्द्र, नवीन राणा, धीरज, हर्षवर्द्धन हुडा, राजेश स्वामी, शलभ खरे, रत्नेश सिंह, अमनदीप, राम सिंह, सुनील सिकरी, यश कुमार यादव, नवनीत, कुलवंत, गौरव, किरण नरूला, नरेंद्र जांगड़ा, रणबीर जी, सुषमा सहरावत, मुन्नी देवी, निकुंज ,कौशल शर्मा, अनुराग गोयल, गुलाब सिंह, रणबीर सिंह सांगवान, आकाश कुमार, लक्ष्मण, राजा भोजराज, जसवीर जुन, संदीप, सचिन, किरन छिल्लर, राम, धर्मवीर, तरुण, सवीटी, संदीप छिल्लर ने सफलतापूर्वक दौड पूरी कर समाज और यूथ को फिटनेस का संदेश दिया। बहादुरगढ़वासियों ने सभी विजेताओ को ढेर सारी शुभकामनाए दी तथा ऐसे ही बहादुरगढ शहर का नाम रोशन करने की कामना की।

## यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किले बढ़ी, अब हरियाणा पुलिस भी करेगी पूछताछ



**गुरूग्राम/शिव कुमार यादव/-** नोएडा पुलिस द्वारा सांपों के जहर की तस्करी से जुड़े केस में यूट्यूबर एल्विश यादव की गिरफ्तारी के बाद से उसकी मुश्किले कम होने का नाम नही ले रही है। एल्विश यादव के खिलाफ एक बाद एक केस खुलता जा रहा है। बिग बॉस ओटीटी विनर व यूट्यूबर एल्विश यादव को अब गुरुग्राम पुलिस एक मारपीट के मामले में पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर उत्तर प्रदेश से हरियाणा लेकर आएगी। उससे यूट्यूबर मैक्सटर्न से मारपीट से जुड़े केस में पूछताछ की जाएगी। इसके लिए गाजियाबाद कोर्ट में याचिका लगाने की तैयारी की जा रही है। बात दें कि 2 दिन पहले नोएडा पुलिस एल्विश यादव को सांपों के जहर की तस्करी से जुड़े केस में गिरफ्तार कर चुकी है। वह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में चल रहा है। वहीं एल्विश यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर 7 मार्च को गुरुग्राम की एक शॉप में यूट्यूबर मैक्सटर्न उर्फ सागर ठाकुर से मारपीट की थी। 8 मार्च को मारपीट का वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में एल्विश यादव मैक्सटर्न को थप्पड़ मारते हुए नजर आए। यूट्यूबर ने एल्विश यादव पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। इसके बाद गुरुग्राम के सेक्टर 53 थाने में एल्विश समेत 8 से 10 लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 149, 323, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया था।


## चुनाव आयोग ने आईपीएस विवेक सहाय को बनाया बंगाल का डीजीपी



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** पश्चिमी बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार को हटाने के कुछ घंटे बाद ही निर्वाचन आयोग ने आईपीएस विवेक सहाय को पश्चिमी बंगाल का नया डीजीपी नियुक्त किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि चुनाव आयोग ने राजीव कुमार के प्रतिस्थापन के रूप में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नाम मांगे थे। इसके बाद सहाय के अलावा संजय मुखर्जी (1989 बैच) और डॉ. राजेश कुमार (1990 बैच) के नाम भेजे गये थे। आयोग ने सहाय को तीनों में सबसे वरिष्ठ के रूप में चुना है। सहाय महानिदेशक एवं कमांडेंट जनरल (होमगार्ड) के पद पर तैनात थे। सहाय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सुरक्षा के भी प्रभारी थे।

## ईडब्ल्यूएस ऑनलाइन दाखिले के लिए कमेटी गठित करे उपराज्यपाल- पंचायत संघ

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दिल्ली पंचायत संघ ने ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में दाखिले की प्रक्रिया को लटकाने पर दिल्ली सरकार की साजिश बताते हुए उपराज्यपाल से ईडब्ल्यूएस कोटे के ऑनलाइन दाखिले के लिए कमेटी गठित करने की मांग की है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली सरकार पर गरीबों के बच्चों के दाखिले को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर उपराज्यपाल से मांग की कि चुनाव को देखते हुए ईडब्ल्यूएस ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया को स्कूल प्रशासन अभिभावकों के सामने ड्रा करके कराएं। क्योंकि दिल्ली देहात के गांवों, अनधिकृत कॉलोनी के गरीब बच्चों के ईडब्ल्यूएस ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया को लेकर दिल्ली सरकार साजिश कर रही है। क्योंकि 1 अप्रैल से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो जाएगा। और अभी तक दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसलिए ऑनलाइन ईडब्ल्यूएस सेंट्रलाइज्ड दाखिले की प्रक्रिया को लेकर उपराज्यपाल एक कमेटी गठित करें। जिसमें दिल्ली 360 गांवों की दिल्ली पंचायत संघ व अभिभावक संगठनों के पदाधिकारियों को शामिल करें। पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा व पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव ने कहा की ईडब्ल्यूएस ऑनलाइन ड्रा में धांधली रोकने के लिए दाखिले की प्रक्रिया को स्कूलों में अभिभावकों के सामने कराएं।ओर स्कूलों



के नजदीक रहने वालों गरीब छात्रों व जिस गांव की जमीन पर स्कूल है उनके बच्चों व नजदीक के गांवों ओर गरीबों के बच्चों को सो फीसद आरक्षित कर दाखिला करें।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की जहां समय-समय पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ईवीएम पर विरोध दर्ज कराते है। तो उनके द्वारा ईडब्ल्यूएस ऑनलाइन दाखिले को सही नहीं माना जा सकता। इसकी जांच होनी चाहिए। अगर दिल्ली सरकार इस पर ईमानदारी से काम नहीं करेगी तो आगामी चुनावो में विरोध दर्ज करायेंगे।

## दिल्ली में अमित शाह से मिले राज ठाकरे, महाराष्ट्र में एक बार सियासी हलचल तेज

● डिप्टी सीएम अजीत पवार ने की देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात



**नई दिल्ली/मुंबई/शिव कुमार यादव/-** लोकसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही पूरे देश में सीटों के बंटवारें को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। महाराष्ट्र की राजनीति में भी मुंबई से लेकर दिल्ली तक सियासी हलचल जारी है। इसी दौरान दिल्ली पहुंचे राज ठाकरे ने भाजपा के राष्ट्रीय सचीव विनोद तावड़े व गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर इस हलचल को और तेज कर दिया है। जिसे लेकर मुंबई में डिप्टी सीएम अजित पवार दूसरे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिलने उनके निवास पहुंचे। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी स्थिति पर नजर रखने के लिए अपने निवास पर पार्टी के सांसदों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं।

**उम्मीदवारों की लिस्ट हो सकती है जारी**

ठाणे में सीएम एकनाथ शिंदे के साथ सीट बंटवारे और एमएनएस के महायुति (बीजेपी के नेतृत्व वाला गठबंधन) में शामिल होने के बाद के समीकरणों पर चर्चा कर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अगले 24 से 36 घंटों में शिवसेना (शिंदे गुट) के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी हो सकती है। **सुप्रिया सुले ने राज ठाकरे को लेकर दिया बयान**

एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता सुप्रिया सुले ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि अगर राज ठाकरे आईएनडीआईए ब्लॉक में आते हैं तो उनका सम्मान जरूर करना चाहिए। मंगलवार को उन्होंने कहा कि राज ठाकरे अगर दिल्ली गए हैं तो देखते हैं कि वह किसके साथ मुलाकात करते हैं। ये समय भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ लड़ने का है।' आगे उन्होंने बताया कि, भारत गठबंधन और महाविकास अघाड़ी भ्रष्टाचार के खिलाफ और सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं। अगर एमएनएस गठबंधन में आती है तो उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# द्वारका जिला पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली/सिमरन मोरया/-** द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने दो कुख्यात चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की दो मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन और ताला तोड़ने वाला यंत्र भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया आरोपी राजन पर पहले से ही 50 से अधिक चोरी, डकैती और अवैध यंत्रों के मामले दर्ज हैं। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि ऋ्रस्टीम को एमवी चोरी की एक गुप्त सूचना मिली थी। क्षेत्र में हो रहे चोरी के मामलों को रोकने के लिए प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाई हुई है। सूचना के मुताबिक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एएटीएस प्रभारी कमलेश कुमार, एसआई धनंजय, एचसी रामरे, एचसी राजेश और सीटी पूजा की एक समर्पित टीम का गठन किया गया। आरोपी व्यक्तियों को पकड़ने के लिए आदेश अनुसार टीम ने एक्शन लिया और बताए गए क्षेत्र का विश्लेषण किया। टीम ने क्षेत्र में जगह-जगह लगाए गए सीसीटीवी फुटेज को छान मारा। आरोपी व्यक्ति राजन और उसके साथी करण के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने के लिए गुप्त मुखबिरों को भी क्षेत्र में भेजा गया। टीम को फुटेज की सहायता से क्षेत्र में हो रहे अवैध गतिविधियों से बाईक पर घूम रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों पर शक हुआ और समय रहते उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी व्यक्तियों ने अपना नाम राजन उर्फ शेखर और करण बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक मोबाइल फोन और शटर तोड़ने वाला यंत्र भी बरामद हुआ। जिस बाइक पर वे घूम रहे थे वो भी उत्तम नगर में चोरी की हुई थी। पुलिस ने बताया राजन हाल ही में जेल से छूट कर आया है। अपने अपराधों का खुलासा करते हुए बताया, उतरी दिल्ली में हुई चोरी के मामले में वह शामिल था। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है ताकि और मामलों का खुलासा हो सके।

## सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 36 लाख के चार इनामी नक्सली कमांडरों को किया ढेर

**छत्तीसगढ़/महाराष्ट्र/शिव कुमार यादव/-** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमा पर सुरक्षाबलों के साथ हुई नक्सलियों की मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 36 लाख के चार इनामी नक्सली कमांडरों को ढेर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सी-60 कमांडो को नक्सलियों के मूवमेंट की जानकारी मिली थी, जिसके बाद से आसपास नाकाबंदी कर दी गई और नक्सलियों को घेर लिया। दोनों तरफ से फायरिंग की गई और एनकाउंटर में 4 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। मरने वाले नक्सलियों की पहचान वर्गीश, मंगतु, कुरसम राजू और वेंकटेश के रूप में हुई है। वहीं घटनास्थल से एक एके 47, एक कार्बाइन, दो पिस्टल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक के सामान बरामद हुए हैं। वहीं इससे पहले 4 मार्च को छत्तीसगढ़ पुलिस ने कांकेर में एक नक्सली को ढेर कर दिया था। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी शहीद हो गया था। इस दौरान पुलिस ने इनपुट के आधार पर इलाके में अभियान शुरू किया था। कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना इलाके के हिदुर गांव के पास सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम ने एक नक्सली को मार गिराया था। लेकिन ऑपरेशन पुलिस की बस्तर फाइटर्स के कांस्टेबल रमेश कुरेठी मुठभेड़ में मारे गए। वहीं घटना स्थल से एक एके-47 राइफल बरामद हुई थी।

घोषणा | पशुपति पारस ने बिहार में सीट शेयरिंग पर कहा- हमारे साथ नाइंसाफी हुई

# पहले गठबंधन टूटा, अब मोदी कैबिनेट से पशुपति पारस का इस्तीफा

**पटना/शिव कुमार यादव/-** रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए में हमारे साथ नाइंसाफी हुई। इससे पहले एनडीए की बिहार सीट शेयरिंग में पशुपति पारस को कोई सीट नही दी गई थी जिसके चलते वह नाराज थे। उन्होने आगे कहा कि अब मैं तय करूंगा कि कहां जाना है। मंगलवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ये ऐलान किया।

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा, 5-6 दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि मैं तब तक इंतजार करूंगा जब तक एनडीए सीटों की घोषणा नहीं करती। मैंने बहुत ईमानदारी से एनडीए की सेवा की। पीएम नरेंद्र मोदी देश के बड़े नेता हैं, लेकिन हमारी पार्टी और व्यक्तिगत रूप से हमारे साथ नाइंसाफी हुई। इसलिए मैं



केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा देता हूं।

सोमवार को बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए एनडीए ने शीट शेयरिंग की घोषणा कर दी। भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हम के बीच सीटों का बंटवारा हो गया। वहीं, इस बंटवारे में पशुपति कुमार पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोजपा को एक भी सीट नहीं मिली है। उनकी पार्टी को पूरी तरह से गठबंधन के अंदर इग्नोर कर दिया गया है। तब से वे नाराज हैं। सूत्रों के मुताबिक पशुपति पारस की पार्टी राजद के संपर्क में हैं। संभावना जताई जा रही है कि आज या कल में वे बड़ा ऐलान कर सकते हैं। पशुपति पारस ने पहले ही कह दिया है कि वो हर हाल में हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। अब एनडीए में ये सीट चिराग को मिली है। सूत्रों के अनुसार एनडीए के अंदर जगह नहीं मिलने से नाराज पशुपति कुमार पारस राजद के संपर्क में आ गए हैं। 5 सीटों के लिए इनकी बात भी हुई है। संभावना है कि हाजीपुर समेत जो सीटें एनडीए में चिराग पासवान की पार्टी को मिली है। वहीं, सीटें महागठबंधन में पशुपति कुमार पारस को मिल सकती है। मतलब, जिन सीटों पर चिराग अपने उम्मीदवार उतारेंगे, उनके खिलाफ चाचा भी अपने उम्मीदवार देंगे। मंगलवार को पशुपति कुमार पारस दिल्ली से पटना आ रहे हैं। इसके काफी कुछ स्पष्ट होगा। बुधवार को वो पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी कर सकते हैं। पारस के इस्तीफे पर तेजप्रताप यादव ने कहा कि उन्होंने बहुत अच्छा फैसला लिया है। पहले ही एनडीए छोड़ देना चाहिए था। एनडीए में नाइंसाफी होती रहती है। इंडी गठबंधन में आने के सवाल पर कहा कि अगर वो आते हैं तो उनका स्वागत है। मैं तो खास तौर से उनका वेलकम करूंगा। साथ ही कहा कि मेरी भविष्यवाणी है


खास ख़बर

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया पशुपति पारस का इस्तीफा स्वीकार, इस मंत्री को मिली मंत्रालय की जिम्मेदारी



**मानसी शर्मा / -** लोकसभा चुनाव होने से पहले एनडीए से सीट शेयरिंग को लेकर बात नहीं बनने के बाद आरएलजेपी के अध्यक्ष पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसे अब राष्टपति द्रोपदी मुर्मू ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्पति ने निर्देश दिया है कि कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का प्रभार सौंपा जाए। बता दें, पशुपति पारस फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज का मंत्रालय संभाल रहे थे। अब ये जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को सौंपी गई है। राष्ट्पति के सचीव की प्रेस रिलीज में कहा गया था कि प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 75 के खण्ड (2) के तहत राष्ट्पति ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद से पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। मंगलवार (19 मार्च) को आरएलजेपी अध्यक्ष पशुपति पारस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने बिहार में भारतीय जनता पार्टी पर एनडीए की सीट शेयरिंग को भेदभाव करने का आरोप लगाया है। दरअसल, पशुपति पारस सीट शेयरिंग में चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) को 5 लोकसभा सीटें मिलने से नाराज हैं। खासतौर पर वो इसलिए नाराज हैं क्योंकि उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई और इसका ऐलान करने से पहले एक बार भी उनसे बात तक नहीं की गई।

## लंबे वीकेंड का आपके काम पर नहीं पड़ेगा असर, आयकर विभाग ने रद्द कीं 29 और 31 मार्च की छुट्टियां




**मानसी शर्मा / -** अगर आपका भी इनकम टैक्स से जुड़ा कोई काम है तो उसे निपटाने के लिए अभी तक आपके पास सिर्फ 3 दिन थे। चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2024 को खत्म हो रहा है। इस दिन रविवार है। वहीं, शुक्रवार को गुड फ्राइडे की छुट्टी थी और 29 मार्च को शनिवार की छुट्टी थी। इस हिसाब से देखा जाए तो अगले हफ्ते भी लंबा वीकेंड आने वाला था। ऐसे में आपके पास टैक्स से जुड़े काम निपटाने के लिए सिर्फ तीन दिन बचे थे। लेकिन आयकर विभाग ने इस लंबे वीकेंड को रद्द करने का फैसला किया है। बता दें कि, आयकर विभाग ने एक आदेश में कहा है कि लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने के लिए पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च 2024 को खुले रहेंगे। योग्य टैक्सपेयर्स को असेसमेंट ईयर 2021-22 (वित्त वर्ष 2020-21) के लिए 31 मार्च 2024 तक अपडेटेड इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना होगा, क्योंकि ऐसा करने की यह आखिरी तिथि है।

# शर्मनाक: एक बार फिर दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी दिल्ली

### स्विस संगठन आईक्यूआर की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दिल्ली एक बार फिर से विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। स्विस संगठन आईक्यूआर द्वारा विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में इसका बड़ा खुलासा किया गया है। हालांकि दिल्ली की स्वच्छता को लेकर आम आदमी पार्टी बड़े-बड़े दांवे करती आई है लेकिन इस रिपोर्ट ने आप के दांवों की पोल खोलकर रख दी है। हालांकि अभी तक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस बाबत कोई बयान नही दिया है।

एक नई रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की पहचान सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले राजधानी शहर के रूप में की गई है। स्विस संगठन आईक्यूआर द्वारा विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 के अनुसार, औसत वार्षिक पीएम 2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के साथ, भारत 2023 में बांग्लादेश (79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) और पाकिस्तान (73.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) के बाद 134 देशों में से तीसरी सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला शहर था। 2022 में, भारत को औसत पीएम 2.5 सांद्रता 53.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ आठवें सबसे प्रदूषित देश के रूप में स्थान दिया गया था। 118.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की औसत पीएम 2.5 सांद्रता के साथ बेगुसराय वैश्विक स्तर पर सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र के रूप में सामने आया। दिल्ली का पीएम 2.5 स्तर 2022 में 89.1 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से खराब होकर 2023 में 92.7 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच गया। राष्टीय राजधानी को 2018 से लगातार चार बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा दिया गया। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में 1.36 बिलियन लोग पीएम 2.5 सांद्रता का अनुभव करते हैं जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित 5 माइक्रोग्राम के वार्षिक दिशानिर्देश स्तर से अधिक है। देश के 66 प्रतिशत से अधिक शहरों में वार्षिक औसत 35 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है। आईक्यूआर ने कहा कि इस रिपोर्ट को बनाने के लिए उपयोग किया गया डेटा 30,000 से अधिक के वैश्विक वितरण से एकत्र किया गया था। 2022 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में 131 देशों, क्षेत्रों और क्षेत्रों के 7,323 स्थानों का डेटा शामिल था।

## द्वारका जिला पुलिस ने भगोड़े अपराधी को पहुंचाया सलाखों के पीछे




**नई दिल्ली/सिमरन मोरया/-** द्वारका जिला पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को दिल्ली के जनकपुरी से गिरफ्तार किया है। समीर कोहली अपनी वारदातों को अंजाम देने के बाद स्थान बदलकर रहता था। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया की एएटीएस टीम को एक आरोपी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जो खुद पर लगे मुकदमों से बचने के लिए स्थान बदलकर रहता था। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर सहित एएटीएस प्रभारी कमलेश कुमार, एचसी संदीप, एचसी राजेश कुमार की देख रेख में किया गया। सूचना के मुताबिक टीम ने आरोपी व्यक्ति समीर को गिरफ्तार करने के लिए क्षेत्र का विश्लेषण किया। गुप्त मुखबिरों ने बताया कि आरोपी व्यक्ति जिला केन्द्र जनकपुरी में किसी से मिलने आएगा। जानकारी के अनुसार पुलिस ने समीर को जनकपुरी में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम समीर कोहली बताया और वह उत्तम नगर का निवासी है। उस पर हो रहे मुकदमे से बचने के लिए वह स्थान बदलकर रहता था ताकि अपनी सजा से बच सके। समीर की गिरफ्तारी के बाद उसे पुलिस रिमांड के लिए भेजा गया और टीम आरोपी व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। पुलिस अन्य कई अपराधों का खुलासा होने की संभावना बता रही है।

## पाक ने की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक, 8 लोगों की मौत,



**काबुल/शिव कुमार यादव/-** पाकिस्तान फौज ने 17-18 की रात को अफगानिस्तान के कई क्षेत्रों में एयरस्ट्राइक की। पाक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर उत्तरी वजीरिस्तान जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया। इस हमले में 8 से 10 आतंकियों की मारे जाने की खबर है। वहीं तालिबान ने इस हमले को लापरवाह बताया, कहा कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। साथ अफगानी सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने पाक सरकार को अंजाम भुगतने की भी चेतावनी दी। पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तानी तालिबान के कई संदिग्ध ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों में सोमवार को आठ लोग मारे गए। जबकि पाकिस्तानी सेना ने कहा कि मारे गए लोग आतंकवादी थे, जिनमें एक वांछित आतंकवादी कमांडर भी शामिल था। बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन के संचालन के दौरान, गहन गोलीबारी के बाद, एचवीटी (उच्च-मूल्य लक्ष्य) आतंकवादी कमांडर सेहरा जानन सहित आठ आतंकवादियों को नरक भेज दिया गया। वह 16 मार्च को मीर अली में सुरक्षा बलों की पोस्ट पर आतंकवादी हमले की साजिश में शामिल था और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अत्यधिक वांछित था। इसमें कहा गया है कि क्षेत्र में पाए गए किसी भी अन्य आतंकवादी को खत्म करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है क्योंकि सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अफगान अंतरिम सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने हमलों की निंदा की, उन्हें अफगान क्षेत्र का उल्लंघन बताया और पाकिस्तान से अपने आंतरिक मुद्दों के लिए अफगानिस्तान को दोष देने से बचने का आग्रह किया।

जबीहुल्लाह ने कहा कि लगभग 3 बजे, पाकिस्तानी विमानों ने पाकिस्तान की सीमा के पास खोस्त और पक्तिका प्रांतों में नागरिक घरों पर बमबारी की। उन्होंने दावा किया कि मारे गए सभी आठ लोग महिलाएं और बच्चे थे। मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तानी विमानों ने पक्तिका के बरमल जिले के लमान इलाके में बमबारी की है।

## द्वारका जिला पुलिस ने एक खतरनाक ऑटो-लिफ्टर को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली/सिमरन मोरया/-** द्वारका जिला पुलिस की पीएस टीम ने एक कुख्यात चोर को डस्ट लैंड सेक्टर-3 द्वारका से गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी व्यक्ति से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस ने बताया आरोपी व्यक्ति प्रमोद पर पहले से ही स्नैचिंग, अवैध हथियार, सेंधमारी, चोरी और डकैती के 39 मामले दर्ज हैं। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि बिंदापुर थाने की पीएस टीम को एक ऑटो-लिफ्टर की गुप्त सूचना मिली, जो क्षेत्र में अवैध हथियारों के साथ गलत इरादे से घूम रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रहे चोरी, डकैती के मामलों को रोकने के लिए प्रशासन ने नियंत्रण टीम का गठन किया हुआ है। सूचना के मुताबिक इंस्पेक्टर की देखरेख में एचसी राजू राम, एचसी योग राज, एचसी सुनील, एचसी मुकेश, सीटी राजेश और सीटी संदीप की एक समर्पित टीम तैयार की गई। आरोपी व्यक्ति को पकड़ने के लिए टीम ने आदेश अनुसार एक्शन लिया और बताए गए क्षेत्र का दौरा किया। टीम ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने के लिए गुप्त मुखबिरों को भी काम पर लगाया गया। पुलिस ने सार्वजनिक लोगों से भी पूछताछ की और अवैध हथियार, गोला-बारूदो के साथ घूम रहा आरोपी व्यक्ति को उसी समय द्वारका सेक्टर-3 डस्ट लैंड से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक जिंदा कारतूस और एक पिस्टल बरामद हुआ। जिस बाइक पर वो घूम रहा था, वह भी चोरी की थी।

## तमिलनाडु में भाजपा और पीएमके के बीच हुआ गठबंधन



**नई दिल्ली/तमिलनाडु/शिव कुमार यादव/-** सोमवार को तमिलनाडु में भाजपा व पीएमके यानी पट्टाली मक्कल काची के बीच लोकसभा चुनावों को लड़ने को लेकर गठबंधन हो गया। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने के अपने फैसले की घोषणा के एक दिन बाद, पीएमके को भाजपा ने तमिलनाडु में 39 में से 10 लोकसभा सीटें दी हैं। तमिलनाडु में पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को सभी 39 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस डील पर तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के. अन्नामलाई और पीएमके के संस्थापक एस. रामदास ने हस्ताक्षर किए। दरअसल, लोकसभा से ठीक पहले च्डझ ने 18 मार्च को घोषणा की कि वह भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होगी और तमिलनाडु में आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पीएमके के सूत्रों ने कहा कि यह फैसला पार्टी के संस्थापक एस रामदॉस और अध्यक्ष अंबुमणि रामदॉस की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया हालांकि, पार्टी के ज्यादातर पदाधिकारियों और कैडरों ने कथित तौर पर एआईएडीएमके के साथ गठबंधन को प्राथमिकता दी। पीएमके महासचिव वदिवेल रावनन ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा पीएमके संस्थापक रामदास बुधवार (20 मार्च) को करेंगे। इससे पहले वदिवेल रावनन ने सोमवार को बताया था कि पीएमके ने भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है। निर्वाचन क्षेत्रों और उम्मीदवारों के संबंध में पीएमके संस्थापक रामदास जल्द ही जानकारी देंगे।

पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदास ने सीटों पर सहमति बनने के बाद मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा, ÷पिछले दस वर्षों से पीएमके दिल्ली में एनडीए का हिस्सा रही है। हमें खुशी है कि हम एनडीए में शामिल हैं. पिछले 57-58 वर्षों में देखा गया है कि पार्टियों ने यहां शासन किया है और तमिलनाडु को बर्बाद कर दिया है। लोग बदलाव चाहते हैं, पीएम मोदी निश्चित रूप से तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे.

## हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे चिराग पासवान, खुद किया ऐलान

**मानसी शर्मा / -** लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में दो दिनों से ह्ष्ठ का माथापच्ची चल रही थी। इसी बीच चिराग पासवान ने हाजीपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने खुद इस बात की घोषणा की हैं। हाजीपुर सीट उनकी परंपरागत सीट रही हैं। 2024 में अपने पिता की सीट पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा चल रही है, कुछ नामों का सुझाव बिहार संसदीय बोर्ड द्वारा आया है उस पर भी चर्चा हुई है। हाजीपुर सीट से के प्रत्याशी के रूप में मैं खुद चुनाव लड़ूंगा। लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर (रामविलास) अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा, हम बिहार कूच कर जाएंगे।

## 'उसने मुझ पर भी हमला करने की कोशिश की', भाई ने सुनाई आंखों देखी दास्तां



**मानसी शर्मा / -** यूपी के बदायूं में दो नाबालिग भाइयों की दर्दनाक हत्या कर दी गई। इस मामले के मुख्य आरोपी साजिद पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। तो वहीं दूसरा आरोपी जावेद फरार चल रहा है। वहीं अब इस मामले के चश्मदीद मृतक बच्चों के भाई ने इस दर्दनाक घटना के बारे में बताया है। इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने नाई की दुकान में आग लगा दी है जिससे शहर में तनाव की स्थिति है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान मृतक का भाई युवराज दो हत्यारोपित के चंगुल से बच गया था उसने बताया,'सैलून वाला आदमी यहां आया था। वह मेरे भाइयों को ऊपर ले गया, मुझे नहीं पता कि उसने उन्हें क्यों मारा। उसने मुझ पर भी हमला करने की कोशिश की, लेकिन मैंने उसका चाकू छीन लिया, उसे धक्का दिया और नीचे भाग गया। मेरे हाथ और सिर में चोटें आईं। दो लोग (आरोपी) यहां आए थे।'

यह पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बाबा कॉलोनी का है। जावेद यहां सैलून की दुकान चलाता था। सोमवार को उसका पड़ोस में रहने वाले एक दंपती से किसी बात पर झगड़ा हो गया। उस समय आसपास के लोग दोनों शांत हो गए। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को जावेद ने पड़ोसी के घर में घुसकर उसके बेटे अन्नू (11), आयुष (6) और एक अन्य पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आयुष और आहान की मौत हो गई, जबकि तीसरा बच्चा युवराज अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। वहीं इस मामले में साजिद के पिता और चाचा को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।

## संजय मुखर्जी होंगे पश्चिम बंगाल के नए डीजीपी





**कोलकाता/शिव कुमार यादव/-** काफी उठापटक के बाद आखिर पश्चिमी बंगाल को उसका नया डीजीपी मिल ही गया। निर्वाचन आयोग ने फायर डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी संभाल रहे संजय मुखर्जी को आखिर पश्चिमी बंगाल का डीजीपी नियुक्त कर सभी चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। अब 1989 बैच के आईपीएस संजय मुखर्जी पूर्ण रूप से पश्चिमी बंगाल के डीजीपी होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को आईपीएस संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का नया डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) नियुक्त किया है। एक दिन पहले आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार और 6 राज्यों के गृह सचिवों को पद से हटा दिया था। इसके बाद आयोग ने राज्य सरकार से तीन नाम मांगे थे। सरकार ने विवेक सहाय, संजय मुखर्जी और राजेश कुमार का नाम दिया था। राजीव कुमार के हटने के बाद एक दिन के लिए अंतरिम डीजीपी के तौर पर विवेक सहाय ने पद संभाला था। संजय मुखर्जी 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और अब तक फायर डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वहीं, पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट में सचिव बना दिया गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए ये कदम उठाए गए हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को 6 राज्यों के गृह सचिवों को भी हटाने का आदेश दिया था। 2016 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले विपक्ष ने डीजीपी राजीव कुमार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया था। उस वक्त भी चुनाव आयोग ने पद से हटाया था। फरवरी 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले सारदा चिट फंड घोटाले के आरोप में सीबीआई ने कुमार के घर बिना सर्च वारंट रेड डाली थी। जिस पर ममता ने 70 घंटे धरना दिया था। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले एक बार फिर राजीव कुमार अपने पद से हटाए गए। इस बार शाहजहां शेख की हाई कोर्ट के दबाव के बाद देरी से हुई गिरफ्तारी और सीबीआई को उसे सौंपने में अड़ियल रवैया वजह बना है। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने डीजीपी को हटाए जाने की कार्रवाई को गलत बताया। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि भाजपा चुनाव आयोग समेत कई संगठनों को हथियाने की पूरी कोशिश कर रही है।

मंत्रिमंडल | हरियाणा में नायब सैनी कैबिनेट में मंत्रियों संख्या कुल 13 हुई

# नायब सैनी मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, 8 मंत्रियों ने ली शपथ



**चंडीगढ़/शिव कुमार यादव/-** हरियाणा में काफी जद्दोजहद के बाद आखिर नायब सैनी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। मंगलवार को नायब सैनी मंत्रिमंडल में 8 मंत्रियों ने शपथ ली जिसे मिलाकर अब सैनी मंत्रिमंडल में कुल 13 मंत्री हो गये है। बीते दिनों मनोहर लाल खट्टर के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा ने नायब सिंह को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया। वहीं फ्लोर टेस्ट में भी नायब सिंह को बहुमत मिला, जिसके बाद से नायब सिंह हरियाणा के नए मुख्यमंत्री बने। सीएम बनने के बाद आज प्रदेश में नायब सिंह अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राजभवन में मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। आज आठ विधायकों ने शपथ ली है। वहीं पिछली बार 5 कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। इस तरह से अब नायब कैबिनेट में कुल 13 मंत्री बनाए जा चुके हैं।

**इन लोगों ने ली शपथ-**

1- हिसार से विधायक कमल गुप्ता ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने संस्कृत में शपथ है। ये दो बार के विधायक भी रह चुके हैं।

2- सैनी कैबिनेट में पहली महिला मंत्री बनी सीमा त्रिखा। ये बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक हैं। पिछले दो बार से विधायक हैं सीमा त्रिखा। सीमा पंजाबी कोटे से मंत्री बनीं हैं। सीमा त्रिखा मुख्य संसदीय सचिव भी रह चुकी हैं।

3- महिपाल ढांडा ने भी नायब कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली है। ढांडा ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ ली है। ढांडा पानीपत ग्रामीण से दो बार के विधायक हैं। ये किसान मोर्चा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

4- असीम गोयल भी नायब सिंह सैनी की कैबिनेट में मंत्री बने। उन्होंने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली है। बता दें कि नायब सिंह अंबाला से विधायक हैं।

5- अभय सिंह यादव भी नायब कैबिनेट में शपथ ले रहे हैं। बता दें कि अभय सिंह यादव नांगल चौधरी विधानसभा सीट से विधायक हैं। अभय सिंह रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर हैं, जिन्होंने दूसरी बार विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की है और विधायक बने हैं।

6- सुभाष सुधा ने भी नायब कैबिनेट में शपथ ली है। वह थानेसर विधानसभा सीट से विधायक हैं। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के बेहद करीबी माने जातें हैं सुभाष सुधा।

7- विशंभर सिंह वाल्मिकी ने भी शपथ ले ली है। विशंभर सिंह हरियाणा की बवानीखेड़ी विधानसभा सीट से विधायक हैं। विशंभर सिंह 2014 और 2019 के चुनावों में जीत कर विधायक चुने जा चुके हैं।

8- संजय सिंह का नाम भी अब नायब सिंह सैनी की कैबिनेट में शुमार हो गया है। संजय सिंह सोहना विधानसभा सीट से विधायक हैं। संजय सिंह, पूर्व मंत्री सूरजपाल सिंह के बेटे हैं। इसके साथ ही ये बीजेपी के कद्दावर नेताओं की लिस्ट में आते हैं।

## लोकसभा चुनाव को लेकर रणजीत चौटाला ने किया बड़ा ऐलान



**मानसी शर्मा / -** हरियाणा के सिरसा में कैबिनेट मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने लोकसभा चुनाव पर बयान देते हुए कहा कि एनडीए पूरे देश भर में 400 से ज्यादा सीटें हासिल करेगा और अकेली बीजेपी से सीटें हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा सरकार पूरी तरह से तैयार है हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत होगी। इसके साथ ही राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा रोहतक सीट से भाजपा उम्मीदवार को हराने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि दीपेंद्र सिंह हुड्डा के बॉस राहुल गांधी को भी अपनी सीट पर जीत के लिए विश्वास नहीं है। तो ऐसे में दीपेंद्र सिंह हुड्डा किस आधार पर आत्मविश्वास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश भर में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रिकॉर्ड विकास कार्य हुए हैं। जिनकी बदौलत एक बार फिर से मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी और पूरे देश भर में भाजपा को साढे 300 से ज्यादा सीटें मिलेगी। इसके साथ ही 400 से ज्यादा सीटें एनडीए को हासिल होगी। पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा EVM पर सवाल उठाए जाने पर मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की भी सरकार है तो ऐसे में क्या उन राज्यों में EVM में गड़बड़ी नहीं होती है ऐसे में EVM के मुद्दे पर सवाल उठाना ही गलत है।

खास खबर

## रायपुर के मॉल में हुआ दर्दनाक हादसा, एक बच्चे को बचाने में पिता की गोद से गिरा दूसरा बच्चा



**मानसी शर्मा / -** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक मॉल में एस्केलेटरपर चढ़ने के समय पिता की गोद से मासूम बच्चा फिसल गया। बच्चा सीधे तीसरे फ्लोर से नीचे गिरा जिससे बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद मॉल में हड़कंप मच गया। फिर मामले की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची। जानकारी के मुताबिक, ये घटना रायपुर के एक मॉल की बताई जा रही है। यहां पर एक परिवार शॉपिंग करने पहुंचा था। पिता अपने बच्चे को गोद में लेकर मॉल की तीसरी मंजिल पर थे। सभी लोग एक्सलेटर पर चढ़ ही रहे थे तभी पिता के हाथ से बच्चा फिसल गया और वो मॉल की तीसरी मंजिल से 40 फीट नीचे गिर गया। दरअसल, पिता अपने दूसरे बच्चे का हाथ पकड़कर संभाल रहे थे तभी उनका दूसरा बच्चा हाथ से फिसल गया। बच्चा जैसे ही नीचे गिरा तुरंत बच्चे के परिजन रोते हुए मॉल से नीचे उतरे और आनन-फानन बच्चे को हॉस्पिटल लेकर गए।

## स्टार्टअप महाकुंभ में शामिल हुए पीएम मोदी, कहा- भारत ने IT और सोफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है



**मानसी शर्मा / -** राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इस कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में स्टार्ट अप महाकुंभ का कई महत्व है। बीते दशकों में भारत ने IT और सोफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश ने स्टार्ट अप इंडिया अभियान के तहत इनोवेटिव आइडिया को एक प्लेटफॉर्म दिया, उन्हें फंडिंग के सोर्स से कनेक्ट किया। इससे आज पूरा देश गर्व से कह सकता है कि हमारा स्टार्ट अप इकोसिस्टम सिर्फ बड़े मेट्रो शहर तक सीमित नहीं है। भारत की स्टार्ट अप क्रांति का नेतृत्व देश के छोटे शहरों के युवा कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हर क्षेत्र में नौजवान आइडिया लेकर आते हैं। कम से कम रिक्वायरमेंट के साथ वे काम करते हैं और इसी ने इसकी ताकत बढ़ाई है और यही सपने हैं, यही शक्ति है। इसलिए लोग कहते हैं, मैं इसे नष्ट करूंगा। उन्होंने कहा कि अब हम तकनीक से जुड़े एक नए युग में हैं। मैं की काफी मदद लेता हूं, जब चुनावी अभियान में भाषा की बाधा आती है तो मैं का सहारा लेकर हर भाषा में लोगों तक अपनी बात पहुंचाता हूं।

# मथुरा में हेमा मालिनी के सामने होंगे बॉक्सर विजेंदर सिंह

## ● मथुरा लोकसभा सीट पर कांग्रेस खेलेगी जाट कार्ड



**मथुरा/शिव कुमार यादव/-** पिछले 10 साल से मथुरा लोकसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद रही हैं लेकिन इस बार कांग्रेस भाजपा नेत्री को कड़ा मुकाबला देने की तैयारी में है। जिसे देखते हुए कांग्रेस मथुरा से मजबूत प्रत्याशी मैदान में उतारना चाहती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस किसी कद्दावर जाट नेता को मैदान में उतारेगी। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाक्सर विजेंदर सिंह भी कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की शुरुआत 19 अप्रैल से हो रही है। इस दिन 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार सिलेक्शन की उहापोह में कांग्रेस फंसी हुई है। कांग्रेस अब तक मथुरा से किसको चुनावी मैदान में खड़ा करेंगी अब तक निर्णय नहीं ले पाई है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस की तरफ से हरियाणा के ओलिंपियन बॉक्सर विजेंदर सिंह उम्मीदवार हो सकते हैं। विजेंदर जाट हैं, ऐसे में जाट कार्ड कांग्रेस को काफी फायदेमंद हो सकता है। जानकारी है कि विजेंदर सिंह मथुरा से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इसलिए कांग्रेस भी जाट बाहुल्य सीट पर जाट कार्ड खेलने की तैयारी में है।

**कांग्रेस खेलेगी जाट कार्ड**

कांग्रेस मथुरा लोकसभा सीट से अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को खड़ा करके पश्चिमी यूपी में जाट कार्ड खेल सकती है। अगले एक से दो दिन में पार्टी प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर सकती है। यूपी के मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होगी. चुनाव के नतीजे 4 जून को आ जाएंगे।

**बीजेपी की उम्मीदवार हेमा मालिनी**

बीजेपी ने मथुरा से दो बार की सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी को प्रत्याशी बनाया है। रालोद के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही बीजेपी के मुकाबले आईएनडीआईए मजबूत प्रत्याशी उतारना चाहता है। आईएनडीआईए गठबंधन से ये सीट कांग्रेस के खाते में आई है।

**सहयोगी दल लोकदल ने मांगी सीट**

सूत्रों के मुताबिक आईएनडीआईए के सहयोगी दल लोकदल के सुनील सिंह ने भी मथुरा सीट लोकदल को देने के लिए मांग की है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई थी। मथुरा सीट से कई दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। पूर्व विधायक राजकुमार रावत, प्रदेश पदाधिकारी योगेश तालान, सादाबाद के पूर्व विधायक अनिल चौधरी के साथ ही जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा का नाम भी दावेदारों में है। अब बॉक्सर विजेंदर सिंह का सामने आया है। कांग्रेस उन्हें यहां से मैदान में उतारना चाहती है।

पिछले दो लोकसभा चुनावों यानी 2014 और 2019 से मथुरा लोकसभा सीट भाजपा के पास है। साल 2019 की बात करें तो मथुरा लोकसभा सीट पर बीजेपी की ओर से हेमा मालिनी मैदान में थीं। हेमा मालिनी को टक्कर देने के लिए 12 अन्य उम्मीदवार मैदान में थे। कांग्रेस ने महेश पाठक, राष्ट्रीय लोक दल ने कुंवर नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र जनताराज पार्टी ने ओम प्रकाश को मैदान में उतारा था। मगर हेमा मालिनी ने जोरदार जीत हासिल की थी। साल 2014 में भी हेमा मालिनी को भी इस सीट पर जीत मिली। बीजेपी ने मथुरा लोकसभा सीट पर लगातार तीसरी बार हेमा मालिनी को उतारा है।

## 117 वर्ष पुराने सेंट अगस्टीन चर्च में मनाया गया गुड फ्राइडे




**बिलासपुर/अनिशा चौहान/-** शहर के 117 वर्ष पुराने सेंट अगस्टीन चर्च में गुड-फ़्राइडे (शुभ शुक्रवार) की आराधना की गई। ईसाई समुदाय के लिये आज का दिन बहुत ही विशेष होता है। चर्च के पास्टर शैलेष सोलोमन ने क्रूस के ऊपर से ईसा मसीह के द्वारा बोले गये सात वचनों को बहुत ही सार-गर्भित रूप से समझाया। उन्होंने बताया की ईसा मसीह ने हमारे पापों के लिये अपने आप को सूली पर चढ़ा दिया और अपने प्राणों की आहुति दे दी,ताकि हमें अपने पापों से छुटकारा मिले। ईसा मसीह की शिक्षायें पूरे मानव समाज के लिये हैं। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक चले इस आराधना में चर्च की समिति के सदस्यों के साथ चर्च के बहुत सारे सदस्यों ने भी भाग लिया। नवाचारी में छोटे-छोटे बच्चों ने बाइबल पठन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मौसमी रॉबिन्सन (सचिव), निरन्जन टोपनो (कोषाध्यक्ष), आलोक ज़करिया, कर्नल लाल, जॉन बोदरा, स्वरूप जेम्स, अनूप जेम्स, रूप रतन सिंह, जयदीप रॉबिन्सन, जयप्रकाश, जीनियस जेस आदि उपस्थित थे।

## रामपाल माजरा को बनाया गया इनेलो का प्रदेश अध्यक्ष, अभय चौटाला ने की घोषणा




मानसी शर्मा / - चंडीगढ़ में इनेलो नेता अभय चौटाला की प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा की नई सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई सरकार बनी है और सरकार दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने 14फसलें एमएससी पर खरीद के दावे किए हैं। अभय चौटाला ने प्रदेश में सरसों की खरीद शुरू अब तक सरकार ने नहीं की है। ये सरकार किसान विरोधी सरकार और रोज झूठे दावे करती है। उन्होंने कहा कि इनेलो मांग करती है सरकार जल्द सरसों की खरीद शुरू करें। इनेलो के स्थापना के वक्त से रामपाल माजरा ने पार्टी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इनेलो के प्रति रामपाल माजरा का हमेशा लगाव रहा है। अब रामपाल माजरा फिर से पार्टी की मजबूती के लिए इनेलो के साथ आए हैं अभय चौटाला ने कहा मैंने ओपी चौटाला और पार्टी के नेताओ से चर्चा करके रामपाल माजरा को बड़ी जिम्मेदारी देने की चर्चा हुई थी। इनेलो प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी रामपाल माजरा को देने का फैसला हुआ। उन्होंने कहा कि रामपाल माजरा कुछ वक्त के लिए राजनीति से निष्क्रिय हुए थे अब फिर इनेलो की मजबूती में हमारे साथ आएं है।

## सर्वोच्च स्तर पर पंहुचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मार्च को खत्म हुए हफ्ते में 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.631 अरब डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पंहुच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से यह जानकारी दी गई। यह लगातार पांचवां हफ्ता है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक हफ्ते पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.39 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 642.49 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

**विदेशी मुद्रा भंडार में शामलि होते हैं ये सभी**

वैश्विक गतिविधियों के कारण बढ़ रहे दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया है। इससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 मार्च को खत?म हुए हफ्ते में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 12.3 करोड़ डॉलर घटकर 568.38 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के बारे में विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन हफ्ते के दौरान सोने का आरक्षित भंडार का मूल्य 34.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.48 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार 5.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.219 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के अनुसार समीक्षाधीन हफ्ते में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 2.7 करोड़ डॉलर घटकर 4.662 अरब डॉलर हो गई। चीन की ग्रोथ रेट लगातार नीचे जा रही है. कोवडि महामारी के बाद चीन की बढ़ती बुजुर्ग आबादी और नीचे जाता रियल एस्टेट मार्केट चिंता का कारण बना हुआ है।

# आयकर विभाग के नोटिस पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा


## भाजपा पर लगाया कानून का उल्लंघन करने का आरोप



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे ने आयकर विभाग के नोटिस पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की प्रक्रिया को पंगु बनाने की कोशिश कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग ने पिछले वर्षों के कर रिटर्न विसंगतियों के लिए कांग्रेस को 1,823.08 करोड़ रुपये का नया नोटिस थमाया है। आयकर विभाग के इस नोटिस पर कांग्रेस नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। इस पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग और कानून का उल्लंघन करने का आरोप भी लगाया है।

आयकर विभाग के नोटिस पर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, देश में लोकतंत्र है। कानून है। भाजपा सरकार अधिकारियों को निर्देश देकर इस तरह की कार्रवाई कर रही है। वे विपक्ष पर निशाना साध रहे हैं। इसका मतलब यह है कि वे कांग्रेस और इंडी गठबंधन से डर रहे हैं। इंडी गठबंधन एनडीए को हराने वाली है। भाजपा इस कमजोरी को समझ चुकी है। उन्हें मालूम है कि भाजपा चुनाव हारने वाली है। इसलिए वह डर पैदा करने की कोशिश कर रही है। कल रात मुझे उस मामले को लेकर नोटिस भेजा गया, जो पहले ही सुलझ चुका है। कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे ने आयकर विभाग के नोटिस पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने इसे सरकार द्वारा जान बूझकर लिया गया फैसला बताया है। प्रियांक ने कहा, भाजपा अपने आईटी और ईडी के मुखौटा संगठन को सक्रिय कर रही है। वे लोकतंत्र की प्रक्रिया को पंगु बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से अधिक सीटें नहीं जीतने वाली है। कांग्रेस सांसद प्रमोद सावंत ने कहा, यह सत्ता का दुरुपयोग और कानून का उल्लंघन है। इससे यह पता चलता है कि देश में अब लोकतंत्र नहीं रह गया है। हर तरह से विपक्षी पार्टियों के नाक में दम कर दिया है। अब तो यह भी समझ नहीं आ रहा कि वे क्या कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आयकर विभाग के जरिए भाजपा सरकार कांग्रेस को पंगु बनाने की कोशिश कर रही है। अजय माकन ने कहा कि हमने बीजेपी के सभी उल्लंघनों का उसी मापदंड का इस्तेमाल करके विश्लेषण किया, जिसका उपयोग उन्होंने हमारे उल्लंघनों का विश्लेषण करने के लिए किया था। बीजेपी पर 4600 करोड़ रुपये का जुर्माना है।

# हिमालय में परियोजनाओं को लेकर जनमत संग्रह की मांग



नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/- हिमालय की सुरक्षा व अस्तित्व को लेकर देश के 60 से अधिक पर्यावरण और सामाजिक संगठनों ने हिमालय में बड़ी परियोजनाओं पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पीपुल फॉर हिमालय संगठन ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पांच सूत्री मांग के तहत रेलवे की परियोजनाएं, जल विद्युत परियोजनाएं, चार लेन राजमार्ग परियोजनाओं के ऐसे किसी भी प्रोजक्ट को शुरू करने से पहले जनमत संग्रह और सार्वजनिक परामर्श लेने की बात कही है। संगठन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पांच सूत्री मांग पत्र जारी किया गया है।

**क्या है 'पीपुल ऑफ हिमालया' की मांग?**

पीपुल ऑफ हिमालया संगठन की मांग है कि हिमालय के किसी भी क्षेत्र में बड़ी परियोजनाओं के लिए जनमत संग्रह के माध्यम से लोकतांत्रिक निर्णय लिया जाए। संगठन का कहना है कि ऐसे मेगा प्रोजक्ट्स की वजह से हिमालय का अस्तित्व खतरें में पड़ रहा है।

जयवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधीत करते हुए कहा कि बड़ी परियोजनाओं की वजह से हिमालय का शोषण हो रहा है। इस वजह से स्थानीय लोगों को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पुनर्वास के प्रयासों के लिए सरकार द्वारा करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल किया जाता है।

बता दें कि सोनम वांगचुक ने लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत शामिल करने की मांग को लेकर 21 दिनों का जलवायु उपवास रखा था। उन्हें जनता का भारी समर्थन मिला था।

**पूर्वोत्तर में गंभीर हो गई स्थिति- मोहन सैकिया**

इस संगठन में पूर्वोत्तर संवाद मंच के मोहन सैकिया भी शामिल हैं। उनका कहना है कि स्थानीय लोगों की सहमति के बिना ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी घाटियों में बड़े पैमानें पर जलविद्युत परियोजनाएं चल रही हैं। ऐसे में परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। इन प्रोजक्ट का दूरगामी प्रभाव प्राकृतिक आपदा के रूप में सामने आता है।

**संगठनों ने रखी यह मांग**

हिमालय नीति अभियान के गुमान सिंह और जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के कर्ता धर्ता अतुल सती ने कहा कि ब्यास बाढ़ और जोशीमठ में भूमि धंसाव होना ऐसी ही नीतियों का परिणाम है। क्लाइमेट फ्रंट जम्मू के अनमोल ओहरी ने चेतावनी दी कि हिमनद क्षेत्रों में सड़क निर्माण और नदी के तटों में चल रही विकास परियोजनाओं से क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा। संगठनों ने इस बात पर भी जोर दिया कि ग्राम सभाओं, पंचायतों और नगर निकायों को नवीनतम जोखिम अध्ययनों और जलवायु के अनुकूल रहने वाली रणनीतियों के बारे में समझाना बेहद जरूरी है।

**चुनाव** | चुनाव से पहले फ्रंटफुट पर प्रियंका, बताया कैसे हर नागरिक कर्जदार

# देश का हर नागरिक डेढ़ लाख रूपये का कर्जदार- प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी पूरी तरह से फ्रंटफुट पर आ गई है। उन्होने मोदी सरकार पर नया हमला करते हुए कहा कि देश पर पिछले 10 साल में कर्ज 205 लाख करोड़ हो गया है जो 2014 से पहले 55 लाख करोड़ था। मोदी सरकार ने गत दस वर्ष में लगभग 150 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। आज देश के हर नागरिक पर लगभग डेढ़ लाख रुपये, औसत कर्ज बनता है। पिछ्ले कई दिनों ने प्रियंका गांधी, अपने भाई एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ मिलकर बेरोजगारी के मुद्दे पर आवाज उठा रही हैं। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने लोकसभा चुनाव में 'युवाओं' पर खास फोकस किया है। उन्होंने कहा है, भारत के कुल वर्कफोर्स में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 फीसदी युवा हैं। कांग्रेस पार्टी के पास युवाओं को रोजगार देने की ठोस योजना है। हम 'पहली नौकरी पक्की' से फ्रेशर्स को स्किल्ड वर्क फोर्स बनाएंगे। नए रोजगारों का सृजन करना होगा। हमारी 'युवा रोशनी' की गारंटी, स्टार्ट-अप्स के लिए 5000 करोड़ रुपये की मदद लेकर आ रही है। हर साल दो करोड़ नौकरियां कहां हैं। देश में 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं। हर परीक्षा का पेपर लीक क्यों होता है। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी साल 2000 में 35.2 फीसदी थी। 2022 में यह 65.7 फीसदी यानी लगभग दोगुनी हो गई है। बतौर प्रियंका गांधी, दूसरी ओर प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार कह रहे हैं कि 'सरकार बेरोजगारी की समस्या हल नहीं कर सकती।' यही भाजपा सरकार की सच्चाई है। आज देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। प्रियंका गांधी ने लिखा, वित्त मंत्रालय का कहना है कि भारत सरकार, मौजूदा वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेने जा रही है। उन्होंने इस पर सवाल उठाया है कि आखिर इतना कर्ज लेने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है। मोदी सरकार द्वारा कर्ज लेने के कारण आज देश का हर नागरिक कर्जदार बन गया है। कर्ज का हर यह पैसा राष्ट्रनिर्माण के किस काम में लगा है। क्या इसके जरिए बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा हुई हैं। उन्होंने कहा, दरअसल नौकरियां तो गायब हो गई हैं। प्रियंका ने इस मामले में किसानों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कर्ज की आड़ में मोदी सरकार से सवाल किया है कि क्या इस कर्ज से किसानों की आमदनी दोगुनी हो गई है। क्या स्कूल और अस्पताल चमक उठे हैं। कर्ज से पब्लिक सेक्टर मजबूत हुआ या उसे कमजोर कर दिया गया। क्या बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां और उद्योग लगाए गए हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ है, अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर्स में बदहाली देखी जा रही है, अगर श्रम शक्ति में गिरावट आई है, अगर छोटे-मध्यम कारोबार तबाह कर दिए गए, तो यह सवाल तो उठेगा ही कि वह कर्ज का पैसा गया कहां। उस रुपये को किसके ऊपर खर्च किया गया है। इसमें कितना पैसा बट्टेखाते में गया है। बड़े-बड़े खरबपतियों की कर्जमाफी में कितना पैसा गया है। अब सरकार नया कर्ज लेने की तैयारी कर रही है तो सवाल उठता है कि पिछले 10 साल से आम जनता को राहत मिलने की बजाय जब बेरोजगारी, महंगाई आर्थिक तंगी का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। भाजपा सरकार, जनता को कर्ज में क्यों डुबो रही है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी बेरोजगारी को लेकर लगातार मुखर रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, श्रमिकों के पास सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित रोजगार नहीं है। हम श्रमिक न्याय के तहत उनका जीवन बदलने जा रहे हैं। कांग्रेस की नीतियां ही 'रोजगार की गारंटी' हैं। यह सरकार की रिपोर्ट से भी साबित हो गया है।

# संपादकीय

## 29 मार्च गुड फ्राइडे पर विशेष-

## हे ईश्वर इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते यह क्या कर रहे हैं: यीशु मसीह

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

प्रतिवर्ष ईस्टर संडे से पहले वाले शुक्रवार के दिन गुड फ्राइडे मनाने का प्रचलन है। आपको बता दें कि गुड फ्राइडे के चालीस दिन पहले से उपवास रखने की प्रथा है। कुछ लोग केवल शुक्रवार को उपवास करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन घर में सजावट की वस्तुओं को ढक दिया जाता है। इस दिन कालेपन कपड़े पहनकर चर्च में शोक मनाया जाता है। करीब दो हज़ार साल से पहले ईसा मसीह यरुशलम में रहकर मानवता के कल्याण के लिए भाईचारे, एकता और शांति के उपदेश देते थे। सभी लोगों ने उन्हें परमपिता परमेश्वर का दूत मानना शुरू कर दिया। इसी वजह ?से झूठे और पाखंडी धर्म गुरुओं ने ईसा मसीह के खिलाफ यहूदी शासकों के कान भरने शुरू कर दिए। फिर एक दिन उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाकर सूली पर चढ़ाए जाने का फरमान जारी कर दिया गया। इससे पहले उन्हें कांटों का ताज पहनाया गया। ईसा को सूली को कंधों पर उठाकर ले जाने के लिए विवश किया गया। आखिर में उन्हें बेरहमी से मारते हुए उन्हें कीलों से ठोकते हुए सूली पर लटका दिया गया। तब अपने आखिरी समय में यीशु मसीह ने मर्माहंत? होकर कहा था । हे ईश्वर इन्हें माफ करना। क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं...।

सूली पर लटकाने से पहले कांटों का ताज तक पहना दिया तो भी उनके मुख से सभी के लिए सिर्फ क्षमा और कल्याण के संदेश ही निकले। यह उनके क्षमा की शक्ति की अद्भुत मिसाल मानी गई। प्रभु यीशु के मुख से मृत्यु पूर्व ये मार्मिक शब्द निकले, 'हे ईश्वर इन्हें क्षमा करें, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं...'।

ईसाई धर्म के लोग इस त्योहार को काले दिवस के रूप में मनाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवान यीशु मसीह ने अपने प्राण त्यागे थे। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु ईशु के बलिदान को याद करते हैं। इस दिन को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्राइडे भी कहा जाता है। ये दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद ही खास होता है। गुड फ्राइडे के अवसर पर लोग गिरिजाघरों में जाकर प्रार्थना करते हैं। इसके अलावा प्रभु ईशु की याद में उपवास किया जाता है। हर साल अक्सर अप्रैल के महीने में गुड फ्राइडे पड़ता है। इस वर्ष 2024 में यह मार्च के माह में पड़ रहा है।

गुड फ्राइडे का ईसाई धर्म में काफी महत्व होता है। इस दिन को ईसाई धर्म के अनुयायी शोक दिवस के रूप में मनाते हैं। गिरजाघर में जाकर प्रभु यीशु को याद करते हैं और उनके दिखाएं गए मार्गपथ पर चलने का संकल्प लेते हैं। ऐसा माना जाता है कि यरूशलम प्रांत में ईसा मसीह लोगों के मानव जीवन के कल्याण के लिए उपदेश दे रहे थे। जिसे सुनने के बाद लोग उन्हें ईश्वर मानने लगे थे। लेकिन कुछ धर्मगुरु उनसे चिढ़ते थे और जलते थे। लेकिन ईसा मसीह ने लोगों के दिलों में अलग की जगह बना ली थी। अन्य धर्मगुरुओं द्वारा रोम के शास पिलातुस से शिकायत कर दी। कहां- यह अपने आप को ईश्वर पुत्र बता रहे हैं।

# मंत्र

## चहक...वह गौरैया की! आ...लौट के आ फिर!

लेखक साधना सोलंकी, जयपुर



एसी रूम में दादी का मन बेचैन है। यदा कदा घबराकर कहती है... नकली हो गया जमाना...कुछ असली नहीं रहा...रोशनदान चले गए... खिड़कियां बंद हो गई... न नीम का पेड़...न आंगन...एसी की नकली हवा रह गई..असल हवा को तरस गया मन...गौरैया भी नहीं दीखती दूर दूर तक!

पुरानी पीढ़ी के दादा दादी, नाना नानी, ताऊ ताई ...कुदरत और जीवन शैली को लेकर सबकी व्यथा कथा एकसी है। चहुं ओर कंक्रीट के जंगल.. पंछी परिंदे नदारद ...उनके अस्तित्व को बने रहने को जो चाहिए था, वह बचा ही नहीं...उन्हें जाना ही था!

क्यों चली गई गौरैया!

आहार पर प्रहार

वह नन्ही फुदकती घरेलू चिड़िया गौरैया, जिसे घर के रोशनदान में,आंगन के दरख्त पर, गौशाला के चौबारे में, बस्ती के आस पास अपना घोंसला बनाना पसंद था, बेफिक्री से घर भर को अपने कलरव से चहकाए रहना भाता था... घर के बड़े बच्चों की वह चहेती मित्र थी...अब आंखों से ओझल है। बहरहाल इस पर जानकर कहते हैं, गौरैया की संख्या में कमी के मुख्य कारणों में से एक उनके आहार का खत्म हो जाना है। गौरैया अपने नन्हों के लिए खेत खलिहानों से कीड़े चुन कर लाती है। कीड़े समाप्त कर दिए गए। अंधाधुंध कीटनाशक का प्रयोग इसका कारण माना जा रहा है। गौरैया अपने बच्चे को फसलदृसागदृसब्जी-फलों में लगनेवाले कीड़े खिलाती है।

कुदरती कीट नियंत्रक गौरैया

बीज, अनाज और लार्वा को खाकर गौरैया ने प्रभावी कीट नियंत्रक एजेंट की भूमिका का निर्वाह सदियों से किया, पर हमने स्वार्थी बन उसकी यह भूमिका कीटनाशक के हवाले करदी। परिणाम कि गौरैया व अन्य परिन्दों का जीवन संकट से घिर गया। परागण पौधों के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो गौरैया द्वारा भी की जाती है। भोजन की खोज के दौरान पौधों के फूलों पर यह चिड़िया जाती हैं और परागकणों को स्थानांतरित करने में अप्रत्यक्ष सहायक बनती हैं।

यों हुई शुरुआत...

पहली बार यह दिवस 20 मार्च 2010 में मनाया गया। इसके बाद

हर साल 20 मार्च को नेचर फॉरएवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फ़ाउंडेशन (फ्रांस) के सहयोग से विश्व गौरैया दिवस (ॅवतसक ैचंततवू क्ंल) मनाया जाता है। इसकी शुरूआत नासिक के रहने वाले मोहम्मद दिलावर ने गौरैया पक्षी की लुप्त होती प्रजाति की सहायता करने के लिए 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' (छथ्ै) की स्थापना कर की थी।

लोक मान्यता...

बुजुर्ग कहते है कि जहां गौरैया घोंसला बना लेते हैं, उस घर में सदा खुशहाली रहती है। शास्त्रों के अनुसार, जिस घर में चिड़िया या गौरैया का घोंसला होता है, वहां कभी धन की कमी नहीं रहती। मान्यता है कि जिन घरों में चिड़िया अपना घोंसला बनाती है, वहां खुशियां भी चहचहाती हैं।

गंभीरता से करने होंगे जतन

बच्चों की पशु पक्षियों से मुलाकात, उनके प्रति दोस्ताना रुख, कुदरती तरीके से उनके लिए आहार, आवास की माकूल व्यवस्था करनी ही होगी।

# विकलांगता और समझ के नवीन प्रतिमान



लेखक-संजय सोंधी

**इसके पश्चात आई दिव्यांगता नीति -2006, शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 व दिव्यांग अधिकार अधिनियम- 2016 ने दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तनों को और अधिक विस्तार दिया। इन विधिक प्रावधानों के प्रभाव से आज समाज में दिव्यांग व्यक्तियों की सक्रियता व सहभागिताओं का सकारात्मक विस्तार हुआ हैं।**

दिव्यांगता अधिकार अधिनियम-1995 ने दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में विकास की एक अलख जगा दी थी। हालाँकि भारत में दिव्यांग व्यक्तियों का एक बहुत बड़ा वर्ग इसके लाभ को ले नहीं ले पाया था। दिव्यांग व्यक्तियों को इसके प्रावधानों की जानकारी का न होना इसका प्रमुख कारण था। इसके बावजूद यह सत्य हैं कि वह अधिनियम दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन विकास में 1995 का अधिनियम मील का पत्थर साबित हुआ। इसके पश्चात आई दिव्यांगता नीति -2006, शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 व दिव्यांग अधिकार अधिनियम- 2016 ने दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तनों को और अधिक विस्तार दिया। इन विधिक प्रावधानों के प्रभाव से आज समाज में दिव्यांग व्यक्तियों की सक्रियता व सहभागिताओं का सकारात्मक विस्तार हुआ हैं। दिव्यांग व्यक्तियों को इन विधिक प्रावधानों की जितनी ज्यादा जानकारी होगी वह इनके माध्यम से उतना ही अधिक लाभ ले सकेंगे।

पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 को हिंदी में विकलांग व्यक्ति अधिनियम 2016 के नाम से जाना जाता है। जिसे अंग्रेजी में पर्सन विद डिसएबिलिटी अधिनियम भी कहा जाता है। पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 या विकलांग व्यक्ति अधिनियम 2016 मुख्यतः उन समाज के लोगों के लिए है, जो शारीरिक तथा मानसिक रूप से अन्य लोगों से भिन्न है। पीडब्ल्यूडी अधिनियम में इन सभी शारीरिक तथा मानसिक रूप से भिन्न तथा शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वास्थ्य होने वाले व्यक्तियों को कुछ विशेष प्रकार के अधिकार प्रदान किए गए हैं। सुधा कौल की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत तैयार किए गए इस विधेयक का मसौदा वर्ष 2014 से राज्य सभा में लंबित था।

अधिनियम में निर्धारित विकलांगता की 7 शर्तों के स्थान पर यह विधेयक 21 शर्तों को कवर करता है। साथ ही इस विधेयक ने विकलांगता के लिए किसी भी अन्य शर्त को अधिसूचित करने के लिए सरकार का रास्ता साफ कर दिया है। विधेयक को 2014 में पेश किया गया था. उस समय इस विधेयक में विकलांगता के लिए 19 शर्तें थीं।

इस विधेयक के तहत विकलांगता माने जानी वाली 21 शर्तें इस प्रकार हैं- दृष्टिहीनता, कमजोर दृष्टि, कुष्ठ रोग से मुक्त हो चुके व्यक्ति, बधिर (बहरे और मुश्किल से सुन सकने वाले), चलने में अक्षम, बौनापन, बौद्धिक विकलांगता, मानसिक बीमारी, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, सेरेब्रल पाल्सी, मांसपेशी दुर्विकास, स्थानीय स्नायविक परिस्थितियां, विशिष्ट प्रज्ञता अक्षमताएं, मल्टीपल स्केलेरोसिस, भाषण और भाषा संबंधी विकलांगता, थैलेसीमिया, होमोफिलिया, सिकल सेल बीमारी, एसिड अटैक के पीड़ित और पार्किंसंस बीमारी।

वर्ष 2011 की जनगणना से पता चलता है कि भारत में विकलांगों की कुल संख्या करीब 2.68 करोड़ या आबादी का 2.21 फीसदी है। विधेयक से बड़ी संख्या में अक्षम लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि इसमें 1995 के अधिनियम की तुलना में अधिक विकलांगों को कवर किया गया है। इसके अलावा विधेयक में विकलांगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के फैसले को भी अपनाया गया है क्योंकि विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार दुनिया की कुल आबादी का करीब 15 प्रतिशत किसी न किसी प्रकार की विकलांगता से जूझ रहा है।

**पीडब्लूडी अधिनियम 2016 की विशेषताएँ निम्न प्रकार से हैं:-**

1.पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 में विकलांगता को एक विकसित और गतिशील अवधारणा के रूप में परिभाषित किया गया है।

3. पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 में पहली बार भाषण और भाषा विकलांगता को जोड़ा गया है, इसमें एसिड अटैक को भी शामिल किया गया है तथा बीमारी थैलेसीमिया हीमोफीलिया सिकलसेल रोग भी पहली बार शामिल किए गए हैं।

4. पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 में सरकार के पास यह अधिकार है, कि वह अन्य किसी विकलांगता को इस सूची में शामिल कर सकेंगे। वर्तमान में इस अधिनियम में कुल 21 प्रकार की विकलांगताओं को शामिल किया गया हैं- 1) अंधता 2) दृष्टि मंदता 3) कुष्ठ रोग 4) श्रवण बाधित 5) अस्थि विकलांगता 6) बौनापन 7) बौद्धिक विकलांगता 8) मानसिक रुग्णता 9) आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर 10) सेरेब्रल पाल्सी 11) मसकुलर डिस्ट्रोफी 12) क्रोनिक न्यूरोलोज़िकल कंडीशन 13) विशेष अधिगम विकलांगता 14) मल्टीपल स्क्लेरोसिस 15) संवाद और भाषा विकलांगता 16) थेलेसिमिया 17) हेमोफ़िलिया 18) सिकल सेल बीमारी 19) एसिड पीड़ित 20) बहु विकलांगता जिसमें बधिरता व नेत्रहीनता शामिल हैं 21) पार्किंसन की बीमारी।

5. उपर्युक्त सरकारों पर जिम्मेदारी भी डाली गई है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विकलांग व्यक्ति दूसरों के साथ समान रूप से अधिकारों का आनंद ले सकें।

6. इस अधिनियम के तहत उच्च शिक्षा सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिलेगा, भूमि के आवंटन में भी आरक्षण होगा तथा गरीबी उन्मूलन योजना का लाभ दिया गया हैं ।

7. पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के अंतर्गत 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क विकलांगता वाले प्रत्येक बच्चों को मुफ्त शिक्षा अधिकार दिया गया हैं।

8. प्रधानमंत्री सुगम्य भारत अभियान के तहत प्रभावी आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए प्रावधान किए गए हैं जिसके अंतर्गत निर्धारित समय सीमा में सरकारी भवनों में रेम्प, लिफ्ट, पीली पट्टी व साइन आदि की व्यवस्था अनिवार्य की गई हैं।

9. बेंचमार्क विकलांगता वाले जो भी व्यक्ति होंगे उनके लिए सरकारी संस्थानों में रिक्तियों का आरक्षण 3 फीसदी से बढ़ाकर 4 फीसदी की गई हैं ।

10. पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 में जिला न्यायालय द्वारा संरक्षकता प्रदान करने के प्रावधान है।

11. विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त के कार्यालय को मजबूत भी किया गया, जिन्हें अब दो आयुक्तों और एक सलाहकार समिति द्वारा सहायता प्रदान की गई हैं।

12. पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 में विकलांग राज्य आयुक्तों के कार्यालयों को मजबूती प्रदान की गई। जिन्हें एक सलाहकार समिति द्वारा सहायता भी प्रदान की गई हैं।

पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के अंतर्गत विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के लिए मुख्य आयुक्त और राज आयुक्त शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करते हैं तथा अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई हैं।

14. पीडब्ल्यूडी अधिनियम चिंताओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया और संविधान और ऐसी समितियों के कार्यों का विवरण नियम में राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित किया गया हैं।

15. पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 में प्रावधान किया हैं कि विकलांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय और राज्य कोष का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रस्ट फंड को राष्ट्रीय कोष के साथ सदस्यता भी दी जाएगी।

16. इस विधेयक में विकलांग व्यक्तियों के खिलाफ किए गए अपराधों के लिए दंड का प्रावधान होगा और कानून का उल्लंघन करने पर मजबूती से दंड का प्रावधान किया गया हैं।

17. पीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 अधिनियम का उल्लंघन करने से संबंधित मामलों के लिए सभी जिले में विशेष न्यायालयों को नामित किया जाएगा।

## 29 मार्च सम्राट अशोक जयंती पर विशेष

# भारतीय इतिहास का अमर सम्राट अशोक महान



सुरेश सिंह बैस, शाश्वत

अशोक महान् बिंदुसार के पुत्र थे, यद्यपि अशोक बड़े पुत्र नहीं थे पर बिंदुसार के बाद गद्दी पर वही बैठे। अपने पिता के समय में वह उज्जैन का सूबेदार रह चुका था और तक्षशिला का विद्रोह उसी ने दबाया था। उसे शासन का काफी अनुभव था। अशोक 269 ई. पू. गद्दी पर बैठा। कुछ ग्रंथों का कहना है कि वह अपने भाईयों की हत्या करके गद्दी का अधिकारी बना। पर यह बात गलत है क्योंकि उसके कुछ भाई तो बाद में भी उसके साथ रहते थे। पर गद्दी पर बैठने के समय अशोक को कुछ संघर्षो का सामना अवश्य करना पड़ा था, क्योंकि वह 269 ई. पू. में गद्दी पर बैठा जबकि बिंदुसार की. मृत्यु 273 ई. पू. में हो चुकी थी। बीच के तीन - चार वर्ष संघर्ष के कारण ही अशोक का राज्याभिषेक नहीं हो पाया।

अशोक के गद्दी पर बैठने के बाद के सात वर्षों के संबंध में कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। उसके राज्याभिषेक के आठवें वर्ष में अर्थात 262 ई. पू. में एक ऐसी घटना हुई जिसने अशोक के जीवन में एक महान परिवर्तन कर दिया। यह घटना थी कलिंग का युद्ध । अशोक ने भी अपने पिता तथा पितामह की भाँति दिग्विजय की नीति अपनाई थी। एक विशाल सेना लेकर अशोक ने कलिंग राज्य पर आक्रमण किया। आधुनिक उड़ीसा तथा गंजम के क्षेत्र को उस समय कलिंग कहा जाता था। कलिंग के राजा ने बड़ी वीरता से अशोक का सामना किया, पर अंत में उसकी पराजय हो गई। इस युद्ध में भयानक रक्तपात हुआ। 1,50,000 शत्रु बंदी हुये, 1,00,000 हताहत हुये, और इससे कई गुना मर गये। स्पष्ट है कि इस युद्ध में कितना भीषण रक्तपात हुआ होगा। युद्ध के निर्मम रक्तपात से अशोक के हृदय को बहुत ठेस पहुँची और उसने निश्चय कर लिया कि भविष्य में वह कभी युद्ध नही करेगा। वह राज्य जीतने के बजाय लोगों का हृदय जीतेगा, और दिग्विजय करने के बजाय धर्मविजय करेगा। कलिंग का युद्ध अशोक के जीवन में एक बहुत बड़ा मोड था।

कलिंग युद्ध में जो बर्बादी हुई, इसके लिये अशोक अपनी साम्राज्य लिप्सा को ही उत्तरदायी मानता था। पर इतनी बर्बादी के कारण उसका हृदय द्रवित हो गया। इसी कारण उसकी प्रवृत्ति बौद्ध धर्म की ओर हो गई। इसी समय एक बौद्ध भिक्षु उपगुप्त से अशोक की भेंट हुई। उपगुप्त की बातें सुनकर अशोक पर और भी अधिक प्रभाव पड़ा। सम्राट अशोक ने एक लेख में स्वयं लिखा है कि दो वर्षों तक उसने केवल एक उपासक की भाँति जीवन बिताया और धर्म के कार्यों में अधिक उत्साह नहीं दिखाया। उसके बाद ही वह बौद्ध संघ में सम्मिलित हुआ। कुछ विद्वानों का मत है कि अशोक बौद्ध धर्म का अनुयायी नहीं था पर उन्हीं का मत यह भी है कि वह उत्साही बौद्ध था। अशोक ने स्वयं को बुद्ध, संघ तथा धर्म का भक्त कहा है। अशोक ने बौद्ध धर्म के तीर्थ स्थानों की यात्रा की। उसने यज्ञ व बलि को बंद करवाया तथा धर्म के प्रचारार्थ स्तूप व स्तम्भ बनवाये व धर्म की शिक्षाएं उन पर खुदवाई। उसने बौद्ध धर्म के अनुयायियों की एक सभा भी बुलाई थी। इन सभी बातों से स्पष्ट है कि अशोक बौद्ध धर्म का पक्का अनुयायी था।

बौद्ध धर्म का अनुयायी बनने के बाद अशोक ने अपना सारा समय धन और राज्य साधन बौद्ध धर्म के प्रचार लगा दिया। देश में ही नहीं विदेशों में भी उसने इस धर्म का प्रचार किया। आज बौद्ध धर्म भारत से लगभग समाप्त सा हो गया है, पर दक्षिण - पूर्वी एशिया में इस धर्म के अनुयायियों की संख्या काफी है। अशोक एक महान बौद्ध सम्राट था। बौद्ध धर्म के प्रचार के लिये उसने निम्नलिखित उपाय किये-

तीर्थयात्रा- अशोक ने बौद्ध धर्म ग्रहण करने के बाद सभी बौद्ध तीर्थों की यात्रायें करनी आरंभ की। सबसे पहले उसने गया की यात्रा की, जहाँ भगवान् बुद्ध को सच्चा ज्ञान प्राप्त हुआ था। वहाँ उसने बोधिवृक्ष के सामने श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद उसने बुद्ध के जन्म स्थान ÷लुम्बिनी वन÷ की यात्रा की। वह सारनाथ, कपिल वस्तु तथा कुशीनगर भी गया। अपनी यात्रा की। बाद में उसने इन स्थानों पर स्मारक बनवाए तथा इन यात्राओं से जनता का ध्यान बौद्ध धर्म की ओर आकृष्ट किया। इन यात्राओं के दौरान वह स्थान - स्थान पर धार्मिक सभाएँ भी कराता था, जिसमें धर्म का विस्तार होता था। इन चर्चाओं में जनता को बौद्ध धर्म की अनेक शिक्षाओं का पता लगता था। अहिंसा - अहिंसा पर अशोक ने बहुत जोर दिया। उसने अपने व्यक्तिगत तथा राज्य के धार्मिक सिद्धांत के रूप में बौद्ध धर्म को अपना लिया। उसने शिकार खेलना बंद कर दिया। एक आदेश द्वारा उसने वर्ष के मुख्य मुख्य 56 दिनों के लिये पशुवध बंद करवा दिया। अहिंसा के नियमों का समाज में अच्छी तरह पालन हो, इसकी जाँच के लिये उसने विशेष पदाधिकारी नियुक्त कर दिये। अशोक के धर्म महामात्र नामक अधिकारियों की नियुक्ति की। इन धर्म महामात्रों को स्थान स्थान पर घूमना, पड़ता था और उन्हें यह देखना पड़ता था कि जनता अपने व्यक्तिगत जीवन में बौद्ध धर्म के नियमों का पालन करती है या नहीं। इसके अलावा महामात्र उन्हीं लोगों को बनाया जाता था जो बौद्ध धर्म के अनुयायी होते थे। और उनसे आशा की जाती थी कि देश का भ्रमण करते समय वे बौद्ध धर्म का प्रचार भी करें। अतः जनता धर्म का पालन भी करने लगी और बौद्ध ऽ धर्म का प्रचार भी बढ़ने लगा ? संघों और मठों का निर्माणबौद्ध भिक्षुओं तथा भिक्षुणियों के रहने के लिये अशोक ने बहुत से संघ तथा विहार बनवाये। वे मठ-विहार बौद्ध धर्म के प्रचारकों के केंद्र थे। इनको चलाने के लिये सारा खर्च राज्य की ओर से दिया जाता था। बौद्ध धर्म के विद्वानों को भी राज्य की ओर से सहायता दी जाती थी। इसके अतिरिक्त अशोक ने बहुत से स्तूप भी बनवाये, जिनमें सांची का स्तूप व आहूत का स्तूप बहुत प्रसिद्ध है।

विदेशों में प्रचार अशोक ने केवल देश 7 में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बौद्ध धर्म को फैलाने का प्रयत्न किया। इस कार्य के लिये उसने बौद्ध धर्म के बहुत से प्रचारक बाहर के देशों को भेजे। इन प्रचारको को बाहर के देशों में बड़ी सफलता मिली। अशोक ने अपने पुत्र महेंद्र तथा पुत्री संघमित्रा को भी धर्म के प्रचार के लिये ऽलंका भेजा। लंका का राजा तिस्स तथा उसके साथ उसके बहुत से दरबारियों व साधारण जनता ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। अशोक ने सीरिया, मिस्त्र मकदूनिया और एपीरस को भी धर्म प्रचारक भेजे। हिमालय प्रदेश में मज्झिम नाम का एक भिक्षु प्रचार के लिये भेजा गया। वहाँ उसने बहुत से लोगों को बौद्ध धर्म में दीक्षित किया।

बौद्ध धर्म सम्मेलन बौद्धमत के अनुयायियों में कुछ मतभेद पैदा हो गये थे। उनको दूर करने के लिये अशोक ने अपनी राजधानी पाटलीपुत्र में एक बौद्ध सम्मेलन बुलाया। यह सम्मेलन अशोक के शासन के सत्रहवें वर्ष के पश्चात् अर्थात 252 ई. पू. के लगभग बुलाया गया था। इस सम्मेलन की सभापति भिक्षु उपगुप्त थे। कुछ विद्वान का कहना है कि इस सम्मेलन के सभापति भिक्षु भोग्गलिपुत्र तिस्स थे। इस सम्मेलन से बौद्ध धर्म के अग्रेतर प्रचार में बड़ी सहायता मिली। इस समय बौद्ध धर्म के सिद्धांतों को ÷कथावस्तु÷ नामक ग्रंथ में संकलित किया गया।

व्यक्तिगत आदर्श अशोक जानता था कि दूसरों को किसी बात की शिक्षा देने के पहले स्वयं उसका पालन करना चाहिये, तभी दूसरों पर उस शिक्षा का असर पड़ता है। अतः सबसे पहले जनता के सामने उसने अपना व्यक्तिगत आदर्श पेश किया। अशोक ने माँस खाना, शिकार खेलना, नाच देखना आदि सब छोड़ दिया। वह स्वयं भिक्षु बन गया था और धर्म के नियमों को जीवन में मानता था। इसका जनता पर बड़ा असर पड़ा।

# स्तंभ

## 26 मार्च महादेवी वर्मा जयंती पर विशेष-

## आधुनिक हिंदी साहित्य की महान विभूति महादेवी वर्मा

सुरेश सिंह बैस, शाश्वत

हिन्दी के विशाल मंदिर की वीणापाणी,
स्फूर्ति-घेतना रचना की प्रतिभा कल्याणी÷

कवि शिरोमणि निराला ने कभी महादेवी वर्मा कवयित्री के व्यक्तित्व को उक्त पंक्तियों से समझने की कोशिश की थी। एक जापानी कवि नागूची ने कहा था कि- ÷महादेवी प्रयाग की गंगा है।÷ आधुनिक हिन्दी साहित्य की जिन छह महान विभूतियों ने निर्विवाद रूप में अमरता प्राप्त कर ली है, उनमें महादेवी का स्थान विशिष्ट है। अन्य पांच विभूतियां हैं- भारतेंदु, मैथिलीशरण, जयशंकर प्रसाद, निराला और सुमित्रा नंदन पंत । महादेवी में छायावादी कविता को एक गति वेग दिया, उसकी श्रृंगार-भावना को सौम्य और सौदर्य चेतना को सूक्ष्म बनाया, कविता को अपनी सहसानुभुति संपन्न चित्रकला से एक अपूर्व रंजकता प्रदान की और हमें संस्कृत की समृ संस्कृति से अनुप्राणित कर एक समर्थ गद्य शैली दी।

एक छावावादी कवयित्री के रूप में भी महादेवी वर्मा की अपनी मौलिकता है। उन्होंने दीपक, बादल, वीणा इत्यादि के बिंबों में सुनिश्चित अर्थ बता भरकर छायावादी कविता को एक प्रतीक पद्धति दी। तथा छायावादी वेदना-संसार को रहस्यवादी संकेतों से उदात्त बनाया। लेखनी के साथ तूलिका पर भी अधिकार रखने के कारण उन्होंने चित्रोपन बिंबों की एक अभिनव योजना से छायावादी काव्य संसार को रंगरूप मय बना दिया। कितना विशाल, कितना मूर्त, कितना क्रियाशील और कितना रंग-बोधमय है यह बिंब।


अवनि अंबर की रुपहली सीप में तरल मोती सा जलधि जब कांपता तैरते घन मृदुल हिम के पुंज से ज्योत्सना के रजत पारावार में कवयित्री और चित्रकर्ती के दुर्लभ संयोग ने महादेवी वर्मा को आधुनिक हिन्दी साहित्य, भारतीय साहित्य तथा विश्व साहित्य के इतिहास में बहुत ऊंचे स्थान का अधिकारी बना दिया है। महादेवी ने चित्रकला की कोई विधिवत् शिक्षा प्राप्त नहीं की थी। बचपन में एक मराठी सज्जन ने उन्हें चित्रकला की प्रारंभिक बातें सीखी दी।

महादेवी वर्मा का जन्म सन् 1907 में 26 मार्च को होली के दिन फरुखाबाद में हुआ था। शायद होली का ही असर था कि उनकी तूलिका हमेशा रंग बिरंगी रही। उनकी कविताओं में विषाद और आंसू की जैसी भी घनघटा है,। बातचीत के दौरान स्वजनों के साथ बहुत खुलकर हंसा करती थीं। और कभी-कभी अपने विनोदी स्वभाव का परिचय देने से न हीं चूकती थीं। महादेवी वर्मा के पिताश्री गोविंद प्रसाद वर्मा कालिजियेट स्कूल, भागलपुर में कई वर्षो तक हेडमास्टर रहे। महादेवी इसीलिये अक्सर भागलपुर आती रहती थी। लगातार कई दिनों तक रुका करती थीं, और कभी कभार उस स्कूल के छात्रों को पढ़ा भी दिया करती थीं। इसलिये कवयित्री के मन में और उनके भाव-जगत में बिहार प्रवास का संस्कार रचा-बसा हुआ था। उनके लिये बिहार घर-नैहर जैसा था।

महादेवी केवल कवयित्री, चित्रकत्री और उत्कृष्ट गद्यलेखिका ही नहीं थीं। वे एक दार्शनिक भी थीं, संस्कृत भाषा-साहित्य की परम विदुषी थी। वक्तृत्व कला में निपुण थी, श्रंखला की कड़ियों को तोड़ने वाली एक विद्रोहिणी नारी थीं। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली अग्रणी महिला थी, शिक्षा शास्त्री थीं।

ख़ास ख़बर

## सुनीता केजरीवाल ने जनता से की भावुक अपील, जारी किया व्हाट्सएप नंबर



**अनीशा चौहान।** राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने( अरविंद केजरीवाल) जो कुछ कोर्ट के सामने बोला उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। पिछले 30 साल से मैं उनके साथ हूं। देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी है। आपने अरविंद केजरीवाल को अपना भाई, अपना बेटा कहा है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई, अपने बेटे का साथ नहीं देंगे?... मैं आपको एक व्हाट्सएप नंबर( 8297324624) दे रही हूं... आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं जिसका नाम है केजरीवाल को आशीर्वाद। इस व्हाट्सएप नंबर पर आप अपने अरविंद को आशीर्वाद भेज सकते हैं... आपका एक-एक मैसेज उन तक पहुंचेगा।

## कांग्रेस की नहीं कम हो रही मुश्किलें, इनकम टैक्स से मिला 1700 करोड़ का नोटिस



**अनीशा चौहान।** लोकसभा चुनाव होने में एक महीने से भी कम का समय बचा है और कांग्रेस की मुश्किलें आए दिन बढ़ते जा रही है। दरअसल, कांग्रेस को इनकम टैक्स विभाग से झटका लगा है। इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का रिकवरी नोटिस भेजा है। ये नोटिस साल 2017-18 से लेकर के साल 2020-21 के लिए भेजा गया है। इस नोटिस में टैक्स के साथ साथ ही जुर्माना और ब्याज भी जोड़ा गया है।

वहीं इससे पहले गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने भी कांग्रेस को राहत देने से इनकार कर दिया था जिसके बाद आईटी विभाग द्वारा ये एक्शन लिया गया। हाईकोर्ट ने कांग्रेस की आयकर विभाग के खिलाफ याचिका खारिज की थी। इससे पहले साल 2014-15 और 2016-17 तक के टैक्स के वसूलने को लेकर भी कांग्रेस ने याचिका दायर की थी उसे भी कोर्ट ने खारिज किया था।

कोर्ट ने आदेश में कहा था कि कांग्रेस ने याचिका का रास्ता तब अपनाया जब टैक्स असेसमेंट की लास्ट डेट नजदीक आ गई है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि प्रथम दृष्टया यह लगता है कि आयकर विभाग ने कॉन्ग्रेस के खिलाफ पक्के सबूत इकट्ठा किए हैं। इसी के साथ ही पुरानी याचिका पर भी कॉन्ग्रेस को कोई राहत नहीं मिली थी। बता दें, इससे पहले आयकर विभाग ने कॉन्ग्रेस के खातों से ?135 करोड़ की रिकवरी की थी। कॉन्ग्रेस से ये रिकवरी 2018-19 के लिए की गई थी।

# द्वारका जिला पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

### पुलिस ने चोरों से चार चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद

**नई दिल्ली/सिमरन मोरया/-** सेक्टर-23 द्वारका जिला पुलिस की पीएस टीम ने दो ऑटो-लिफ्टरों को सेक्टर-22 से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद की है।

द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि सेक्टर-23 द्वारका थाने की पीएस टीम को शिकायतकर्ता ने अपनी बाइक चोरी की सूचना दर्ज कराई। उसकी बाइक पैसिफिक मॉल, सेक्टर-23 के पास से चोरी हुई है। सूचना के मुताबिक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों की एक समर्पित टीम का गठन किया गया, जिसमें एसएचओ सुनील कुमार, एएसआई मंगतू राम, एएसआई करमबीर, एचसी हरी नारायण, एचसी सुखराम, सीटी विकास और सीटी नरेश शामिल थे। सूचना के मुताबिक टीम ने एसओसी दौरा किया और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को छान मारा। क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट की बाइक पर घूम रहे दो अनजान व्यक्तियों का फुटेज की सहायता से पता लगाया और उनको पकड़ने के लिए गुप्त मुखबिरों को भी काम पर लगाया गया। टीम को क्षेत्र में अपराध करने के इरादे से घूम रहे आरोपियों की गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने हर्ष का पीछा किया और उसे रुकने को कहा लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा। तभी टीम ने आरोपी व्यक्ति को समय रहते मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने




पर उसने अपनी पहचान हर्ष उर्फ फौजी बताई। वह कलानौर, जिला रोहतक, हरियाणा का निवासी है। हर्ष ने अपने सहयोगी रोहित का भी खुलासा किया और उसको भी शाहाबाद मोहम्मदपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बाकी तीन चोरी की मोटरसाइकिलों का भी खुलासा किया, जो गांव निगाना के पास झाड़ियों में से बरामद कर ली गई। पुलिस द्वारा मामले को दर्ज किया गया और आगे की कार्यवाही शुरू की गई।

## 'आपकी सेवा करता रहूंगा', वरुण गांधी ने पीलीभीत की जनता को लिखा भावुक पत्र



**मानसी शर्मा।** इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पीलीभीत से वरुण गांधी का टिकट काट दिया है। पार्टी उनके जगह जितिन प्रसाद को पीलीभीत के चुनावी मैदान में उतारा है। कयास लगाए जा रहे थे कि वरुण गांधी निर्दलीय से चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन बुधवार को नामांकन की आखिरी तारीख थी जिसके बाद ये साफ हो गया कि वो निर्दलीय भी नहीं लड़ेंगे। अब वहीं वरुण गांधी ने पीलीभीत की जनता को पत्र लिखा है। इस पत्र को उन्होंने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया है। इस पत्र में उन्होंने लिखा भले ही कोई कीमत चुकानी पड़े मै आपकी सेवा करता रहूंगा। पत्र की शुरुआत उन्होंने भावुक तरीके से की। वरुण गांधी ने लिखा, 'आज जब मैं यह पत्र लिख रहा हूं, तो अनगिनत यादों ने मुझे भावुक कर दिया है। मुझे वो 3 साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है जो अपनी मां की उंगली पकड़कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था, उसे कहां पता था एक दिन यह धरती उसकी कर्मभूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे।' उन्होंने लिखा, 'मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे सालों पीलीभीत की महान जनता की सेवा करने का मौका मिला। महज एक सांसद के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श, सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने आगे लिखा, 'आपका प्रतिनिधि होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और मैंने हमेशा अपनी पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई है।

## आज सारा देश' मंडी में कंगना रनौत ने भरी हुंकार



**अनीशा चौहान/-** बॉलीवुड सेलिब्रिटी कंगना रनौत मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा का टिकट मिलने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंची। इस दौरान उनका गृह विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट के बलद्वाड़ा पहुंचने पर स्थानीय विधायक दिलीप ठाकुर सहित सैंकडों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व कंगना का मंडी जिला के प्रवेश द्वार बनोहा में भी जोरदार हुआ। इसके उपरांत कंगना रनौत रोड-शो के माध्यम से खुली जीप में सवार होकर अपने घर भांबला पहुंची। भाजपा प्रत्याक्षी कंगना रानौत ने रोड-शो के दौरान पहाड़ी अंदाज में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि %तुहां एड़ा नी सोचना की कंगना कोई हीरोइन है, कंगना कोई स्टार है, तुहां एड़ा सोचना अहां री बेटी है अहां री बहन है। उन्होंने कहा कि आज सारा देश उनका भव्य स्वागत होता हुआ देख रहा है। भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने कहा, ÷मुझे सौभाग्य मिला, मेरी प्रसन्नता की कोई सीमा ही नहीं है। अपने घर, अपने लोग, अपने देश वापस आकर कौन खुश नहीं होगा। लेकिन कांग्रेस को ये खुशी नहीं भाई। उन्होंने अपनी कुराजनीति शुरू कर दी। कंगना रनौत ने कहा कि विकास हमारा सबसे अहम मुद्दा है और बीजेपी की जो लीडरशिप है, हमारे लीडर नरेंद्र मोदी हमें जिस तरह से गाइड करेंगे, हम उसमें कोई कमी नही छोड़ेंगे. उन्होंने कहा कि मेरे मंडी की जनता दिखा देगी कि हम लोगों के दिन में क्या है।

## आतंक के एक और अध्याय का हुआ अंत, अब उसके साम्राज्य पर कौन माफिया दावेदार


**अनीशा चौहान।** माफिया मुख्तार अंसारी के अंत के साथ आतंक के एक और अध्याय का अंत हो गया। मुख्तार अंसारी का जन्म तो गाजीपुर में हुआ लेकिन उसने अपनी सियासी कर्मभूमि मऊ में बनाई। मऊ में अपना सिंडिकेट ऐसा खड़ा किया कि उसके नाम से धरती थर्रा जाती थी। 1996 से लगातार 2022 तक वो मऊ सदर से विधायक रहा। अब उसकी मौत के बाद एक सवाल जो सबके मन में गूंज रहा है कि अब मऊ में उसके साम्राज्य और विरासत का क्या होगा?

दरअसल, मुख्तार अंसारी के बाद मऊ में अपराध की दुनिया का सबसे बड़ा नाम उसका दाहिना हाथ रहा शार्प शूटर अनुज कन्नौजिया का है। पूर्वांचल में



मुख्तार के जो भी जुर्म से जुड़े काम होते थे वो अनुज ही देखता था। अनुज नृशन्स हत्या के जाना जाता है। वो मुख्तार का रंगदारी, जमीन और रियल एस्टेट के काम को देखता है। फिलहाल अनुज पुलिस की गिरफ्त से फरार है उस पर लूट, हत्या और रंगदारी के कई मामले दर्ज है। पुलिस ने अनुज पर दो लाख का इनाम भी रखा है। लेकिन अनुज की पत्नी और जीजा भी रंगदारी के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत मऊ जेल में बंद हैं। अनुज कनौजिया के बाद मऊ में जुर्म की दुनिया में रमेश सिंह काका का भी सिक्का बोलता है। वो मुख्तार अंसारी की संपत्ति पर दावा ठोक सकता है। हालांकि रमेश सिंह काका जेल में बंद है। आई आर 212 गैंग का सरगना रमेश सिंह काका का नाम 2013 में वाराणसी जिला जेल के डिप्टी जेलर अनिल त्यागी की हत्या कांड के बाद चर्चाओं में आया था। रमेश सिंह काका ने बीटीसी की ट्रेनिंग लिए अपराध की दुनिया में मास्टरी हासिल की थी। उस पर हत्या, लूट और रंगदारी के चौसठ मुकदमे हैं। वहीं रमेश काका की पत्नी सपा की टिकट पर ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ चुकी हैं। अब ये देखने वाली बात होगी की मऊ में जुर्म के सरगना के अंत के बाद उसकी विरासत पर किसका कब्जा होता है।

## वोटिंग से पहले ही ये 5 नेता जीत जाएंगे चुनाव, इन प्रत्याशियों के आगे विपक्ष ने मान ली है हार



**मानसी शर्मा / -** देश में चुनावी माहौल अपने चरम पर है। राजनीतिक पार्टियां जीत हासिल करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। हर सीट पर मजबूत उम्मीदवार उतारने की कोशिश की जा रही है, लेकिन एक राज्य ऐसा भी है जहां 5 सीटों पर विपक्ष को कोई उम्मीदवार ही नहीं मिला। यह राज्य है अरुणाचल प्रदेश।

दरअसल, अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होने हैं। यहां की जनता 19 अप्रैल को अपना सांसद और विधायक चुनेगी। लेकिन राज्य की 5 सीटों पर वोटिंग से पहले ही पांच नेताओं की जीत होगी। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और चार अन्य भाजपा उम्मीदवारों का निर्विरोध विधायक चुना जाना तय है। बुधवार को पर्चा दाखिल करने का आखिरी दिन था। उनकी विधानसभा सीट से किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। बता दें कि 60 सदस्यीय अरुणाचल विधानसभा और दो लोकसभा सीटों (अरुणाचल पश्चिम और अरुणाचल पूर्व) के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा सीटों के लिए 15 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती 2 जून को होगी, जबकि लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। पेमा खांडू ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, पांच विधानसभा क्षेत्रों में एकल नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। हमें उम्मीद है कि नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन तक कुछ और (सीटें) जुड़ जाएंगी। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि देश का मूड दिखाने में अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे है। किरण रिजिजू ने एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से राज्य में जबरदस्त विकास हुआ है और लोगों का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिला है।

पेमा खांडू के अलावा, जो चार उम्मीदवार जीतेंगे, वे हैं 15 सागाली विधानसभा क्षेत्र से रातू तेची, 20 ताली विधानसभा क्षेत्र से जिक्के ताको, 23 तलिहा विधानसभा क्षेत्र से न्यातो डुकोम और रोइंग विधानसभा क्षेत्र से 43 मुच्चू मीठी।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर गूंजी किलकारी, पत्नी गुरप्रीत ने बेटी को दिया जन्म



**मानसी शर्मा / -** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मानपिता बन गे हैं। ष्टरूभगवंत मान के घर बेटी ने जन्म दिया है। ष्टरू्ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए दी है। पंजाब सिंह ने पोस्ट शेयर करते हे कहा कि भगवान ने हमें यह तोहफा दिया है। फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बता दें, सीएमभगवंत मान पत्नी गुरप्रीत कौर की प्रेग्नेंट होने की खबर दी थी। सीएम मान ने गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने संबोधन में पत्नी गुरप्रीत कौर के प्रेग्नेंट होने की सूचना दी थी। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा था कि, मैं आप सबके सामने एकपर्सनल अनाउंसमेंट करना चाहता हूं कि मेरे घर जल्द ही खुशियां आने वाली हैं। मेरी पत्नी डॉक्टर गुरप्रीत कौर 7 महीने की प्रेग्नेंट हैं। लेकीन आपके यह जानकर हैरानी होगी की हमने यह जानने की कोशिश नहीं मेरे घर बेटा आने वाला है या बेटी और करना भी नहीं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि गुरप्रीत कौर, सीएम भगवंत मान की दूसरी पत्नी हैं। 7 जुलाई 2022 को चंडीगढ़ में दोनों ने शादी रचाई थी। गुरप्रीत कौर हरियाणा के पिहोवा की रहने वाली हैं और वह एक डॉक्टर हैं। सीएम भगवंत मान डॉ. गुरप्रीत कौर से उम्र में 16 साल बड़े हैं।

चेतावनी — मैरीलैंड के गवर्नर ने जहाज के क्रू मेंबर्स को हीरो बताते हुए

## भारतीय क्रू मेंबर्स की सूझबूझ से बची सैकड़ों जान, टक्कर से पहले ही दे दी गई थी चेतावनी

**मानसी शर्मा / -** अमेरिका के मैरीलैंड के बाल्टीमोर शहर में एक कंटेनर शिप से टक्कर के कारण नदी पर बना एक पुल ताश के पत्तों की तरह गिर गया। वहीं अब इस हादसे में लापता 6 लोगों को मृत मान लिया गया है, वहीं मैरीलैंड के गवर्नर ने जहाज के क्रू मेंबर्स को हीरो बताते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। इस जहाज को 22 भारतीय क्रू सदस्य चला रहे थे। आपको बता दें कि,सिंगापुर के झंडे वाला एक कंटेनर जहाज मंगलवार रात बाल्टीमोर शहर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ ही सेकेंड में करीब 3 किलोमीटर लंबा पुल नदी में समा गया। कंटेनर जहाज पर सवार चालक दल के



सभी 22 सदस्य भारतीय थे और सभी सुरक्षित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 300 मीटर लंबा कंटेनर जहाज DALI (IMO 9697428) बाल्टीमोर से कोलंबो जा रहा था। जहाज में खराबी के कारण वह फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज के एक खंभे से टकरा गया। हादसे के दौरान कई गाड़ियां और करीब 20 लोग पटाप्सको नदी में गिर गए। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि टक्कर से पहले चालक दल के सदस्यों ने जहाज में विद्युत समस्या की सूचना दी थी। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने कहा कि जहाज 9 मील प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। टक्कर से पहले जहाज के चालक दल के सदस्यों ने आपात स्थिति की सूचना दी थी। जानकारी मिलते ही अमेरिकी अधिकारियों ने पुल पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी। गवर्नर ने कहा कि हम उन क्रू सदस्यों और अधिकारियों के आभारी हैं जिन्होंने समय रहते आपातकाल की जानकारी दी और अधिकारियों ने इस पर तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने क्रू मेंबर्स की तारीफ करते हुए कहा कि ये लोग हीरो हैं, जिन्होंने रात में कई लोगों की जान बचाई।

## न्यायपालिका पर विशेष ग्ररुप का दबाव

**मानसी शर्मा / -** देश में लोकसभा चुनाव काफी करीब है। चुनाव होने में एक महीने से भी कम का समय बचा है। वहीं चुनाव से पहले वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पिंकी आनंद के साथ देश के 600 से अधिक वकीलों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि एक विशेष ग्ररुप देश में न्यायपालिका को कमजोर करने में जुटा हुआ है। वकीलों ने अपनी चिट्ठी में लिखा इस खास ग्ररुप का काम है अदालती फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव डालना। खास तौर पर ऐसे मामलों जिसमें या तो नेता जुड़े हुए हैं या फिर जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। चिट्ठी में ये भी कहा गया है कि इनकी गतिविधियां जो हैं वो देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने और न्यायित प्रक्रिया में विश्वास के लिए खतरा है। इस चिट्ठी लिखने वालों में हरीश साल्वे, मनन कुमार मिश्रा, आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होल्ला, स्वरूपमा चतुर्वेदी शामिल हैं।

चिट्ठी में ये बात कही गई है कि ये खास ग्ररुप अपने पॉलिटिकल एजेंडे के आधार पर अदालती फैसलों की सराहना या फिर आलोचना करता है। ये ग्ररुप माई वे या हाईवेवाली थ्योरी में विश्वास करता है। इसके साथ ही बेंच फिक्सिंग की थ्योरी भी इन्हीं की गढ़ी हुई है। वकीलों ने आरोप लगाया है कि ये अजीब है कि नेता किसी भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं और फिर अदालत में उनका बचाव करते हैं। ऐसे में अगर अदालत का फैसला उनके मनमाफिक नहीं आता तो वे कोर्ट के भीतर ही या फिर मीडिया के जरिए अदालत की आलोचना करना शुरू कर देते हैं। चिट्ठी में ये बात भी कही गई है

## हुड्डा परअनिल विज ने किया पलटवार, कहा- कांग्रेस की नैया डूब रही है

**मानसी शर्मा / -** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शैलजा और रणदीप सुरजेवाला को लोकसभा चुनाव लड़ने की सलाह दी है। खुद न लड़ने की इच्छा जताई है। इस पर पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि जिस पार्टी में ये कहा जाता था कि मै लड़ूंगा। चुनाव आने पर उसमें कहा जा रहा है कि तू लड़ चुनाव। इससे पता लगता है कि कांग्रेस की नैया डूब रही है और ये नेता कितना भयभीत है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौतपर की गई टिपण्णी को लेकर विज ने कहा कि सुप्रिया श्रीनेत कांग्रेस पार्टी की राष्टीय प्रवक्ता ने भाजपा की मंडी (हिमाचल) से प्रत्याशी कंगना रनौत पर भद्दी टिप्पणी करना कोई नई बात नहीं हैक्योंकि यह तो कांग्रेस की संस्कृति ही है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1998में प्रकाशित अपनी पुस्तक द इनसाइडर के पेज 767पर भी इसी प्रकार जिक्र किया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के एक मंत्री ने एक बयान पर अनिल विज ने कहा कि मोदी-मोदी का नारा लगाने वालों को थप्पड़ मारों, इस पर भड़कते हुए विज ने कहा कि जो आदमी हौसला खो देता है। डूबने लगता है। तब वो इसी तरह से बातें करता है। विज ने कहा कि इनको शर्म आनी चाहिए और कांग्रेस के बड़े नेताओ को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। कांग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बयान पर अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा युवाओं को भटकाना चाहती है। इस पर तंज कसते हुए विज ने कहा कि जिसका अपना भविष्य न बना हो।

खास ख़बर

## छत्तीसगढ़ की गीता सोनी को मिला राष्ट्रीय श्रम सम्मान



**बिलासपुर/ शिव कुमार यादव/-** वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान नोएडा में सामाजिक सुरक्षा पर आयोजित प्रशिक्षण प्रोग्राम में सफलतापूर्वक भागीदारी करने को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय मजदूर संघ की गीता सोनी को राष्ट्रीय श्रम सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस सम्मन के फलस्वरूप गीता सोनी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान नोएडा के डायरेक्टर जनरल डॉ अरविन्द ने यह प्रमाण पत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि जांजगीर निवासी गीता सोनी भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ की छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश प्रभारी हैं। गीता सोनी मजदूरों के उज्वल भविष्य के लिए एक अरसे से सक्रिय हैं।

## 25.82 किलोमीटर लंबी लाइन पर दौड़ेगी गोल्ड वाली मेट्रो



मानसी शर्मा / - दिल्ली मेट्रो पर अभी तक ब्लू लाइन, येलो लाइन और ग्रीन लाइन आदि समेत तमाम लाइन है। लेकिन अब एक लाइन जुड़ने वाली है। जो बेहद खास होने वाली है और इसका नाम गोल्डन लाइन होगा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इसकी घोषणा कर दी है। यह लाइन एयरोसिटी से लेकर तुगलकाबाद को जोड़ेगी। गोल्डन लाइन (लाइन 10) दिल्ली मेट्रो की एक निर्माणाधीन रैपिड ट्रांजिट लाइन है। यह सड़कों पर बढ़ते यातायात, भीड़भाड़ और प्रदूषण से राहत देने के लिए दक्षिणी दिल्ली को सीधे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ेगा। यह टर्मिनल 1-आईजीआई हवाई अड्डे से शुरू होगा, जिसे पहले दिल्ली एयरोसिटी से योजनाबद्ध किया गया था और तुगलकाबाद में समाप्त होगा। यह 16 स्टेशनों के साथ 25.82 किमी (16.04 मील) लंबा होगा, जिनमें चार एलिवेटेड और 12 अंडरग्राउंड स्टेशन होंगे। यह मेट्रो रूट बदरपुर-महरौली रोड से होकर गुजरेगा। दिसंबर 2018 में दिल्ली सरकार द्वारा कार्यान्वयन के लिए योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया। इस बार सिल्वर लाइन की लंबाई बढ़कर 23.6 किमी (14.7 मील) हो गई। मार्च 2019 में भारत सरकार द्वारा निर्माण हेतु योजना स्वीकृत की गई। इस प्रकार चरण और सिल्वर लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण अप्रैल 2019 से शुरू हुआ और तीन साल में पूरा हो गया। निर्माण 2021 से शुरू होना था, लेकिन महामारी के कारण सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण इसमें देरी हुई। इसलिए जून 2022 में एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर और लार्सन एंड टुब्रो द्वारा निर्माण शुरू किया गया था। इसके 2024/25 तक पूरा होने की उम्मीद थी, जिसे जनवरी 2024 से बढ़ाकर अब मार्च 2026 तक कर दिया गया है।


# ड्रग टेस्ट में फेल हुईं ये फार्मा कंपनियां, राजनीतिक दलों को दिए करोड़ों के इलेक्टोरल बॉन्ड

● इन कंपनियों ने करोड़ों रुपयों के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदकर राजनीतिक दलों को दिए हैं।



नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बीते दिनों चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा उपलब्ध कराया है। इस डेटा को चुनाव आयोग की ओर से सार्वजनिक कर दिया गया है। इसके बाद से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा देने का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। जिसमें बड़ी कंपनियों से लेकर ऐसी अनेकों दवा कंपनियो की एक ऐसी लिस्ट सामने आई है। जिनकी दवाईयां टेस्ट में फेल होती रही हैं। कई कंपनियां तो ऐसी भी है जिनपर ईडी के छापे पड़ चुके है लेकिन फिर भी इन कंपनियों ने दवाओं के ड्रग टेस्ट में फेल होने पर करोड़ों रुपयों के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदकर राजनीतिक पार्टियों को चंदे के तौर पर दिए हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े डेटा विश्लेषण के बाद ऐसी बातों का पता चल रहा है। लेकिन अभी तक यह पता नही चल पाया है ड्रग टेस्ट में फेल होने के बाद भी वो दवाऐं बाजार में कैसे बिक रही है। इसे इलेक्टोरल बॉन्ड का करिश्मा ही माना जा रहा है। अगर ऐसा है तो देश के लिए यह परंपरा बड़ी ही घातक सिद्ध होने वाली है। और जहां दवाओं की कीमत कम होनी चाहिए थी वहां दवाईयों के दाम आज आसमान छू रहे है। अब सवाल उठता है कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के बाद सभी कानून विरोधी कामों को मान्यता मिल जाती है। बता दें कि इलेक्टोरल बॉन्ड की शुरुआत 2017 में हुई थी। डेटा से पता चलता है कि करीब 23 फ़ार्मा कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के ज़रिये क़रीब 762 करोड़ रुपये का चंदा राजनीतिक दलों को दिया है। टोरेंट फ़ार्मास्यूटिकल लिमिटेड का रजिस्टर्ड ऑफिस गुजरात के अहमदाबाद में है। कंपनी की ओर से साल 2018 से 2023 के बीच बनाई गई तीन दवाएं ड्रग टेस्ट में फेल हुई हैं। जो दवाएं फेल हुई उनमें डेप्लेट ए 150 जो दिल का दौरान पड़ने पर बचाती है, लोपामाइड और निकोरन आईवी 2 शामिल है। कंपनी की ओर से 7 मई 2019 से 10 जनवरी 2024 के बीच 77.5 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए हैं। साल 2018 से 2023 के बीच सिप्ला लिमिटेड की दवाओं के सात बार ड्रग टेस्ट फेल हुए। सिप्ला लिमिटेड का रजिस्टर्ड दफ्तर मुंबई में है। कंपनी का जो सिपरेमी इंजेक्शन ड्रग टेस्ट में फेल हुआ उसका इस्तेमाल कोविड के इलाज में किया जाता है। इस कंपनी ने 10 जुलाई 2019 और 10 नवम्बर 2022 के बीच 39.2 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे। सन फ़ार्मा लेबोरेटरीज़ लिमिटेड ने 15 अप्रैल 2019 और 8 मई 2019 को कुल 31.5 करोड़ रुपये के बॉन्ड ख़रीदे। वहीं साल 2020 और 2023 के बीच 6 बार इस कंपनी की बनाई गई दवाओं के ड्रग टेस्ट फ़ेल हुए। इन दवाओं में कार्डीवास, लैटोप्रोस्ट आई ड्रॉप्स, और फ़्लेक्सुरा डी शामिल थीं। कंपनी का मुख्यालय मुंबई में है।

## महिला के कपड़े फाड़े..डंडे बरसाए फिर पूरे गांव में घुमाया



**मानसी शर्मा / -** मध्य प्रदेश के इंदौर से इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। जहां दलित समाज की कुछ महिलाओं ने एक महिला को बेरहमी से पीटा। ना सिर्फ पीटा बल्कि महिला के कपड़े भी फाड़ डाले। पीड़िता उन महिलाओं से रहम की गुहार लगाती रह गई लेकिन महिलाओं ने उसकी एक ना सुनी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। फिर कोर्ट में उन्हें पेश करके जेल में भेज दिया गया। ये पूरा मामला गौतमपूरा थाना क्षेत्र के बछोड़ा गांव का बताया जा रहा है। कहा जा रहा है जिन महिलाओं ने उस महिला की पिटाई की वो कांग्रेस नेता संजय सिंह मौर्य की रिश्तेदार हैं। उनमें से एक की सास को पीड़िता किसी काम से बिन बताए मंदसौर ले गई थी। बस इतनी सी बात से नाराज कुछ महिलाएं पीड़िता के घर आ पहुंची। बात करने के दौरान उनकी बहस उस महिला से हो गई। फिर 5से 7महिलाओं ने जमकर पीड़िता की पिटाई कर डाली। उन्होंने सरेआम महिला के कपड़े भी फाड़ दिए। फिर काफी देर तक उसे पीटती रहीं और नग्न हालत में उसे गांव में भी घुमाया। जब महिला की पिटाई हो रही थी तो उस समय काफी संख्या में लोग मौजूद थे। लेकिन किसी ने भी पीड़िता की मदद नहीं की लेकिन सभी उसका वीडियो बनाने में लगे रहे।

जब वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस तक भी जा पहुंचा।

## चीन की चालबाजी के खिलाफ भारत का मास्टर स्ट्रोक, जानें इस सांप-सीढ़ी के खेल में भूटान कैसे निभाएगा अहम रोल



**मानसी शर्मा / -** भारत ने मंगलवार को ग्यालसुंग परियोजना के विकास के लिए भूटान को 5 अरब रुपये की दूसरी किश्त सौंपी। इस प्रोजेक्ट की पहली किस्त 28 जनवरी 2024 को जारी की गई थी। यह किस्त भी पांच अरब रुपये की थी। आपको बता दें कि जनवरी में ही दोनों देशों के बीच इस प्रोजेक्ट पर सहमति बन गई थी। इसके तहत भारत भूटान को 15 अरब रुपये की मदद देगा।

भारत की ओर से बयान में कहा गया कि भूटान के राजा की ऐतिहासिक पहल पर भारत को भूटान के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह युवाओं और कौशल को राष्ट्र-निर्माण प्रयासों के केंद्र में रखता है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसांग कार्यक्रम के लिए 2 अरब रुपये की मदद दी थी। नरेंद्र मोदी ने 22 और 23 मार्च को भूटान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थिम्पू को विकास कार्यों में भारत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने का वादा किया। मोदी के भूटान दौरे से चीन को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि, पिछले कुछ सालों से चीन और भूटान पर धीरे-धीरे दबाव बढ़ाए जा रहा था। भूटान के पूर्व लोटे शेरिंग ने भी चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने के नाम पर जमीन की अदला-बदली की पूरी तैयारी कर ली थी। सामरिक दृष्टि से ये भविष्य में भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। 9 मार्च को अपने अरुणाचल प्रदेश दौरे के ठीक दो हफ्ते बाद मोदी ने भूटान दौरे के जरिए चीन को संदेश दिया है कि भारत चीन की हर चाल को नाकाम करने के लिए तैयार है। भारत और भूटान के बीच रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। भूटान के राजा ने भी मोदी की तारीफ की है। उन्होंने मोदी को ऐसा नेता बताया जिनके कंधों पर बड़ी वैश्विक जिम्मेदारी है। भूटान के राजा ने कहा कि मोदी के असाधारण नेतृत्व में भारत प्रगति कर रहा है और भूटान की प्रगति भी भारत की प्रगति से जुड़ी हुई है।

## द्वारका जिला पुलिस ने अवैध शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली/सिमरन मोरया।** आने वाले लोकसभा चुनाव के चलते क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री अधिक बढ़ रही है। द्वारका जिला पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से बेच रहे तीन शराब तस्करों को सहयोग विहार से गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 850 कार्टर अवैध शराब बरामद हुई। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि थाना बिंदापुर की पीएस टीम को क्षेत्र में बढ़ रही अवैध शराब की बिक्री और खरीदारी की सूचना मिली थी। गैर कानूनी तरीके से शराब बेचना या खरीदना कानूनी अपराध है। ऐसे में सरकार ने शराब तस्करों को रोकने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में टीम का गठन किया हुआ है। इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एसएचओ राजेश मलिक, एएसआई वीरेंद्र, एएसआई अरविंद, एचसी राजू, एचसी योगराज, एचसी मोहित, एचसी नरशी, एचसी अनिल, सीटी मनोज और सीटी राजेश डागर की एक समर्पित टीम बनाई गई और आरोपी व्यक्तियों को पकड़ने के आदेश दिए। टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और वहां पर उपस्थित लोगों से जानकारी एकत्रित करने लगी। दौरा करते समय पुलिस सहयोग विहार, मटियाला पहुंची तो वहां उन्होंने देखा, कुछ लोग शराब की बिक्री कर रहे थे। पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 850 क्वार्टर अवैध शराब बरामद हुई। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पवन और विक्की बताया। उन्होंने अपने एक और साथी सुनील का भी खुलासा किया जिसको उत्तम नगर के इलाके में गिरफ्तार किया गया, छानबीन करने पर उसके पास से 1344 क्वार्टर अवैध शराब और 288 कैन बियर के बरामद हुई। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि पवन पहले से ही 3। और विक्की 1 संगीन मामलों में शामिल रहा है। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस कई आपराधिक मामलों के सुलझने की संभावना बता रही है।

## सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा मौका, असिस्टेंट सर्जन के इतने पदों पर निकली बंपर भर्ती

**मानसी शर्मा / -** एमबीबीएस कर चुके उम्मीदवारों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। बता दें, तमिलनाडु मेडिकल रिक्रूटमेंट बोर्ड ने असिस्टेंट सर्जन पदों पर भर्तियों के लिए आवेदन मांगे हैं। 24 अप्रैल 2024 से इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं,15 मई 2024 अप्लाई करने की लास्ट डेट है। इन पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट mrb.tn.gov.in पर जाकरनिर्धारित डेट से अप्लाई कर सकते हैं। असिस्टेंट सर्जन के कुल 2553 खाली पदों को भरने के लिए भर्ती बोर्ड ने आवेदन मांगे हैं। आप इन पदों पर ऑनलाइन मोड अप्लाई कर सकते हैं। जो भी भी कैंडीडेट इन पदों पर अप्लाई करना चाहते हैं उनके पास MBBS कीडिग्री होनी चाहिए। इसके साथ मद्रास मेडिकल पंजीकरण अधिनियम, 1914 के तहत उम्मीदवारों के पास पंजीकृत चिकित्सक होना चाहिए और कम से कम 12 महीने की अवधि के लिए हाउस सर्जन के रूप में काम किया होना चाहिए। इसके अलावा कैंडीडेट का रजिस्ट्रेशन तमिलनाडु मेडिकल काउंसिल में भी होना जरूरी है।

**आवेदन फीस**

जनरल कैटेगरी के लिए आवेदन फीस 1000 रुपए है। वहीं SC/SCA/ST कैंडीडेट के लिए आवेदन फीस 500 रुपए निर्धारित किया गया है।

इन पदों पर अप्लाई करने के लिएआधिकारिक वेबसाइट mrb.tn.gov.in पर जाएं। उसके बाद होम पेज पर असिस्टेंट सर्जन आवेदन लिंक पर क्लिक करें। अब रजिस्ट्रेशन करें और आवेदन फॉर्म भरें। फॉर्म भरने के बाद शैक्षणिक डाक्यूमेंट अपलोड करें। अंत में शुल्क जमा करें और सबमिट करें।

## अयोध्या में राम लला की पहली होली: कालखण्ड में हम

**अंजना छलोत्रे 'सवि' भोपाल**



अयोध्या में भव्य राम मंदिर में स्थापित होने वाली रामलला की मूर्तियों के इतिहास में कई रहस्य जुड़े हुए हैं. उज्जैन के महाराज विक्रमादित्य के काल से लेकर मुगलकाल तक और फिर आधुनिक काल तक जैसे-जैसे अयोध्या में राम जन्मस्थान पर ध्वंस और निर्माण होते रहे वहाँ रामलला की मूर्तियों का स्वरूप और इतिहास भी बदलता रहा. आपको जानकर हैरानी होगी कि 500 साल बाद अयोध्या में इस बार नई मूर्ति रामलला की चौथी मूर्ति है जो अयोध्या में स्थापित की गई है। अयोध्या स्थित अपने मंदिर में विराजमान होने के बाद रामलला की यह पहली होली है. ऐसे में इनके लिए खास गुलाल तैयार किया गया है. यह गुलाल टेसू और कचनार के फूल से तैयार किया जा रहा है अयोध्या स्थित अपने मंदिर में विराजमान होने के बाद रामलला की यह पहली होली है. ऐसे में इनके लिए खास गुलाल तैयार किया गया है. होली का इतिहास विभिन्न किंवदंतियों और कहानियों के साथ हिंदू पौराणिक कथाओं और परंपरा में गहराई से निहित है। इन सबके बीच, होली से जुड़ी सबसे लोकप्रिय किंवदंतियाँ होलिका और प्रह्लाद की कहानियाँ हैं। होली अलाव या होलिका दहन हिंदू पौराणिक कथाओं से होलिका और प्रह्लाद की कहानी पर आधारित एक उत्सव है। इस उत्सव की शुरुआत बुन्देलखण्ड में झाँसी के एरच से हुई। यह कभी हिरण्यकश्यप की राजधानी हुआ करती थी। होली से जुड़ी एक और लोकप्रिय कहानी भगवान कृष्ण और राधा के बारे में है। होली कृष्ण और राधा के बारे में एक चंचल प्रेम कहानी है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण जो अपने शरारती स्वभाव के लिए प्रसिद्ध थे, उन्होंने अपनी माँ से राधा के सुंदर रंग के विपरीत अपने गहरे रंग के बारे में शिकायत की थी। जवाब में, उनकी मां ने सुझाव दिया की वह राधा के चेहरे को अपने रंग से मेल खाते हुए रंग दें। राधा के चेहरे को रंग से रंगने की यह चंचल क्रिया अंततः रंग और पानी से खेलने की परंपरा बन गई। लोग होली खेलते हैं और अपने प्रियजनों को रंग लगाते हैं जो प्यार, दोस्ती और वसंत के आगमन का प्रतीक है। होली की जड़ें प्राचीन भारतीय रीति-रिवाजों और कृषि पद्धतियों में हैं। यह प्रजनन उत्सव, वसंत के आगमन और नए जीवन के खिलने का जश्न मनाने के लिए भी माना जाता है। होली पर, किसान स्वस्थ फसल के लिए अपने भगवान को समर्पित करते हैं और अपनी भूमि की उर्वरता सुनिश्चित करने के लिए अनुष्ठान करते हैं। रंग और पानी के साथ होली का उत्सव वसंत के रंगीन पुष्पों से सुसज्जित प्रकृति में जीवन के नवीनीकरण का भी प्रतिनिधित्व करता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार कहे या हर कालखंड में होली उत्सव की परम्परा के साथ मनाने के तरीके भी बदलता रहा हैं। प्राचीन मंदिरों में शिल्पकला:-मंदिरों की में मूर्ति और चित्रों में अंकित विभिन्न शैलियों में रंगों का वर्णन दिखाई देता है शोधकर्ताओं द्वारा यह पता किया गया है की 600 ईसा पूर्व से या त्योहार मनाया जा रहा है। विजयनगर की राजधानी हंपी में 16वीं शताब्दी के मंदिर हैं वहां पर भी इस तरह के चित्र उपलब्ध हैं अहमदनगर चित्रों और मेवाड़ के चित्रों में भी होली उत्सव मनाने का चित्रण देखने को मिलता है।

**आर्यो का होलका -** सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेषों में भी होली और दिवाली मनाए जाने की सबूत मिले हैं। प्राचीन काल से ही नई फसल का कुछ भाग पहले देवताओं को अर्पित किया जाता रहा है यह त्यौहार वैदिक काल से ही मनाया जाता रहा है होली के दिन आर्य नवत्रिष्टि यज्ञ करते थे। पहले फसल की आगमन को खुशी का त्यौहार भी माना गया है।

**राक्षसी ढुंढी को जलाया एंव शिव कामदेव को भस्म कर पुनः जीवित -** इस दिन राजा पृथु ने अपने राज्य के बच्चों को बचाने के लिए राक्षसी टूटी को लकड़ी जलाकर आग में भष्म कर दिया था और इसी दिन शिव ने कामदेव को भस्म करने के बाद जीवित किया था। इसीलिए इस पर्व को बसंत महोत्सव या काम महोत्सव भी कहते हैं होली के विभिन्न नाम से मनाए जाने वाले यह त्यौहार प्राचीन काल से अलग-अलग उद्देश्यों के लिए मनाई जाती रहे हैं

## रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद का हुआ निधन



**मानसी शर्मा / -** मंगलवार की रात में रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद का निधन हो गया। स्वामी स्मरणानंद 95 साल के थे। वो साल 2017 में रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे। 29 जनवरी को उन्हें संक्रमण के कारण रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी। उन्हें 3 मार्च को वेंटिलेटर पर रखा गया था। उनके निधन पर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने लिखा, अनगिनत दिलों और दिमागों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी करुणा और बुद्धिमत्ता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पीएम मोदी ने आगे लिखा, वर्षो से मेरा उनके साथ बहुत करीबी रिश्ता रहा है। मुझे 2020 में बेलूर मठ की अपनी यात्रा याद है जब मैंने उनसे बातचीत की थी। कुछ हफ्ते पहले कोलकाता में भी मैंने अस्पताल का दौरा किया था और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। वहीं उनके निधन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी शोक प्रकट किया है। ऋस्स प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा, मुक्तात्मा स्वामीजी की प्रेरक स्मृति को हम नम्रतापूर्वक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि रामकृष्ण मठ का महान कार्य अपने संकल्प व भावधारा के साथ निरंतर बढ़ता रहे। उन्होंने आगे कहा, 'रामकृष्ण मठ और मिशन के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज के ब्रह्मलोक प्राप्ति की वार्ता सुनकर रामकृष्ण मठ के असंख्य श्रद्धालु तथा श्री रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद के अनगिनत अनुयायी अतीव दुख का अनुभव कर रहे हैं। श्रीमत संघगुरु ने सेवा और अध्यात्म के प्रति अपने अनुकरणीय समर्पण के साथ रामकृष्ण मिशन और मठ को उनकी महान और प्रेरक परंपरा में उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया था।'

## वरुण गांधी नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, अपनी मां मेनका गांधी के लिए करेंगे चुनाव प्रचार

**मानसी शर्मा / -** भारतीय जनता पार्टी ने वरुण गांधी को पीलीभीत से इस बार लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह पर जितिन प्रसाद को बीजेपी ने चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं मां मेनका गांधी को भाजपा ने सुल्तानपुर से फिर टिकट दिया है। इसी बीच खबर आ रही है किवरुण गांधी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। बुधवार को उनकी टीम ने इस बारे में जानकारी दी है। इसके साथ उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि वो सुल्तानपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। बता दें, वरुण गांधी ने नामांकन पत्र खरीदा था जिसके बाद से खबर आ रही थी किव्रुछ्क्से बगावत करके पीलीभीत से निर्दलीय लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन टीम ने उनकी बयान जारी कर इन अटकलों पर विराम लगा दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होना चाहिए। हमें बहुत खुशी होगी अगर वो कांग्रेस में आते हैं। वरुण गांधी एक कद्दावर और बेहद काबिल नेता हैं। उन्होंने कहा कि वरुण गांधी का गांधी परिवार से नाता है इस वजह से बीजेपी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। हम चाहते हैं कि अब वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो जाएं। साल 2004 में वरुण गांधी पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद उन्हें पार्टी ने 2009 में पहली बार पीलीभीत से लोकसभा का टिकट दिया था

अंततः टीम द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है

## वंदे भारत स्लीपर- ईगल की तरह होगा डिजाइन



**मानसी शर्मा / -** पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली से चलेगी, ऐसा रेल मंत्रालय सूत्रों द्वारा कहा जा रहा है। स्लीपर ट्रेन का निर्माण क्ष्भ्रस्र् द्वारा किया जा रहा है। जल्द ही ट्रेन का ट्रायल शुरू हो सकता है। इसका डिजाइन भी अन्य वंदे भारत से अलग रखा जा रहा है। रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार इसका डिजाइन ईगल की तरह होगा। बता दें कि भारत की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस इस समय भारतीय रेलवे की शान है। रेल मंत्रालय हर राज्य में ट्रेन चलाने की कोशिश कर रहा है। रेलवे ने चेयर सीट के बाद अब इसके स्लीपर वैरिएंट पर काम शुरू कर दिया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में राजधानी एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस से बेहतर सुविधाएं रेलवे देने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के सामने का डिज़ाइन 'ईगल' जैसा होगा। इसका मतलब है कि इसका आकार सामने की ओर नुकीला होगा। माना जाता है कि ऐसे डिजाइन से घर्षण कम होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अगला हिस्सा एक पक्षी की तरह दिखेगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के कोच बेहद आरामदायक होंगे। अगर इसके रंग की बात करें तो यह पीला, क्रीम और वुडी हो सकता है। यात्रियों को ऊपरी बर्थ तक पहुंचने के लिए चढ़ने के लिए एक सीढ़ी प्रदान की जाएगी। इसमें सेंसर-आधारित प्रकाश व्यवस्था, ऊर्जा कुशल ओवरहेड प्रकाश और आसान आवाजाही के लिए फर्श पर पट्टियों के साथ रात्रि प्रकाश की सुविधा होगी।

## 28 मार्च को अदालत में अरविंद... सुनीता केजरीवाल ने किया बड़ा खुलासा!



मानसी शर्मा / - आबकारी नीति घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कल शाम मैंने अरविंद जी से जेल में मुलाकात की। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस बात पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री पर केस कर दिया, क्या वे दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं?। सुनीत केजरीवाल कहा कि अरविंद जी ने मुझसे कहा इस शराब घोटाले की जांच में श्वष्ठ ने पिछले दो साल में 250 से ज़्यादा छापेमारी की अभी तक किसी भी छापेमारी में पैसा बरामद नहीं हुए। उन्होंने बताया कि अरविंद जी ने कहा है कि इसका खुलासा वे 28 मार्च को अदालत में करेंगे।

खास ख़बर

## कंगना पर पोस्ट को लेकर फंसे एचएस अहीर और सुप्रिया श्रीनेत



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** कंगना रनौत पर आपत्तिजनक पोस्ट के बाद सुप्रिया श्रीनेत मुश्किले कम होती नजर नही आ रही है। बीजेपी नेताओं और कंगना रनौत के पलटवार के बाद अब राष्टीय महिला आयोग ने भी इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए सुप्रिया श्रीनेत की इस हरकत के खिलाफ चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग करेगा। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि वह इस संबंध में निर्वाचन आयोग से संपर्क करेंगी। सुप्रिया श्रीनेत के अलावा गुजरात के किसान कांग्रेस के नेता एच.एस. अहीर ने भी कंगना पर ओछी टिप्पणी की थी। राष्टीय महिला आयोग ने एक्स हैंडल से लिखा कि राष्टीय महिला आयोग सुप्रिया श्रीनेत और एच. एस. अहीर के अपमानजनक आचरण से स्तब्ध है। आहिर ने सोशल मीडिया पर कंगना के बारे में भद्दी और अपमानजनक टिप्पणी की। इस तरह का व्यवहार असहनीय है और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। रेखा शर्मा ने भारत के चुनाव आयुक्त को एक पत्र भेजकर उनके खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की है। आइए सभी महिलाओं के लिए सम्मान और गरिमा बनाए रखें। रेखा शर्मा ने भाजपा के सदस्य तजिंदर बग्गा की ओर से मुद्दा उठाए जाने पर 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि कंगना रनौत आप एक योद्धा और चमकता सितारा हो। असुरक्षित महसूस करने वाले लोग घटिया हरकतें करते हैं। यूं ही चमकती रहिये, मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। तजिंदर बग्गा निर्वाचन आयोग को पत्र लिख रही हूं।

## 12 घंटे स्टेडियम रन और 10 के चैलेंज में बीआरजी ग्रुप के धावको का दबदबा



पंचकुला/हरियाणा/शिव कुमार यादव/- बीते रविवार को पंचकूला में आयोजीत 12 घंटे की स्टेडियम रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप का दबदबा लगातार कायम रहा। इस रन में बादल व प्रवीण ने पहला व दूसरा स्थान हासिल किया। बीआरजी के कोच दीपक छिल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि बादल तेवतिया ने 12 घंटे में 116 किलोमीटर दौड़कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं प्रवीण सांगवान ने 107 किलोमीटर दौड़कर दूसरा स्थान, अनुराग 82 किलोमीटर दौड़कर तीसरे स्थान पर रहे। साथ ही शक्ति राणा और आर्यन डबास ने क्रू मेंबर के रूप में सपोर्ट किया। बादल अब अगले महीने आस्ट्रेलिया 24 घंटे की वर्ल्ड चैंपियनशिप में इंडीया टीम की तरफ से खेलेंगे। वही दिल्ली में होली रन का आयोजन डा. सुनिता गोदारा द्वारा नेहरू पार्क में होली रन कराई गई जिसमें बहादुरगढ रनर्स ग्रुप से गुलाब सिंह ने 40. आयु वर्ग में पहला स्थान, धर्मवीर ने 50. आयु वर्ग में पहला स्थान और राजेश दूसरे स्थान पर

राजपाल ने आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। वही साथ ही बहादुरगढ़ रनर ग्रुप को टीम सपोर्ट के लिए भी सम्मानित किया गया जिसमे समशेर सिंह, आकाश मिश्रा गुलाब सिंह, बह्म प्रकाश, सुनील सिकरी, राजेश रघुवंशी, सुरेन्द्र गुलिया शलभ खरे, राकेश सारण, गौतमेंदु सरकार, मीता सरकार, धर्मवीर ,संदीप, नवीन राणा, रामबीर जी, कृष्णा मूर्ति ने सफलतापूर्वक दौड पूरी की। सभी विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बहादुरगढ़वासियो ने धावकों को और बी आर जी ग्रुप को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और आगे भी ऐसे ही बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की।

# फ्रांस में महिलाओं को मिला अबॉर्शन पर संवैधानिक अधिकार



**पेरिस/शिव कुमार यादव/-** समाज में पुरूष और महिलाओं की बराबरी को लेकर फ्रांस का पैलेस ऑफ वर्साय 4 मार्च को एक ऐतिहासिक घटनाक्रम का गवाह बना। फ्रांस के संविधान में एक नया अनुच्छेद जोड़ा गया और इसी के साथ अब उस देश में अबॉर्शन यानी गर्भपात महिलाओं का संवैधानिक अधिकार बन गया है।

आज दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में अबॉर्शन लीगल है, लेकिन फ्रांस दुनिया का पहला ऐसा देश है, जिसने अबॉर्शन के कानूनी दर्जे से ऊपर उठकर उसे महिलाओं के संवैधानिक अधिकार का दर्जा दिया है। इसे आसान शब्दों में ऐसे समझें कि जैसे भारत का कानून अपने सभी नागरिकों को समता, स्वतंत्रता और शोषण व भेदभाव से रक्षा का बुनियादी संवैधानिक अधिकार देता है, वैसे ही अनचाही प्रेग्नेंसी को खत्म करने का बुनियादी और गारंटीड अधिकार अब फ्रांस की महिलाओं के पास है।

इतिहास के पन्ने पलटकर देखें तो समझ आता है कि यहां तक पहुंचने के लिए महिलाओं ने कितनी लंबी यात्रा तय की है। ज्यादा पुरानी बात तो नहीं। आज से महज 53 साल पहले 5 अप्रैल, 1971 को एक फ्रेंच मैगजीन में एक घोषणापत्र छपा। इस घोषणापत्र में फ्रांस की 343 औरतों के नाम और हस्ताक्षर थे। घोषणापत्र में महिलाओं ने अपने जीवन में कभी-न-कभी गर्भपात कराने की बात स्वीकार की। यह पब्लिक एनाउंसमेंट उस देश में और उस दौर में हो रहा था, जब गर्भपात गैरकानूनी था और उसे करने और कराने की सजा जेल थी। उस मेनिफेस्टो में सिमोन द बोवुआर का नाम भी शामिल था, जिन्होंने 'द सेकेंड सेक्स' जैसी ऐतिहासिक किताब लिखी। वो वक्त ही सेकेंड वेव फेमिनिस्ट मूवमेंट का था। पूरी दुनिया में औरतें अपने बुनियादी अधिकारों, समता और स्वतंत्रता के लिए आवाज बुलंद कर रही थीं और पूरी दुनिया के अधिकांश लेफ्ट लिबरल समूह के मर्दों को इस बात से घोर आपत्ति थी। फ्रांस की लेफ्ट लिबरल वीकली मैगजीन 'शार्ली एब्डो' ने हेडलाइन लगाई, हू गॉट द 343 स्लट्स/बिचेज फ्रॉम द अबॉर्शन मेनिफेस्टो, प्रेग्नेंट (इस मेनिफेस्टो की 343 बदचलन औरतों को प्रेग्नेंट किया किसने?) मर्दों की यह शब्दावली औरतों के इरादे तो पस्त नहीं कर सकी। हां, उन्होंने उस मेनिफेस्टो का नाम जरूर बदलकर रख लिया- 'मेनिफेस्टो ऑफ 343 स्लट्स.' सिर्फ 53 साल में दुनिया ने इतना लंबा सफर तय किया है कि चुपके से छिपकर अबॉर्शन करवाने वाली महिलाओं को जेल में डालने से लेकर हम गर्भपात को उनका संवैधानिक अधिकार घोषित करने तक आ पहुंचे हैं।

इसीलिए तो उस दिन फ्रांस की संसद से लेकर सड़कों तक जश्न का माहौल था।


# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, 5 चीनी नागरिकों की मौत



अनीशा चौहान/- पड़ोसी देश पाकिस्तान में एक बड़ा आत्मघाती हमला सामने आया है। खैबर पख्तूनख्वा के गाला जिले के बेशम कस्बे में चीनी काफिले पर हुए आत्मघाती हमले में कम से कम पांच लोगों के मारे जाने की खबर है। छह्वल मालाकंद के मुताबिक, हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी चीनी बस से टकरा दी। क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली गंडापुर ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से चीनी इंजीनियरों के काफिले को टक्कर मार दी। ये सभी इंजीनियर थे जो इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू जा रहे थे। दासू में उनका डेरा है। वहां बांध निर्माण का काम चल रहा है। गंडापुर ने कहा, हमले में पांच चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर मारे गए। दासू एक प्रमुख बांध का स्थल है और इस क्षेत्र पर पहले भी हमला हो चुका है। 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों सहित 13 लोग मारे गए। खैबर पख्तूनख्वा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिया है। गंडापुर ने कहा, काफिले में शामिल बाकी लोग सुरक्षित हैं।

आपको बता दें कि, ये हमला पाकिस्तानी नौसैनिक एयरबेस पर हमला करने के कुछ घंटों बाद हुआ, जिसमें कम से कम एक अर्धसैनिक सैनिक की मौत हो गई, जबकि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और सभी पांच हमलावरों को मार गिराया। दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में तुरबत अड्डे पर सोमवार को हुआ हमला पिछले सप्ताह में किसी सैन्य सुविधा पर जातीय बलूच लड़ाकों द्वारा किया गया दूसरा हमला था। प्रधान मंत्री शहबाज़ शरीफ़ के कार्यालय से एक बयान में कहा गया, हम एक बड़े नुकसान से बच गए।

# मुंबई पहली बार एशिया की बिलेनियर कैपिटल बनी मुंबई, बीजिंग को पीछे छोड़ा



**मुंबई/शिव कुमार यादव/-** भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई एशिया की अरबपतियों की राजधानी बन गई है। मुंबई ने पहली बार चीन की राजधानी बीजिंग को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है। 603 वर्ग किलोमीटर के एरिया वाले इस शहर में 92 अरबपति रहते हैं, जबकि बीजिंग के 16,000 वर्ग किलोमीटर में 91 अरबपति हैं। 'हुरुन रिसर्च की 2024 ग्लोबल रिच लिस्ट' के मुताबिक, पिछले एक साल में मुंबई में 26 नए लोग बिलेनियर बने हैं, जबकि बीजिंग में इस दौरान 18 लोग इस लिस्ट से बाहर हुए हैं। चीन में 814 बिलेनियर रहते हैं, जबकि भारत में 271 बिलेनियर हैं। मुंबई अब ग्लोबली इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। पहले नंबर पर न्यूयॉर्क हैं, यहां 119 बिलेनियर रहते हैं, जबकि लंदन दूसरे नंबर पर है, यहां 97 लोग अरबपति हैं। बिलेनियर उन लोगों को कहा जाता है जिनके पास 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा (करीब 8,333 करोड़ रुपए) की संपत्ति है। रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई के टोटल 92 लोगों की संपत्ति एक साल में 47 बढ़कर 445 बिलियन डॉलर (37.09 लाख करोड़ रुपए) हो गई है। वहीं, चीन की राजधानी में बिलेनियरों की वेल्थ 28 फीसदी कम होकर 265 बिलियन डॉलर (22.08 लाख करोड़ रुपए) रह गई है।

भारत में अभी 271 बिलेनियर्स हैं, लेकिन दुनिया के टॉप 20 अमीरों में केवल दो भारतीय हैं। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 9.43 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ 11वें नंबर हैं। वहीं, अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी इस लिस्ट में 18वें नबंर पर हैं, इनके पास 6.73 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, 5 चीनी नागरिकों की मौत



**इस्लामाबाद/-** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए एक आत्मघाती हमले में 5 चीनी इंजीनियरों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। पाकिस्तान के मीडिया हाउस जियो न्यूज के मुताबिक हमला मंगलवार को उस वक्त हुआ जब चीन के इंजीनियरों की गाड़ी बेशम शहर से गुजर रही थी। इसी दौरान विस्फोटकों से भरे आतंकियों के वाहन ने इंजीनियरों की गाड़ी में टक्कर मार दी। मरने वाले लोगों में एक महिला इंजीनियर भी शामिल है।

इससे पहले आतंकी देर रात बलूचिस्तान में पाकिस्तान के दूसरे सबसे बड़े नेवल बेस में घुस गए थे। इसमें एक सैनिक की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने 4 आतंकियों को मार गिराया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नौसेना के अड्डे से आतंकियों को निकालने के लिए 8 घंटों तक ऑपरेशन चला। इस दौरान बेस वॉर जोन में बदल गया। सोशल मीडिया पर कई वायरल वीडियो में नेवल बेस पर सेना के हेलिकॉप्टर उड़ते दिखाई दे रहे थे। मरे हुए आतंकियों के पास से बड़ी तादाद में विस्फोटक और हथियार मिले हैं। हमले की जिम्मेदारी बलोच लिबरेशन आर्मी (ठस।) ने ली है। बीएलए ने दावा किया है कि चीन के निवेश के खिलाफ उसके लड़ाके बलूचिस्तान के तुरबत शहर में स्थित नेवल बेस में घुसे। यहां चीन के ड्रोन तैनात थे। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ऑपरेशन के दौरान एक सैनिक की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने देश का बड़ा नुकसान होने से बचाया है।

**बीएलए का 7 दिन में दूसरा हमला**

बलोच लिबरेशन आर्मी की मजीद ब्रिगेड का नेवल बेस पर अटैक इस हफ्ते किया गया दूसरा हमला है। इससे पहले इस संगठन ने 20 मार्च को ग्वादर में मिलिट्री इंटेलिजेंस के हेडक्वार्टर पर हमला किया था। इसमें 2 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे, जबकि सिक्योरिटी फोर्सेस ने 8 आतंकियों को ढेर किया था। बीएलए के ग्वादर में हमले का भी चीन से कनेक्शन है। दरअसल, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत ग्वादर पोर्ट का ज्यादातर मैनेजमेंट चीनी कंपनियों के पास है। जियो न्यूज के मुताबिक पाकिस्तान की सिक्योरिटी फोर्सेस ने 25 मार्च को डेरा इस्माइल खान में भी स्पेशल ऑपरेशन चलाया। इसमें 4 आतंकियों को मार गिराया गया। पाक फौज के मुताबिक ये आतंकी मुल्क में हुए कई हमलों के लिए जिम्मेदार थे। इनके हमलों में कई सुरक्षा कर्मी और आम नागरिक मारे गए थे

## केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि वे शराब घोटाले से ध्यान भटकाना चाहते हैं, वे कहते रहते हैं कि उन्हें (जेल से) आदेश मिल रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ईडी की हिरासत में ड्रामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने एलजी और ईडी निदेशक को लिखित शिकायत दी है कि उन्होंने जो झूठा पत्र पेश किया है, उस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिस तरह से गैंगस्टर और जबरन वसूली करने वाले जेल से गिरोह संचालित करते हैं, वे सीएम कार्यालय को संचालित करना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल जैसा भ्रष्ट व्यक्ति सीएम नहीं बन सकता। उन्हें इस्तीफा देना होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. हर्षवधन ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ऐसे में उन्हें नैतिक रूप से इस्तीफा दे देना चाहिए। यह उनकी अपनी जिम्मेदारी है। बीजेपी सांसद हर्ष वर्धन आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं, इससे पता चलता है कि वह लालची हैं और अपनी असुरक्षा के कारण अपनी कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते हैं।

# 23 मार्च डॉ राम मनोहर लोहिया जयंती पर विशेष-

## ब्रिटिश हुकूमत को खुली चुनौती देने वाले डॉ राम मनोहर लोहिया

सुरेश सिंह बैस शाश्वत



भारतीयों में समाजवाद का प्रचार प्रसार हो सभी एक दूसरे के साथ समता पूर्वक रहें। जिसमें जांत पांत ऊंचनीच धर्म का कोई इस्तक्षेप ना हो ऐसे ÷सर्वजन समभाव÷ वाले एक सूत्रीय जीवन पद्धति वालें भारत का सपना डॉ. राम मनोहर लोहिया ने देखा था। डा. लोहिर्या देश के उन गिने चुने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में से रहे हैं जिन्होने ब्रिटिश हुकूमत के सामने पूरे हठ और अधिकार से निर्भिकता पूर्वक अपनी बातं रखी।

डा. लोहिया का जन्म उत्तर प्रदेश के अकबरपुर करने के शहजादपुर मोहल्ले में 23 मार्च 1908 को हुआ। उन्होंने 1916 में प्राथमिक शिक्षा टंडन पाठशाला अकबरपुर में तथा माध्यमिक शिक्षा विश्वेश्वर नाथ हाई स्कूल अकबरपुर से प्राप्त की। युवावस्था में ही उन्होंने देश की परतंत्रतता में अपने आप को जकड़ा हुआ पाया उन्हें उनकी मन और आत्मा से देश की गुलामी से छुटकारा पाने के लिए प्रेरणा मिलती रही। उसी प्रेरणा से उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। डा. राम मनोहर लोहिया ने ब्रिटिश सरकार की बढ़ती हिंसा और अत्याचार के खिलाफ लार्ड लिनलिथगों को फटकार भरा एक लंबा पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने बेलाग उन्हें उनके काले कारनामों का खुलासा करते हुए चुनौती दी यी कि (जैसा कि लार्ड लिनलिथगो का कहना था कि उन्होंने हजार से भी कम देश भक्तों को मारा है।) सध्चाई वह है कि पचास हजार से अधिक देशभक्तों की आपने जानें ली हैं और कई गुना लोगों को शारीरिक क्षति पहुंची है। मुझे केवल आप दो सप्ताह तक बिना पुलिस हस्तक्षेप के यदि देशभर में घूमने का मौका दें तो आपको ऐसे दस हजार से भी अधिक लोगों के मान - पते दे सकता हूं। बाकी नामों को एकत्रित करना कठिन होगा। शायद यह मेरे देश के आजाद होने पर ही संभव होगा। डा. लोहिया ने अपने पत्र में आगे और लिखा था गत छह महीनों से और देश भर में कई जलियांवाला बाग काण्ड घटित हुये हैं। लेकिन एक परिवर्तन आया है। आपकी व्यवस्था काफी खूनी रही है किन्तु हमारी भीड़ अब घिरी हुई नहीं हैं। निहत्थे आम हिन्दुस्तानियों ने गोलियों का सामना करने में दैहिक साहस का परिचय दिया है और आगे बढ़ते रहे हैं। हम तो लगभग सफल ही हो गये थे। देश के 15 प्रतिशत क्षेत्र में से अधिक आपके प्रशासन को उखाड़ दिया गया था। आपकी सेना ने हमारे स्वतंत्र इलाके को दुबारा जीत लिया क्या ऐसा मानते हैं कि आप ऐसा कर पाते वदि हमारे लोग भी हिंसक हो जाते? आपकी सेना दो स्वाभाविक खेमों में बंट जाती भारतीय और अंग्रेजों में। श्रीमान् लिनलिथयों, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यदि हमने सशस्त्र बगावत की योजना बनाई होती, लोगो से हिंसा अपनाने के लिये कहा होता तो आज गांधी जी स्वतंत्र जनता और उसकी सरकार से आपके प्राणदण्ड को रुकवाने के लिय कोशिश कर रहे होते। देश की गुलामी के दिनों में ब्रिटिश हुकूमत के एक प्रमुख व्यक्ति को खुले आम चुनौती के लिये ललकारता और तो और उसके प्राणदण्ड की सजा भी मुकर्रर कर उसे भेजना बड़े दिल गुर्दे की बात थी। डा. लोहिवा का स्वतंत्र भारत का स्वप्न था फिर उस आजाद भारत में सार्वजनिक एकता अखण्डता स्थापित होने पर ही उनको देर बो स्पान की पूर्णता थी राष्टीय चरित्र के बहुत से निर्माता कर्म, उदारता के गुणों पर ब हुत जोर देते हैं पर ऐसे चरित्र की नींव नहीं डाल पाते जैसा कि लोहिया में सेवाएं किया। देश के ऐसे महान सपूत की भला किसे वाद आती है। डा. लोरिया के जन्म स्थान वाले मूल मकान का है। पता नहीं है अब उनकी जन्मभूषि पर ले देकर उनकी एक आदमकद प्रतिमा है बस! लोहिया के स्वानीव अकुडावियों का कहना है कि वर्षों के कड़े संघद्र के बाद ही 26 अक्टूबर 1919 को वह प्रतिमा शह जादपुर चौक में स्थापित हो पावी थी।

# जल है तो जीवन है, जीवन है तभी तो कल है



पेयजल पृथ्वी पर कितनी अहम चीज है यह निम्न सर्वे से पता चल सकता ह की पूरी पृथ्वी में पीने लायक जल की मात्रा केवल एक परसेंट से कुछ अधिक है। यह अत्यंत ही ज्वलंत मुद्दा है। यह किसी एक देश की नहीं बल्कि वैश्विक दृष्टिकोण से गंभीर मसला है। जब हम जल पर सहयोग करते हैं तो हम एक सकारात्मक प्रभाव पैदा करते हैं। सद्भाव को बढ़ावा देना, समृद्धि पैदा करना और साझा चुनौतियों के प्रति लचीलापन बनाना भी हमारा अहम दायित्व बनता है। हमें इस एहसास के साथ काम करना चाहिए कि जल न केवल जीवनोपयोगी एक संसाधन है। अपितु एक मानव अधिकार भी है। जो हमारे जीवन के हर पहलू में शामिल है। विश्व जल दिवस 2024 का विषय 'शांति के लिए जल' है। इस विश्व जल दिवस पर, हम सभी को पानी के लिए एकजुट होने और शांति के लिए पानी का उपयोग करने, एक अधिक स्थिर और समृद्ध कल की नींव रखने की जरूरत है। पानी शांति पैदा कर सकता है या संघर्ष भड़का सकता है। जब जल दुर्लभ या प्रदूषित होता है, या जब लोग जल तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं, तो तनाव बढ़ सकता है। जल पर सहयोग करके, हम हर किसी की जल की जरूरतों को संतुलित कर सकते हैं और दुनिया को स्थिर करने में मदद कर सकते हैं समृद्धि और शांति जल पर निर्भर है। जैसे-जैसे राष्ट जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवासन और राजनीतिक अशांति का प्रबंधन करते हैं, उन्हें जल सहयोग को अपनी योजनाओं के केंद्र में रखना चाहिए। जल हमें संकट से बाहर निकाल सकता है। हम अंतरराष्टीय स्तर पर संयुक्त राष्ट सम्मेलनों से लेकर स्थानीय स्तर पर कार्रवाई तक पानी के उचित और टिकाऊ उपयोग के लिए एकजुट होकर समुदायों और देशों के बीच सद्भाव को बढ़ावा दे सकते हैं। क्या आप जानते हैं? 2.2 अरब लोग अभी भी सुरक्षित रूप से स्वच्छ पेयजल के बिना रहते हैं, जिनमें 11.5 करोड़ लोग भी शामिल हैं जो सतही जल पीते हैं। दुनिया की लगभग आधी आबादी साल के कम से? कम हिस्से में पानी की गंभीर कमी का सामना कर रही है। पिछले पचास वर्षों में आपदाओं की सूची में पानी से संबंधित आपदाएँ हावी रही हैं। प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित सभी मौतों में से सत्तर प्रतिशत के लिए पेयजल जिम्मेदार हैं। दुनिया के ताजे पानी के प्रवाह में सीमा पार जल का योगदान 60 प्रतिशत है।

और 153 देशों के पास 310 सीमा पार नदी और झील घाटियों में से कम से कम एक प्रतिशत का क्षेत्र है। 468 सीमा पार जलभृत प्रणालियां मौजूद हैं। केवल 24 देशों की रिपोर्ट है कि उनके सभी सीमा पार बेसिन सहयोग व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं।

सम्मेलन

## होली उत्सव पर आरजेएस पीबीएच का होली गीत व कवि सम्मेलन

# 31 मार्च को मतदाता जागरूकता और 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर होगा आरजेएस वेबिनार




**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** राम-जानकी संस्थान पॉजिटिव ब्रॉडकास्टिंग हाउस (आरजेएस पीबीएच) ने 24.03.2024 को होली उत्सव और यूनेस्को विश्व कविता दिवस मनाने के साथ ही शहीदों भगत सिंह, राजगुरु ,सुखदेव और गणेश शंकर विद्यार्थी की शहादत की स्मृति और कवयित्री महादेवी वर्मा की जयंती पर श्रद्धांजलि और कोटि कोटि नमन् किया गया। वहीं श्री सुरजीत सिंह दीदेवर ने होली पर कुछ पंक्तियां सुनाईं और धन्यवाद ज्ञापन भी किया। उन्होंने सभी से रविवार 31 मार्च के मतदाता जागरूकता और 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस वेबिनार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और भविष्य में आरजेएस पीबीएच की -यात्राओं- में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। वेबिनार के प्रारंभ में आरजेएस पीबीएच के संस्थापक व वेबिनार के संचालक उदय कुमार मन्ना ने 6 राज्यों से जुड़े अतिथियों में से एक हिमाचल प्रदेश की सुश्री रितु कपिल को कृष्णलीला व भजन के लिए आमंत्रित किया। तत्पश्चात विशेष अतिथि डॉ. तूलिका सेठ ने आरजेएस पीबीएच के दूर-दूर तक के सकारात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपनी कविताएं और गजल सुनाईं- क्या-क्या मिला के तुमने क्या-क्या पिला दिया है,होली के रंग सबमें, तूने जबसे लगा दिया है।। मुख्य अतिथि बीडीएसएल महिला कॉलेज, जमशेदपुर की प्रिंसिपल डॉ. पुष्कर बाला ने रंगों के त्योहार पर सुंदर पंक्तियां सुनाईं- बन के सतरंगी आई है देखो टोलियां, भर-भर के लाई हैं अबीर वाली झोलियां।

बिहार भोजपुर जिले के रतनाढ़ पंचायत स्थित बेरथ गांव के आरजेएस स्टार भानुप्रताप सिंह ने वेबिनार में होली गीत- बंगला में उड़ता अबीर का आयोजन कराया।हारमोनियम और ढोल आदि के साथ अपने लोकगीत से आरजेएसियंस को आनंदित किया। लोक गायक श्याम बाबू कुशवाहा,सुदेश्वर चंद्रवंशी, रवि यादव हरमुनियम पर श्री लाखन सिंह, नाल पर टैटू राम ढोलक पर अखिलेश सिंह, बेंजू पर उमेश महतो, झाल पर हरिदर्शन ठाकुर, पहलवान सिंह, निर्मल चंद्रवंशी, जितेंद्र माली, टन टन काका उपेंद्र पाल, जितेंद्र दोस्त आदि शामिल हुए। वेबिनार के पूर्व शिक्षा अधिकारी (एमसीडी) और विशेष अतिथि डॉ. विनोद बंसल ने अपनी रचनाएं - तस्वीर बड़ी है या आंख और राम की महिमा सुनाई। काव्य संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे ब्रजभूमि पुत्र डॉ. हरिसिंह पाल, सदस्य, हिन्दी सलाहकार समिति संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने होलिका दहन और रंगों के त्योहार के सार पर जानकारी दी।

**ख़ास ख़बर**

## अब आप मंत्री आतिशी को सताने लगा ईडी जेल जाने का डर

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के एक-एक कर नेता जेल जा रहे है। अब केजरीवाल के बाद आप नेता कैलाश गहलोत को ईडी ने समन भेजा है। वहीं ईडी की जांच में केजरीवाल द्वारा मंत्री आतिशी व सौरभ भारद्वाज का नाम लेने से मंत्री आतिशी को अब जेल जाने का डर सताने लगा है। उन्होने एक प्रेसवार्ता में कहा कि हो सकता है कल को ईडी मुझे भी बुला लें। आतिशी ने कहा कि गिरफ्तारी का लेना देना जांच से नहीं बल्कि बीजेपी से है। साथ ही आतिशी ने इस मामले के गवाहों पर भी सवाल उठाए। दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में आम आदमी पार्टी की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत को शराब घोटाले को लेकर समन भेजा है। जिस पर अब आतिशी ने टिप्पणी की है. आतिशी ने सीधे-सीधे ईडी की जांच को बीजेपी से जोड़ दिया।

आतिशी ने कहा कि जो यह सारा प्रकरण है चाहे वो अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ्तारी हो या फिर संजय सिंह की हो या किसी की भी गिरफतारी हो, उसका जांच से कोई लेना देना नहीं होता, इसका सीधा लेना देना भाजपा से है। यह सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी को गिराने के लिए है, लोकसभा चुनाव गिराने के लिए है। आम आदमी पार्टी का हर नेता हर कार्यकर्त्ता अपने आखिरी सांस तक देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है। ईडी ने अब दिल्ली शराब घोटाले को लेकर परिवाहन मंत्री कैलाश गहलोत को समन भेजा है। उन पर आबकारी नीति का ड्राफ्ट तैयार करने का आरोप है

**गवाहों को लेकर उठाया सवाल**

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी होने पर गवाहों पर सवाल उठाया. आतिशी ने कहा कि मात्र 4 लोगों की गवाही पर मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई. जिसमें पहले है सी अरविंद, दूसरा बयान शरद चंद रेड्डी जिसके बारे में सब जानते है कि उन्होंने 55 करोड़ भाजपा को चंदा दिया। तीसरी गवाही मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी और उनके बेटे राघव मंगुटा. जिन को लेकर आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान देने वाले मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी और उनके सुपुत्र राघव मगुंटा 28 फरवरी को भाजपा के अलायंस पार्टनर टीडीपी में शामिल हुए। फिर मंत्री ने कहा कि मार्च 29 को मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी को भाजपा के अलायंस पार्टनर टीडीपी से लोक सभा का चुनाव लड़ने का टिकट मिलता है। इन गवाहों पर सवाल पूछते हुए आतिशी ने कहा कि शराब कारोबारियों की साउथ लॉबी से शरथ रेड्डी भाजपा को 55 करोड़ का चंदा देता है, मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी को भाजपा का अलायंस पार्टनर टीडीपी टिकट देता है, तो क्या अब ईडी भाजपा को शराब घोटाले की जांच में आरोपी बनाएगी?

## लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, 6 बागी MLA बीजेपी में हुए शामिल

**मानसी शर्मा** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। शनिवार को हिमाचल में कांग्रेस के 6 बागी विधायक और 3 निर्दलीय विधायक को बीजेपी में शामिल हुए। इन सभी विधायकों की ज्वाइनिंग पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने करवाई। 1 जून को इन सभी 6 विधानसभा में चुनाव होना है। बता दें, शुक्रवार कोअयोग्य ठहराए गए तीन इंडिपेंडेंट एमएलए नेविधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। हिमाचल प्रदेश के 6 बागी नेता सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजिंदर राणा, इंदर दत्त लखनपाल, चेतन्य शर्मा और देविंदर कुमार भुट्टो और तीन निर्दलीय विधायक बीजेपी में शामिल हो गए है। सदन में बजट सत्र के दौरान उपस्थित न रहने परइन नेताओं कोस्पीकर ने अयोग्य ठहरा दिया था। चुनाव आयोग ने उनके निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की घोषणा की है। शुक्रवार कोतीन निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के.एल. ठाकुर नेअपना इस्तीफा सौंप दिया। उनकी सीटों पर भी उपचुनाव होने की आशंका जताई जा रही है। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि, हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम में शामिल होंगे और उसके टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पिछले महीने उस समयमुशकिलों में पड़ गई थी जब ने इन 9 विधायकों के समर्थन की वजह से राज्य की एकमात्र सीट के लिए राज्यसभा चुनाव जीत लिया था। हालांकि अपनी सरकार को बचाने के लिए सीएम सुक्खू पूरी कोशिश कर रहे हैं।

## साहस, शौर्य और हास्य से परिपूर्ण काव्य-मंचः मधुरंग-2024





**वाराणसी/शिव कुमार यादव/-** संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ वाराणसी के इंद्रधनुष सभागार के मंच पर होली के उपलक्ष्य में एक बार फिर मधुरंग कवि सम्मेलन हास्य, व्यंग्य और यथार्थ को सहेजता मुखर हो उठा। कविताओं से सजा काव्य मंच वर्तमान के लोकप्रिय एवं बहुचर्चित कवियों के आगमन से खिल उठा। इस विशेष कार्यक्रम में वाराणसी के विशिष्ट गणमान्य जन एवं अभिभावक उपस्थित हुए। संस्था सचिव राहुल सिंह ने सभा में पधारे कवि मण्डल के साथ-साथ सभी विशिष्ट जन का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय के पारंपरिक कुलगीत की प्रस्तुति हुई। इसके पश्चात मनमोहक होली गीत 'खेले मसाने में होली' की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा नयनाभिराम समूह नृत्य प्रस्तुति ने सभागार में होली की जीवंत ऊर्जा को सजीव कर दिया। साहस, शौर्य एवं हास्य से परिपूर्ण इस काव्यमंच का संचालन प्रख्यात कवि डॉ. गजेंद्र सिंह सोलंकी ने अपने विशिष्ट अंदाज में किया। शशिकांत यादव की काव्य प्रस्तुति में जहां शौर्य एवं वीरता का स्वर सुनायी दिया, वहीं डॉ. अनिल चौबे के चुटीले हास्य व्यंग्यों ने खूब वाह-वाही बटोरी। वरिष्ठ कवि डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र की कविताएं साहित्य के अप्रतिम आनंद का स्रोत बनीं। वाराणसी के युवा कवि सूरज मणि जी की कविताओं ने काव्य के क्षितिज पर सूर्य की भाँति ही तेज उकेरा। डॉ. भुवनमोहिनी ने यथा नाम तथा गुण को परिलक्षित करते हुए अपनी कविताओं से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. रामसुधार सिंह जी, विनोद राय, हरेंद्र राय, हरिहर चौबे, संतोष सिंह तथा पवन कुमार सिंह जैसे विशिष्ट जन उपस्थित थे। संस्था की निदेशिका डॉ. वंदना सिंह जी, सह निदेशक आयुष्मान सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने सभा में उपस्थित सभी अभ्यागतों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया एवं होली की हार्दिक शुभकामना प्रदान की।

## शांति और अहिंसा के लिए दौड़े बहादुरगढ रर्नस ग्रुप के धावक



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** विश्व अहिंसा दिवस पर विश्व के 22 देशों व भारत के 100 शहरों में शांति व अहिंसा के लिए अहिंसा रन 2.0 का आयोजन किया गया। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 31 मार्च को अहिंसा रन 2.0 का आयोजन किया गया जिसमें करीब 10 हजार धावकों ने भाग लिया। इस दौड़ को प्रसिद्ध अभिनेता मिलिंद सोनम व अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने लोगों को फिट रहने का संदेश देते हुए सरकार के फिट इंडिया मुहिम की तारीफ की। फिट इडिया अम्बेस्डर दीपक छिल्लर और डा किरण छिल्लर को पेसर व एंजल के रुप मे बुलाया गया। मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने दोनो को मोमटो देकर सम्मानित किया। जीतो दिल्ली चेप्टर ने इसका आयोजन किया। बलविंदर और महक खन्ना ने जीतो टीम के साथ मिलकर इवेंट को मैनेज किया। इस दौड़ में हिस्सा लेकर बहादुरगढ रर्नस ग्रुप ने एक बड़े कॉज शांति और अहिंसा को सपोर्ट किया। इस अहिंसा दौड़ का मक़सद मूल रूप से एक बेहतर दुनिया के लिए जागरूकता पैदा करना, युद्ध, नफरत को रोकना और हमारे परिवेश में शांति और अहिंसा लाने का प्रयास करना था। अहिंसा रन दौड़ में चार श्रेणी मे हुई- 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर। बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों के लिए एक विशेष दौड़ श्रेणी रखी गई।

**बहादुरगढ रर्नस ग्रुप से 80 धावक मैदान मे उतरे**

बी आर जी ग्रुप से प्रवीण सांगवान धर्मवीर, नमित, सुनील सिकरी, सुमित राणा, विहान छिल्लर, नीरज छिल्लर, अरुण विजयरन, सुमित राणा, सनी राणा, राजकपुर मोर, लछ्मन, भोजराज, दीपक, हरिदर्शन, कौशल तरुण, नीरज, मनीष, कपिल, सुनिल तथा महिलाओ में सुषमा सेहरावत, कविता, सपना, प्रिती, दीया ने सफलतापूर्वक दौड कर समाज को शांति और अहिंसा का संदेश दिया और लोगो से अपील की कि कुछ समय खुद के लिए निकलना बहुत जरूरी है।

## ऑफिस के सामने फाइनेंसर का मर्डर, बदमाशों ने 7 गोलियां मारी

**मानसी शर्मा / -** हरियाणा के रोहतक में शुक्रवार को ऑफिस के सामने युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिससे उसे करीब 7 गोलियां लगीं। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रोहतक में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात रोहतक के सुनारिया गांव में हुई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान रविंद्र (27) के रूप में हुई है। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार सुनारिया गांव निवासी रविंद्र हत्या के



केस में जेल में बंद था। वह जमानत पर बाहर आया हुआ था। जेल से आने के बाद उसने गांव में ही फाइनेंस का काम शुरू किया। शुक्रवार दोपहर को रविंद्र दुकान से खाना खाने के लिए आया। जब वह खाना खाकर दुकान लौट रहा था, तभी 2 गाड़ियों में भरकर करीब 6 लोग आए। उन्होंने रविंद्र के घर के सामने ही अपनी गाड़ियां रोकीं और ऑफिस के बाहर खड़े रविंद्र पर गोलियां दागनी शुरू कर दीं। इस दौरान करीब 7 गोलियां रविंद्र को लगीं। इसके बाद रविंद्र जमीन पर गिर गया और बदमाश गाड़ी में बैठकर फरार हो गए।

रविंद्र के परिजनों और आसपास के लोगों ने उसे उठाया और गंभीर हालत में रोहतक लेकर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, यह हत्या पुरानी रंजिश के कारण हुई है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल, हत्या के आरोपियों का पुलिस को कुछ पता नहीं चला है।

## मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद हैं जागरूक मतदाता, युवा समझदारी से करें वोट- दीदेवार




**नई दिल्ली/अनिशा चौहान/-** रविवार 31 मार्च को राम-जानकी संस्थान पॉजिटिव ब्रॉडकास्टिंग हाउस,नई दिल्ली।? (आरजेएस पीबीएच) द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता पर लोक सभा चुनाव 2024: अन्तर्दृष्टि विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता, राष्ट्रीय संयोजक डा.मनीन्द्र जैन सहित संपादक मनोहर मनोज ने मतदाताओं को जागरूक किया और डा. ज्योति तिवारी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। वेबिनार का संयोजन आरजेएस पीबीएच संस्थापक उदय कुमार मन्ना ने किया। वेबीनार में राष्ट्रीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डा. मनीन्द्र जैन ने ओपनिंग रिमार्क्स में कहा कि वोट डालते समय मतदाता राष्ट प्रथम की भावना रखें। सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल दिया ।इसके लिए आरजेएस पीबीएच पॉजिटिव मीडिया के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विशेष अतिथि इंडियन इकोनॉमी के संपादक और लेखक मनोहर मनोज ने चुनाव को धनसत्ता से कैसे दूर करा जाये तथा हिंसा व ध्रुवीकरण से बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने कहा उम्मीदवार का चुनाव करें पार्टी का चुनाव न करें। मुख्य अतिथि भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि अस्सी प्रतिशत मतदान होना चाहिए। नोटा बटन के लागू और इस्तेमाल होने से राजस्थान में पंद्रह प्रत्याशियों में बदलाव हुआ। चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया कि उन्होंने एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इलेक्टोरल बाँड पर भी चर्चा करी कि सभी पार्टियों ने इसका फायदा उठाया, लेकिन जनता का नुक़सान हुआ है। भला हो सुप्रीम कोर्ट का कि इलेक्टोरल बाँड से पर्दा उठाया। श्री विपिन गुप्ता ने भारतीय मतदाता संगठन द्वारा आरजेएस पीबीएच के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक उदय कुमार मन्ना के सकारात्मक कार्यो के मद्देनजर सम्मानित करने का प्रस्ताव किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेजबान दीदेवार जीवन ज्योति के संस्थापक सुरजीत सिंह दीदेवार ने कहा कि युवा जागरूक बनें और समझदारी से वोट दें। मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद हैं जागरूक मतदाता। सात चरणों में होने वाले चुनाव पर कहा कि हकीकत में दो चरणों में ही चुनाव होता है ,वोट लेते समय प्रत्याशी वोटर के चरण छूता है तथा जीतने के बाद पांच साल वोटर, प्रत्याशी के चरण छूता है। सरकार ऐसी चुनें जो जनता को शिक्षा और काम के अवसर दें,भिक्षा न दे। समाज के वेलफेयर का काम करने वाली सरकार चुनें। अतः चेहरा कैसे चुनें इसके लिये मतदाता को धर्म, जाति का भेदभाव किये बिना चुनाव करना होगा। भारतीय मतदाता संगठन के कर्नल विनोद कुमार, असम से विष्णु गोयल, पश्चिम बंगाल से ताराचंद कागजी ने वेबिनार को संबोधित किया। गुड़गांव से कुलदीप राय और पटना से लाल मणि दास ने कविता पाठ किया।

## 'मैं जल्द बाहर आऊंगा...' सुनीता केजरीवाल ने सुनाया मुख्यमंत्री का संदेश



**मानसी शर्मा / -** बीते दिन राउस एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को 6 दिन की ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। इसी बीच उनकी उनकी ने एक वीडियो संदेश जारी कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सदेंश जनता को सुनया है। इस संदेश में सुनीता केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने कहा कि मैं जल्द बाहर आऊंगा और अपना वादा पूरा करूंगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक वीडियो स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा, आपके बेटे और आपके भाई अरविंद केजरीवाल ने जेल से आपके लिए एक संदेश भेजा है। उन्होंने कहा है, मेरे प्यारे देशवासियों मुझे( अरविंद केजरीवाल) कल गिरफ़्तार कर लिया गया, मैं अंदर रूहूं या बाहर हर पल देश की सेवा करता रहूंगा। मेरी जिंदगी का हर पल देश के लिए समर्पित है।

सुनीता केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने कहा कि मेरा जीवन संघर्ष का रहा है इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचंभित नहीं करती। भारत को हमें दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाना है। भारत के अंदर और बाहर कई शक्तियां हैं जो भारत को कंमज़ोर कर रही हैं। हमें इन शक्तियों को हराना है। मैं जल्द बाहर आऊंगा और अपना वादा पूरा करूंगा।


## भूलने की बीमारी को दूर करें योग- अल्का सिंह


### योग एक्सपर्ट ने बताया बार-बार भूलना हो सकता है बिमारी का संकेत

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** अक्सर व्यस्त जीवनशैली के चलते हम कुछ ना कुछ रोजमर्रा की जिंदगी में भूल ही जाते हैं, परंतु जरूरत से ज्यादा इंपॉर्टेंट चीज भी बार-बार भूलना एक बीमारी का संकेत हो सकता है, इसीलिए कम उम्र में ही है भूलने की बीमारी तो हल्के में ना लें, हो जाएं सावधान।

**स्ट्रेस-** शायद आपको मालूम नहीं कि मानसिक अवसाद धीरे-धीरे आपकी ब्रेन मेमोरी को खोखला करता है। ज्यादा स्ट्रेस लेने की वजह से लोग डेमेंशिया और अल्जाइमर के शिकार हो जाते हैं।

**कम नींद आना-** अगर आप भी अनिद्रा (कम नींद लेना) के शिकार हैं तो संभल जाइए, क्योंकि इसका असर आपकी ब्रेन मेमोरी पर पड़ता है। नींद कम आने की वजह से न सिर्फ आपका स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि धीरे-धीरे आपके लिए चीजों को याद रखना मुश्किल हो जाता है। घर में चाबी या जेब में पैसे रखकर भूल जाना कोई आम बात नहीं है। जिस उम्र में लोगों की याद्दाश्त दुरुस्त होनी चाहिए उस उम्र चीजों को भूल जाना गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है। टीनेजर्स में होने वाली इस बीमारी को डेमेंशिया या अल्जाइमर कहा जाता है। आइए जानते हैं आखिर इतनी कम उम्र में इस बीमारी की वजह क्या होती है.? बार-बार भूलने की दिक्कत से न सिर्फ आपको कई मौकों पर शर्मिंदगी उठानी पड़ती है बल्कि यह आपके लिए एल्जाइमर जैसे गंभीर रोग का इशारा





हो सकती है। ऐसे में योग की मदद से आप अपनी याददाश्त तेज कर सकते हैं। हाल में हुए एक अमेरिकी शोध के अनुसार, प्रतिदिन 20 मिनट तक योगासनों का अभ्यास दिमाग के लिए ट्रेडमिल पर घंटों दौड़ने से अधिक फायदेमंद है। आइए जानें याददाश्त बढ़ाने और दिमाग तेज करने वाले कुछ प्रभावी योगासनों के बारे में।

**सर्वांगासन**

प्रतिदिन सर्वांगासन के अभ्यास से दिमाग में रक्त संचार अच्छी तरह रहता है और याददाश्त तेज रहती है।

- इसे करने के लिए पीठ के बल सीधे लेट जाएं। दोनों पैरों को साथ रखें और हाथों को कमर पर रखें।
- सांस अंदर की ओर लेते हुए दोनों पैरों को को पहले 30 डिग्री के कोण तक उठाएं, कुछ सेकंड इस अवस्था में रहने के बाद 60 डिग्री तक उठाएं और फिर 90 डिग्री तक उठाएं।
- अब सांस छोड़ते हुए दोनों पैरों को नीचे ले आएं और कुछ सेकंड शवासन में लेटें।

नोट: कमर और गर्दन में दर्द के मरीज इस आसन को न करें।

**भुजंगासन**

भुजंगासन न सिर्फ याददाश्त तेज रखता है बल्कि कमर दर्द से लेकर साटिका और स्लिप डिस्क जैसे रोगों में लाभदायक है।

- ● इसे करने के लिए पहले पेट के बल सीधे लेट जाएं और दोनों हाथों को कंधों के समानांतर रखें।
- ● अब सांस लेते हुए हाथों के बल शरीर के अग्रभाग को ऊपर की ओर उठाएं और जितना हो सकें उतना खींचें।
- ● 30 सेकंड तक इसी अवस्था में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**नोट:- हार्निया के मरीज इस आसन को न करें।**

**कपालभाति प्राणायाम**

इसे करने से श्वास की गति सामान्य होती है, एकाग्रता बढ़ती है और मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह अच्छी तरह होता है।

- ● इसे करने के लिए पहले सुखासन में बैठ जाएं।

**मामला** | कोर्ट में पहली बार आया आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम

## केजरीवाल को 15 अप्रैल तक भेजा गया जेल

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 15 अप्रैल तक सलाखों के पीछे रहेंगे। सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। केजरीवाल को तिहाड़ जेल की बैरक नंबर 5 में रखा जायेगा। बताया जा रहा है कि जेल नंबर 5 को सैनिटाइज किया गया है। इस केस में आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम भी सामने आया है। ईडी की पूछताछ में केजरीवाल ने बताया कि विजय नायर उन्हें रिपोर्ट नहीं करता था वो आतिशी और सौरभ भारद्वाज को करता था।



शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। केजरीवाल को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल ने डिजिटल डिवाइस के पासवर्ड नहीं दिए। पूछताछ में केजरीवाल गोल मोल जवाब दे रहे हैं। ज्यादातर सवालों का जवाब नहीं दे रहे। ईडी ने ये भी बताया कि पूछताछ में केजरीवाल ने आतिशी और सौरभ भारद्वाज के नामों का भी जिक्र किया है। केजरीवाल ने कहा कि विजय नायर उन्हें रिपोर्ट नहीं करता था वो आतिशी और सौरभ भारद्वाज को करता था। वहीं अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि 11 दिन उनसे पूछताछ हुई।

अदालत ने दोषी नहीं कहा फिर उनको जेल में क्यों डाला? इन लोगों का एक ही मकसद है कि चुनाव में उनको जेल में डालना है। देश की जनता तानाशाही का जवाब देगी। केजरीवाल ने न्यायिक हिरासत में 3 किताबें (भगवद गीता, रामायण और हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड) रखने की अनुमति मांगी है। कोर्ट ने जेल भेजने से पहले केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को केजरीवाल से मिलने की इजाजत दी। इससे पहले कोर्ट ने गुरुवार यानी 28 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री की रिमांड चार दिनों के लिए बढ़ा दी थी।

**कोर्ट में पहली बार आया आतिशी और सौरभ का नाम**

ईडी की तरफ से एएसजी राजू ने कोर्ट में कहा कि विजय नायर अरविंद केजरीवाल के करीबी रहे हैं। केजरीवाल ने पूछताछ में कहा कि विजय नायर उन्हें रिपोर्ट नहीं करता था वो आतिशी और सौरभ भारद्वाज को करता था। आबकारी मामले में आतिशी और सौरभ का नाम पहली बार कोर्ट में लिया गया हालांकि जब आबकारी नीति लाई गई तब दोनों भी मंत्री नहीं थे। केवल विधायक और प्रवक्ता थे।

## गार्डेनर विषय पर कृविके उजवा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**नजफगढ़/शिव कुमार यादव/-** कृषि विज्ञान केंद्र, उजवा, दिल्ली के द्वारा 28 से 30 मार्च तक ''आर.पी.एल. गार्डनर यानी माली'' विषय पर तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय कौशल विकास परिषद् एवं राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद् के तत्वाधान में ''पहले की सीख की मान्यता (आरपीएल) के आधार पर किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों एवं कृषि श्रमिकों को उचित प्रशिक्षण और मान्यता प्रदान करके उनके मौजूदा कौशल को निखारना है, जिससे उनके आय में बढ़ोतरी हो सके, क्योकिं वर्तमान समय में कृषि में कई उच्च कुशल श्रमिक कार्यरत हैं, जिन्हें कुशल कार्यबल नहीं माना जाता क्योंकि उनके पास औपचारिक प्रशिक्षित होने का प्रमाण पत्र का अभाव है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्र के अध्यक्ष डॉ. डी.के. राणा ने सभी का स्वागत करते हुए केंद्र की गतिविधियां के बारे संबोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार की यह अच्छी पहल है, जिसमें कृषि क्षेत्र से संबिंधत ऐसे श्रमिकों की पहचान करके, आवश्यक कौशल और ज्ञान स्तर प्रदान करने एवं प्रमाणीकरण से निश्चित रूप से उनकी ताकत और कौशल क्षमता में वृद्धि होगी, इस क्रम में, कृषि विज्ञान केंद्र, दिल्ली प्रतिभागियों के प्रभावी शिक्षण के लिए प्रशिक्षण रूप रेखा, पाठ्यक्रम सामग्री, प्रायोगिक क्रियाएं एवं विभिन्न वीडियो फिल्म विकसित किया है। डॉ. रितु सिंह, विशेषज्ञ (गृह विज्ञान) ने कौशल विकास प्रशिक्षण से संबंधित अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि निरंतर प्रयास और अभ्यास से ही प्रशिक्षु को कौशल प्राप्त कर सकता है, इसलिए प्रशिक्षण के दौरान अभ्यास करना जरुरी है। केंद्र के बागवानी विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने प्रशिक्षण का संचालक करते हुए प्रशिक्षुकों को गार्डेनर (माली) पाठ्यक्रम के अनुसार सैद्धातिक एवं प्रायोगिक रुप से बागवानी की उच्च तकनीकी से नर्सरी उत्पादन, पौध तैयार करना, नये गार्डनों के निर्माण, ग्रीनहाउस तकनीकी, नए लॉन की स्थापना, नर्सरी की देखरेख एवं प्रबंधन, खाद-पानी एवं कीट बीमारियों के प्रबंध व सुरक्षा एवं बागवानी क्षेत्र के सभी यंत्रों एवं पौधों की पहचान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में केंद्र के प्रसार विशेषज्ञ श्री कैलाश ने बताया कि वर्तमान में परि-नगरीय क्षेत्र में बागवानी एवं माली वर्कर के रोजगार की व्यापक संभावना है।

## एक नजर

### डार्टमाउथ कॉलेज में शुरूआती भाषण देंगे महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर

**कानकॉर्ड (अमेरिका)।** स्विट्जरलैंड के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर जून में डार्टमाउथ कॉलेज के छात्रों को सत्र प्रारंभ होने से पहले शुरूआती भाषण देंगे और इस दौरान उन्हें मानद डॉक्टर की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। द इवी लीग स्कूल ने इसकी जानकारी दी। फेडरर हनोवर में नौ जून को होने वाले इस समारोह में स्नातक छात्रों को संबोधित करेंगे और डॉक्टर ऑफ ह्यूमेन लेटर्स डिग्री की मानद उपाधि भी प्राप्त करेंगे। डार्टमाउथ की अध्यक्ष सियान लिया बेलॉक महान टेनिस खिलाड़ी फेडरर की मुरीद हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि वह उनका स्वागत करने को लेकर रोमांचित हैं। फेडरर ने 2022 में 41 साल की उम्र में खेल से संन्यास ले लिया था और उन्होंने अपने शानदार करियर में 20 ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किए।

### फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी पुलिस और सैन्य मदद मांगी

**पेरिस।** फ्रांस का कहना है कि उसने




46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और दर्शकों के अनुभव तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने में मदद मांगी गई है। मंत्रालय ने कहा, यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मेजबान देशों का एक सामान्य दृष्टिकोण है। इसमें कहा गया है कि फ्रांस ने 2022 में कतर में फुटबॉल विश्व कप में अपने 200 जवानों को भेजा था और पिछले साल फ्रांस द्वारा आयोजित रग्बी विश्व कप की सुरक्षा के लिए यूरोपीय देशों के 160 सुरक्षाबल आए थे। इसके अलावा सेना के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल पियरे गौडिलिएर ने कहा कि फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने अन्य देशों से छोटी संख्या में सैन्य कर्मियों की मांग की है जो खोजी कुत्तों की टीमों सहित खेलों में बहुत विशिष्ट कार्यों में मदद कर सकें। पोलैंड के रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका देश पेरिस खेलों के लिए सैनिक भेजेगा।

# दिमित्रोव ने क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय अल्कराज को हराया

**एजेंसी ■ मियामी गार्डन्स**




आठवें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। दिमित्रोव की यह करीब पांच वर्ष में शीर्ष पांच रैंकिंग के खिलाड़ी पर पहली जीत है। अब वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे जिन्होंने गुरुवार रात को गैर वरीय फैबियन मारोजसान पर 6-3 7-5 से जीत हासिल की। दूसरे वरीय यानिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव से होगा जो पिछले साल के फाइनल का दोहराव होगा जिसमें मेदवेदेव विजेता रहे थे। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलीना रिबाकिना को फिर से तीन सेट से गुजरना पड़ा और अंत में उन्होंने सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका पर 6-4 0-6 7-6(2) से जीत हासिल की। रिबाकिना पिछले साल भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन पेत्रा क्वितोवा से हार गई थी। अब रिबाकिना का सामना गैर वरीय डेनिलय कोलिंस से होगा जिन्होंने 14वें नंबर की एकैटरीना एलेक्यांद्रोवा को 6-3 6-2 से हराया।

> ➡ दिमित्रोव की यह करीब पांच वर्ष में शीर्ष पांच रैंकिंग के खिलाड़ी पर पहली जीत है।

# अनुजा के शतक से मध्य क्षेत्र पर पश्चिम क्षेत्र का पलड़ा भारी

**एजेंसी ■ पुणे**

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अनुजा पाटिल के आक्रामक शतक से पश्चिम क्षेत्र ने यहां महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय (वुमेन इंटरजोनल मल्टी डे) कप के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 111 रन की बढ़त हासिल कर ली। मध्य क्षेत्र के पहली पारी में 245 रन के जवाब में पश्चिम क्षेत्र ने अनुजा की 120 गेंद में 122 रन की पारी के अलावा जेमिमा रोड्रिग्ज (97 गेंद में 69 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 155 रन की साझेदारी से पहली पारी में 356 रन बनाए। मध्य क्षेत्र ने दूसरी पारी में बेहतर शुरुआत करते हुए बिना विकेट खोए 68 रन बना लिए हैं। टीम अब सिर्फ 43 रन से पिछड़ रही है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर पूनम राउत 32 जबकि नुजहत परवीन 35 रन बनाकर खेल रहीं थी। इससे पहले पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 26 रन से की। सुबह के सत्र में टीम को लगातार झटके लगे और उसका स्कोर चार विकेट पर 98 रन हो गया। इसके बाद अनुजा ने आक्रामक बल्लेबाजी करके पारी को संवारा। उन्होंने अपनी पारी में 20 चौके और एक छक्का मारा। जेमिमा ने उनका अच्छा साथ निभाया। शीर्ष क्रम में देविका वैद्य ही टिककर बल्लेबाजी कर पाई। उन्होंने 58 गेंद में 52 रन बनाए। पश्चिम क्षेत्र की कप्तान स्मृति मंधाना ने भी आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52 गेंद में 50 रन बनाए।

**आईपीएल 17** | शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है

# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के लिए आल राउंड प्रयास करने होंगे लखनऊसुपर जायंट्स को

**एजेंसी ■ लखनऊ**



केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊसुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरूआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी। एलएसजी की सफलता आस्ट्रेलियाई आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म पर भी निर्भर होगी जो पिछले साल 408 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। वहीं आल राउंडर सैम करन ने दोनों मैच में बल्ले से अपना कौशल दिखाया है लेकिन वह गेंदबाजी में ऐसा कमाल नहीं कर पाए हैं। उप कप्तान जितेश शर्मा भी टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा।

**आईपीएल टीम :**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

# टखने की चोट के कारण मोंटे कार्लो और म्यूनिख में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे एंडी मरे




**एजेंसी ■ लंदन**

एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जाएगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बाएं टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पाएंगे। उनकी प्रबंधन टीम के बयान के अनुसार, इस समय अभी तक स्पष्ट नहीं है कि एंडी कितने लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे। वह अपनी चिकित्सा टीम के साथ विकल्पों की समीक्षा जारी रखेंगे। इसमें कहा गया, निश्चित रूप से यह एंडी के लिए बहुत ही निराशाजनक खबर है और उन्होंने दोहराया है कि वह जितना जल्दी हो सके कोर्ट पर वापसी करने के इच्छुक हैं। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना

**आईपीएल 17** | छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है।

# चोट के बाद वापसी में तेज गेंदबाज नोर्किया को लय में आने में समय लगेगा: होप्स

**एजेंसी ■ जयपुर**



दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया समय के साथ बेहतर होते जाएंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने गुरुवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्किया की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिए। राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया। नोर्किया सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरु में तीन घरेलू टी20 मैच खेलने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने लगे। लेकिन वह अभी तक अपनी मशहूर यार्कर और हार्ड लेंथ गेंद डालने में विफल रहे हैं। होप्स ने अपनी टीम की हार के बाद कहा, मैं गेंदबाजों के बारे में ज्यादा बुरा नहीं कहूंगा। उन्होंने योजनाओं पर तामील करने की कोशिश की। पहले 10 ओवर अच्छे रहे लेकिन अंतिम पांच ओवर में उन्होंने काफी रन लुटा दिए। उन्होंने कहा, नोर्किया काफी समय से खेल से दूर रहा और काफी समय बाद इस स्तर पर खेल रहा है। लेकिन अगर आप उसका रिकॉर्ड देखो तो वह खेल के अंतिम ओवरों के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। हमें भरोसा है कि वह बेहतर से बेहतर होता रहेगा। होप्स को यह भी लगता है कि गेंदबाजी की तरह टीम की बल्लेबाजी भी अंतिम 10 ओवरों में खराब रही।

## आडवाणी, कोजियर अंतिम 16 में

**मुंबई।** भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप के उप विजेता सौरव कोठारी ने ग्रुप एफ में अनुभवी आलोक कुमार को 889-200 से हराया।

**आईपीएल 17** | जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था।

# यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर रहा: आवेश खान

**एजेंसी ■ जयपुर**




राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह डेथ ओवरों में संभवतः उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। आवेश को गुरुवार रात को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिए। इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिल्स पर 12 रन से जीत हासिल की। लखनऊ सुपर जायंट्स ने ट्रेड करके आवेश को राजस्थान रॉयल्स को दिया है। आवेश आठ वनडे और 20 टी20 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है। पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था। लेकिन जहां तक कार्यान्वयन की बात थी तो उस लिहाज से यह मेरा सर्वश्रेष्ठ ओवर रहा। सभी गेंद एक ही जगह वाइड यार्कर रहीं। उन्होंने कहा कि पिछले चरण की तुलना में इस सत्र में उनकी भूमिका बदल गई है। इस 27 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, लखनऊऔर दिल्ली कैपिटल्स में मैं पावरप्ले में दो ओवर डालता था। यहां मैं पावरप्ले के बाद दो ओवर और डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) में भी गेंदबाजी कर रहा हूं। टीम प्रबंधन और संजू सैमसन ने मुझे अपनी योजना का कार्यान्वयन करने के लिए पूरी आजादी दी है जिससे मुझे मदद मिल रही है। संजू गेंदबाजों के लिहाज से शानदार कप्तान है।

# बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन पुरुष युगल के फाइनल में

**एजेंसी ■ मियामी**



भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-। 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे। बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

**आईसीसी** | मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाए जाने के बाद हो रही हूटिंग पर ध्यान नही दें

# इस पर ध्यान नहीं दें, यह सब अप्रासंगिक है: हार्दिक की आलोचना

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने हार्दिक पंड्या को सलाह दी है कि वह मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाए जाने के बाद हो रही हूटिंग पर ध्यान नहीं दें क्योंकि यह सभी अप्रासंगिक हैं। इस सत्र की शुरुआत से पहले पांच बार के आईपीएल विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी संभालने वाले हार्दिक के कप्तानी कार्यकाल की शुरुआत निराशाजनक रही क्योंकि मुंबई की टीम ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए हैं। दो हार के अलावा गुजरात टाइटंस के पूर्व कप्तान हार्दिक की मुंबई के पहले दो मुकाबलों के आयोजन स्थल अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रशंसकों ने खूब हूटिंग की क्योंकि वे रोहित को कप्तानी से हटाने के तरीके से स्पष्ट रूप से नाखुश थे। केप टाउन में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में अपनी भूमिका के लिए दुनिया भर के प्रशंसकों से दुर्व्यवहार का सामना करने वाले स्मिथ ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, मैं बस इतना कहूंगा कि इस पर ध्यान मत दो, यह सब अप्रासंगिक है। उन्होंने कहा, बाहर कोई नहीं जानता कि आप किस चीज से गुजर रहे हैं। कोई भी (बाहरी व्यक्ति) उस ड्रेसिंग रूम में नहीं है। इंग्लैंड में 2019 एकदिवसीय विश्व कप के दौरान प्रशंसकों ने स्मिथ को धोखेबाज कहा था और उन्होंने कहा कि ए सभी दुर्व्यवहार हार्दिक के लिए हैरानी भरा होगा क्योंकि उन्हें स्वदेश में भारतीय प्रशंसकों से इसका सामना करना पड़ रहा है। गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के बाद 2018 में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान पद से इस्तीफा देने वाले स्मिथ ने कहा, व्यक्तिगत रूप से, मैं इससे परेशान नहीं होता। मुझे परवाह नहीं है। मैं इस पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि यह सब बेकार का शोर है लेकिन निश्चित रूप से खिलाड़ी चीजें सुनते हैं और हर किसी को अपनी भावनाओं का अधिकार है और वे उन पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। स्मिथ ने कहा, तो क्या इसका उन (हार्दिक) पर असर पड़ रहा है? हो सकता है। यह संभव है। उन्होंने शायद जीवन के किसी भी क्षेत्र में पहले ऐसा अनुभव नहीं किया है। मुंबई इंडियंस द्वारा रिलीज किए जाने के बाद हार्दिक ने 2022 में अपने पहले सत्र में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए उसे आईपीएल खिताब दिलाया था। हालांकि वह पिछले नवंबर में दोबारा मुंबई से जुड़ गए और जल्द ही उन्हें रोहित की जगह कप्तान बना दिया गया जो भारतीय कप्तान के प्रशंसकों को पसंद नहीं आया।

> ➡ मुंबई इंडियंस द्वारा रिलीज किए जाने के बाद हार्दिक ने 2022 में अपने पहले सत्र में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए उसे आईपीएल खिताब दिलाया था।

इंस्टाग्राम

## दिशा पाटनी

ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी में ट्रेलर के प्रति उत्साह जताया है।



# अक्षय-टाइगर की फिल्म के ट्रेलर पर दिशा पाटनी ने दी प्रतिक्रिया



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का ट्रेलर आज लॉन्च हो गया है। इसमें दर्शकों के लिए एक्शन का भरपूर डोज रखा गया है, जिसने फिल्म के प्रति उत्सुकता कई गुना बढ़ा दी है। टाइगर और अक्षय के फैंस सोशल मीडिया पर ट्रेलर पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसके अलावा बॉलीवुड सितारों के रिएक्शन भी सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया टाइगर श्रॉफ की एक्स गर्लफ्रेंड दिशा पाटनी के रिएक्शन ने। दिशा पाटनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी में ट्रेलर के प्रति उत्साह जताया है। उन्होंने ट्रेलर के लिंक के साथ फिल्म का पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, स्क्रीन पर आप लोगों को धमाका करते देखने का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में टाइगर और अक्षय कुमार लीड भूमिका निभाते दिखेंगे। बता दें कि एक वक्त पर दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ के अफेयर की चर्चा बी-टाउन में खूब रहीं। फिलहाल दोनों के रास्ते जुदा हो चुके हैं। हालांकि, दिशा और टाइगर, दोनों ने ही कभी अपने रिलेशनशिप या ब्रेकअप की खबरों पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। सार्वजनिक रूप से दोनों ने न कभी अफेयर को स्वीकार किया और न ही ब्रेकअप की पुष्टि की। ब्रेकअप के बाद भी दोनों के बीच दोस्ती कायम है। बड़े मियां छोटे मियां अगले महीने ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम रोल में हैं। इनके अलावा मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और रोनित रॉय भी नजर आएंगे। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 अप्रैल को दस्तक देगी।

बॉलीवुड

# अपनी फिल्मों की ट्रोलिंग से नहीं डरती सारा अली खान



सारा अली खान इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने छह साल के करियर में सारा दर्शकों के दिल में खास जगह बना ली है। दादी शर्मिला टैगोर, पिता सैफ अली खान और मां अमृता के नक्शेकदम पर चलते हुए सारा ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री ने दो सप्ताह में दो अलग-अलग स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर दो बड़ी रिलीज दी हैं। अब अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं। सारा अली खान को मर्डर मुबारक और ऐ वतन मेरे वतन दोनों के लिए उन्हें अच्छी और बुरी दोनों तरह की प्रतिक्रिया मिली हैं। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया भी दो गुटों में बंट गया है। कुछ फिल्म की सराहना कर रहे हैं। वहीं, कुछ सारा को बुरी तरह ट्रोल भी कर रहे हैं। अब सारा ने बताया है कि वह सोशल मीडिया फीडबैक को कैसे संभालती हैं। सारा ने बस इतना कहा, आप अच्छा पढ़ते हैं, आप बुरा पढ़ते हैं। आप अच्छाई को सेलिब्रेट करते हैं और आप बुरी बातों को अपनी यादों में रखते हैं। मैं आलोचनाओं से नहीं डरती। यह कोई बड़ी बात नहीं है। मैं लोगों के शोर से नहीं डरती। मैं हमेशा प्रार्थना करती हूं और आशा करती हूं कि मुझे यह जानने की समझ मिले कि यह आलोचनाएं क्यों हो रही है और मुझे इन ट्रोल्स को फिल्टर करने की जरूरत है। अब मैं मोटी चमड़ी की हो गई हूं।

अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि जब उन्होंने साल 2018 में केदारनाथ के साथ फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश किया तो उनकी शुरुआत इसी तरह हुई, लेकिन बाद में कुछ बदलाव हुए। उन्होंने याद करते हुए कहा, केदारनाथ के दौरान मैं ऐसी ही थी और फिर मैं बदल गई। मेरे अंदर एक आवाज थी, जिससे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैं अब अपने प्रति ईमानदार नहीं हूं, लेकिन मैंने इसे बदला और सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़ी।

ऐ वतन मेरे वतन में इमरान हाशमी, अभय वर्मा, सचिन खेडेकर और स्पर्श श्रीवास्तव मुख्य भूमिका में हैं। यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर रही है। वही, मर्डर मुबारक में करिश्मा कपूर, पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर और टिस्का चोपड़ा भी हैं। यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

पत्रकार
मानसी शर्मा

बॉलीवुड

# 'कर्तम भुगतम' से जबर्दस्त वापसी को तैयार श्रेयस तलपड़े

अभिनेता श्रेयस तलपड़े जल्द ही बड़े पर्दे धमाकेदार वापसी करने जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिक थ्रिलर कर्तम भुगतम में वे अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते नजर आएंगे। यह फिल्म 17 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। काल और लक जैसी फिल्में बना चुके सोहम ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। श्रेयस के अलावा फिल्म में विजय राज, मधु और अक्षा परदासानी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी दिखेंगे। मेकर्स का दावा है कि कर्तम भुगतम एक ऐसी साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जो दर्शकों को



शुरू से अंत तक अपनी सीटों से बांधे रखेगी। ज्योतिष और कर्म के प्राचीन सार्वभौमिक सत्यों को जोड़ते हुए फिल्म यह बताने की कोशिश करेगी कि कैसे हर काम के कुछ निश्चित परिणाम होते हैं, जैसी कि सदियों पुरानी हिंदी कहावत है कि जैसा करोगे, वैसा भरोगे। फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए, निर्देशक सोहम पी. शाह ने कहा, कर्तम भुगतम एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जो कर्म की जटिल कार्यप्रणाली से संबंधित है। हमारी फिल्म ज्योतिष और मानव भाग्य के बीच गहरे संबंध की बात करती है। मुख्य अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा, मेरे लिए कर्तम भुगतम एक सार्वभौमिक सत्य का प्रतीक है कि जो करोगे वही परिणाम के रूप में सामने आएगा। जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी और इसका बेहद इंटरेस्टिंग टाइटल सुना तो मैं तुरंत फिल्म की ओर आकर्षित हो गया। फ़िल्म की कहानी इसके नाम की तरह ही अनोखी और रोचक है। फिल्म का निर्माण गांधार फिल्म्स एंड स्टूडियो प्राइवेट की ओर से किया गया है। इस फिल्म को पूरे भारत में हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।


# नेपोटिज्म पर शाहिद कपूर का कड़ा प्रहार

शाहिद कपूर इस समय बॉलीवुड के मोस्ट डिमांडिंग अभिनेताओं में से एक हैं। उनकी पिछली रिलीज फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को दर्शकों की बेहतरीन समीक्षाएं मिली हैं। इस फिल्म में कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में थीं। जब भी अभिनेता के करियर के बारे में होती है तो लोगों को हमेशा यह लगता है कि अभिनेता के माता-पिता की वजह से उन्हें इंडस्ट्री में एंट्री मिली है, लेकिन शाहिद इन बातों को सिरे से खारिज करते हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता का क्या कहना है। नेहा धूपिया से उनके शो नो फिल्टर नेहा पर बात करते हुए शाहिद कपूर ने कहा कि हर कोई उन्हें पंकज कपूर का बेटा कहता है, लेकिन उन्हें लगता है कि नॉर्मल कलाकारों की तुलना में केवल सुपरस्टार्स ही दर्शकों पर महत्वपूर्ण प्रभाव रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई बीएमडब्ल्यू कार में संघर्ष करना शुरू कर दे और फिर दूसरी बीएमडब्ल्यू खरीदना शुरू करे तो कोई मजा नहीं है। उन्होंने कहा कि सफलता का आनंद लेने के लिए ट्रेनों से यात्रा करने और पैसे के लिए संघर्ष करने का अनुभव करना पड़ता है। अपने करियर की शुरुआत पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, जब आप शैमक के साथ शुरुआत करते हैं, तो आपको अंतिम पंक्ति में रहना होता है। तो भूल जाइए कि आप जाएंगे और आपको एक स्टार के पीछे खड़ा कर दिया जाएगा। आप भी बाकियों की तरह अपने साथी कलाकारों के पीछे रहते हैं। आपको अपने काम से आगे आने का अधिकार लेना होगा और यही मुझे पसंद है। अपने माता-पिता के अलगाव के बारे में बात करते हुए, शाहिद ने स्वीकार किया कि उस दौरान उन्हें खुद पर गर्व हो गया था और वह किसी से कुछ भी नहीं कहना चाहते थे। उन्होंने अपनी पहली फिल्म साइन करने के बाद अपने पिता को इस बारे में बताया था। उन्होंने आगे कहा, दरअसल, मैं भी बाहर से आया हूं, क्योंकि मैं अपनी मां के साथ दिल्ली से बॉम्बे आया था और फिर मैंने संघर्ष किया। मेरे पास कोई चैनल नहीं था। प्रतिभा को उतना अवसर नहीं दिया जा रहा है, जितना मिलना चाहिए और मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं यहां उस काम की वजह से हूं, जो मैंने किया और उस अभिनेता की वजह से जो मैंने बनना सीखा।



बॉलीवुड

# रामायण के लिए यश लेंगे 150 करोड़



केजीएफ एक्शन ड्रामा की सफलता के लिए व्यापक रूप से मशहूर हुए कन्नड़ सुपरस्टार यश, नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी परियोजना रामायण के लिए साइन अप करके बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं। फिल्म में रावण की भूमिका के लिए, यश कथित तौर पर एक बड़ी रकम ले रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो यश फिल्म रामायण के तीनों पार्ट के लिए 150 करोड़ की फीस लेंगे यानी कि हर पार्ट के लिए 50 करोड जो उनकी पिछली क केजीएफ की फीस से बहुत ज्यादा है। नितेश तिवारी ने फिल्म में रणबीर कपूर को भगवान राम और साई पल्लवी को सीता के रूप में कास्ट किया है।

कन्नड़ सुपरस्टार यश, जिन्होंने केजीएफ फ्रेंचाइजी की सफलता से व्यापक प्रसिद्धि पाई है, अब बॉलीवुड में प्रवेश की तलाश में हैं, जिसके लिए उन्होंने नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी परियोजना रामायण पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके लिए वह ?150 करोड़ से अधिक चार्ज कर रहे हैं। यदि बॉलीवुड जगत में चल रही चर्चा पर विश्वास किया जाए, तो तिवारी ने रणबीर कपूर को भगवान राम की भूमिका, साई पल्लवी को सीता और यश को रावण की भूमिका के लिए साइन किया है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अगले साल फरवरी में फ्लोर पर जाएगी। यश के एक करीबी सूत्र के मुताबिक, अभिनेता ने बॉलीवुड में एंट्री पाने के लिए इस प्रोजेक्ट को अपनाने का फैसला किया। सूत्र का कहना है, उन्हें पता है कि उनके पास केजीएफ का तीसरा भाग भी है, लेकिन उन्होंने समय का प्रबंधन करने और उद्योगों के बीच फेरबदल करने का फैसला किया है, और वह इस भूमिका के लिए एक बड़ी रकम ले रहे हैं। सूत्र ने कहा, वह फिल्म के लिए 100 करोड़ से 150 करोड़ के बीच चार्ज कर रहे हैं, जिसमें 100 करोड़ न्यूनतम है, और उच्च सीमा इस बात पर निर्भर करती है कि उन्हें कितने दिनों की शूटिंग करनी है और शेड्यूल में कितना समय देना है। जब केजीएफ 3 की बात आती है, तो फिल्म 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है, जिसकी शूटिंग अगले साल के अंत में शुरू होगी। सूत्र का कहना है उन्होंने समय का प्रबंधन करने का मन बना लिया है। केजीएफ में उनके लुक की तुलना में रामायण में उनका एक अलग लुक होगा। लुक कैसा और कैसा होगा इस पर उन्होंने चर्चा शुरू कर दी है। उन्होंने अपनी काया को सही करने के लिए उस पर काम करना भी शुरू कर दिया है। इस बीच, एक अन्य सूत्र ने उन खबरों को खारिज कर दिया है कि रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए शराब और मांस छोड़ रहे हैं। ये फिल्म के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए सिर्फ अटकलें हैं। फिलहाल रणबीर का ध्यान एनिमल की रिलीज पर है और उसके बाद वह सोचेंगे कि वह रामायण के लिए क्या रुख अपनाना चाहते हैं।




स्वामी प्रकाशक व मुद्रक शिव कुमार तथा संपादक भावना शर्मा ने नाहरगढ़ प्रिंटिंग प्रेस आर जेड 32 कश्मीरी कॉलोनी खैरा विलेज नजफगढ़ नई दिल्ली 110043 से मुद्रित कर कार्यालय सी 1677 टोडरमल कॉलोनी मेन थाना रोड नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित
RNI NO. DELHIN/2009/28409, संपर्क- 9871096636, 9205336006, Email:Nazafgarhmetronews@gmail.com / समाचार पत्र सामग्री या विज्ञापन से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे